# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

www.lagatar.in | गुरुवार 28 मार्च 2024 ● चैत्र कृष्ण पक्ष 03 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 338 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 37.3 | 22.2 |
| जमशेदपुर | 38.6 | 21.0 |
| डालटनगंज | 38.8 | 18.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * *




## देश बेरोजगारी के 'टाइम बम' पर बैठा है: कांग्रेस

भाषा। नयी दिल्ली

कांग्रेस ने अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन और इंस्टीट्यूट फॉर ह्यूमन डेवलपमेंट (आईएचडी) की भारत में रोजगार की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट को लेकर बुधवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि देश बेरोजगारी के 'टाइम बम' पर बैठा है और युवा यह समझ चुके हैं कि मोदी सरकार रोजगार नहीं दे सकती. पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा व जयराम रमेश और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने इस रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए यह भी कहा कि कांग्रेस के पास रोजगार को लेकर ठोस योजना है. खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, हमारे युवा मोदी सरकार की दयनीय उदासीनता का खामियाजा भुगत रहे हैं, क्योंकि लगातार बढ़ती बेरोजगारी ने उनका भविष्य बर्बाद कर दिया है. उनके मुताबिक, आईएलओ और आईएचडी की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में बेरोजगारी की समस्या गंभीर है. उन्होंने दावा किया, हम बेरोजगारी के 'टाइम बम' पर बैठे हैं, लेकिन मोदी सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार यह कहकर प्रिय नेता का बचाव करते हैं कि सरकार बेरोजगारी जैसी सभी सामाजिक, आर्थिक समस्याओं का समाधान नहीं कर सकती. खरगे ने दावा किया, मोदी जी ने 10 साल में 20 करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन युवाओं से 12 करोड़ से ज्यादा नौकरियां छीन लीं. कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, भारत के कुल कार्यबल में जितने बेरोजगार हैं, उनमें 83 प्रतिशत युवा हैं.

### युवाओं से 12 करोड़ से ज्यादा नौकरियां छीन लीं



- 2012 की तुलना में मोदी सरकार में युवा बेरोजगारी तीन गुना हो गई
- कांग्रेस पार्टी इस बार 'युवा न्याय' लेकर आई है

चुनावी समर 2024

## गरीबों से लूटा गया धन उनको लौटाएंगे : मोदी

एजेंसी। नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि पश्चिम बंगाल में गरीबों से लूटा गया और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कुर्क किया गया धन उन्हें वापस मिले. भाजपा नेताओं ने बताया कि पीएम मोदी ने बुधवार को कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा के खिलाफ भाजपा उम्मीदवार और पूर्ववर्ती राजघराने की सदस्य अमृता रॉय के साथ टेलीफोन पर बातचीत में यह बात कही. भाजपा के एक नेता ने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी ने राजमाता अमृता रॉय से कहा कि भ्रष्टाचारियों ने आम जनता का पैसा लूटा है और ईडी ने उन भ्रष्टाचारियों से जो भी संपत्ति और धन जब्त किया है, उसे गरीब जनता को वापस दिया जाये. यह सुनिश्चित करने के लिए वह कानूनी विकल्प तलाश रहे हैं. भाजपा नेताओं ने कहा कि मोदी ने कहा कि एक तरफ भाजपा देश से भ्रष्टाचार को उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध है तो दूसरी तरफ सारे भ्रष्ट एक दूसरे को बचाने के लिए एक साथ आ गये हैं.

उन्होंने विश्वास जताया कि पश्चिम बंगाल में जनता परिवर्तन के लिए मतदान करेगी. राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस नेताओं का कथित भ्रष्टाचार भाजपा के मुख्य मुद्दों में से एक है. पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी सहित कुछ नेताओं की गिरफ्तारी और बड़ी मात्रा में धन और अन्य संपत्ति की बरामदगी को लेकर भाजपा पिछले कुछ समय से तृणमूल कांग्रेस सरकार पर हमलावर रही है. भाजपा ने 2019 में राज्य की 42 लोकसभा सीटों में से 18 पर जीत हासिल की थी. इस बार वह इससे बेहतर प्रदर्शन की कोशिश कर रही है.

### काले धन पर पीएम नरेंद्र मोदी ने निशाना साधा



- भ्रष्टाचारियों ने आम जनता के विकास का पैसा लूटा है
- सारे भ्रष्टाचारी एक-दूसरे को बचाने के लिए एक साथ आ गए हैं

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 62500 |
| चांदी (किलो) | 78000 |

## ब्रीफ खबरें

### ईडी ने महुआ, कारोबारी दर्शन को तलब किया

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा) उल्लंघन मामले में पूछताछ के लिए तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा और कारोबारी दर्शन हीरानंदानी को नया समन जारी कर 28 मार्च को तलब किया है. आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी. तृणमूल नेता को इससे पहले भी केंद्रीय एजेंसी ने पूछताछ के लिए बुलाया था. मोइत्रा को 'रिश्वत लेकर सवाल पूछने' के मामले में दिसंबर में लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था.

### जालंधर से आप सांसद व विधायक भाजपा में

**नयी दिल्ली।** पंजाब के जालंधर से आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद सुशील कुमार रिंकू और जालंधर पश्चिम के विधायक शीतल अंगुराल बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए. पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, पार्टी महासचिव विनोद तावड़े और पार्टी की पंजाब इकाई के अध्यक्ष सुनील जाखड़ की मौजूदगी में दोनों नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की.

### केरल के सीएम की बेटी पर ईडी ने केस दर्ज किया

**कोच्चि।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की बेटी वीणा विजयन, उनके स्वामित्व वाली आईटी कंपनी और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ धन शोधन का मामला दर्ज किया है. यह मामला एक निजी खनिज फर्म द्वारा वीणा और उनकी कंपनी को किए गए कथित अवैध भुगतान से संबंधित है. आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी. सूत्रों ने बताया कि एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया है और इसमें शामिल लोगों को तलब किए जाने की संभावना है.

### छत्तीसगढ़ के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और नितिन गडकरी समेत 40 नेताओं को शामिल किया गया है. भाजपा की छत्तीसगढ़ इकाई ने स्टार प्रचारकों की सूची साझा की है, जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व शर्मा और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम भी शामिल हैं.

### आईपीएल-17

**आज का मैच**

राजस्थान रॉयल्स बनाम दिल्ली कैपिटल, स्थान : जयपुर, समय : 7:30 बजे से

राज्य बैंकर्स समिति ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के आंकड़े जारी किए

## सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग में वृद्धि दर में 18% उछाल

**उद्योगों का विस्तार**

रवि भारती। रांची

झारखंड में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों का विस्तार हुआ है. इस सेक्टर में वार्षिक वृद्धि (वित्तीय वर्ष 2023-24) दर 18 फीसदी दर्ज की गई है. राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के आंकड़ों के अनुसार, इस सेक्टर में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 40 फीसदी तक राशि लगाई गई है. वहीं कृषि क्षेत्र में वार्षिक वृद्धि दर 17 फीसदी आंकी गई है. इस क्षेत्र में 13 % राशि लगाई गई है.

### गैर प्राथमिक क्षेत्र में 14 प्रतिशत की वृद्धि



प्राथमिक क्षेत्र में वार्षिक वृद्धि दर 15 प्रतिशत रही है. इस क्षेत्र के विकास के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में 55 प्रतिशत राशि लगाई गई है. वहीं गैर प्राथमिक क्षेत्र में वार्षिक वृद्धि दर 14 प्रतिशत रही है. वहीं अन्य प्राथमिक क्षेत्र में वार्षिक वृद्धि दर सिर्फ चार प्रतिशत रही . अब तक कृषि क्षेत्र में 6,824 करोड़ रुपये, एमएसएमई में 21,662 करोड़, अन्य प्राथमिक क्षेत्र में 1,272 करोड़, प्राथमिक क्षेत्र में 29758 करोड़ और गैर प्राथमिक क्षेत्र में 24,614 करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं.

### कारगर साबित हो रही है इंडस्ट्रियल पॉलिसी


झारखंड की इंडस्ट्रियल पॉलिसी एमएसएमई के लिए कारगर साबित हो रही है.अब तक प्रोत्साहन राशि के रूप में लगभग 180 करोड़ रुपये दिये जा चुके हैं. उद्योग विभाग ने झारखंड इंडस्ट्रियल इंवेस्टमेंट एंड प्रमोशन पॉलिसी के तहत कांप्रेहेंसिव प्रोजेक्ट इंवेस्टमेंट सब्सिडी भी दे रही है.

**» कृषि में 17 प्रतिशत ही वार्षिक वृद्धि दर**

**» प्राथमिक क्षेत्र में भी 15 % का उछाल**



### साल दर साल किस क्षेत्र में कितनी प्रतिशत राशि खर्च




### उद्योग विभाग से 120 प्रस्तावों को मिल चुकी है मंजूरी

झारखंड में उद्योगों का दायरा लगातार बढ़ रहा है. वर्तमान में उद्योग विभाग ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में उद्योगों की स्थापना के लिए 120 प्रस्तावों को मंजूरी दी है. इनमें से 2500 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश होने की संभावना है. वहीं प्रदेश में इस वित्तीय वर्ष में विभिन्न उत्पादों की 60 फैक्ट्रियां लग चुकी हैं, जिनमें 1825 करोड़ रुपये का निवेश किया जा चुका है. झारखंड में स्टील प्रोसेसिंग की तीन यूनिट और सीमेंट की तीन फैक्ट्रियां लगाई जाएंगी. इथनॉल की भी एक फैक्ट्री लगाई जाएगी. झारखंड में उर्वरक की भी दो फैक्ट्री लगाई जाएगी. पेपर इंडस्ट्रीज की तीन यूनिट भी स्थापित की जाएंगी. फेब्रिकेशन की 13 इंडस्ट्रीज स्थापित की जाएंगी, फूड सेक्टर में 31 फैक्ट्रियां लगेंगी, फीड सेक्टर में छह इंडस्ट्रीज स्थापित की जाएंगी.

**लोकसभा चुनाव :** सीईसी की बैठक में प्रत्याशियों के नाम पर मंथन

## घोषणा को लेकर अभी और विलंब



**चुनावी मंथन**

- राज्य व देशहित में जनता की आवाज सुनकर ही कोई फैसला लेना चाहिए

विशेष संवाददाता। रांची

कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक बुधवार को देर शाम दिल्ली में संपन्न हो गयी. इसमें विभिन्न राज्यों के समेत झारखंड की सीट को लेकर भी प्रत्याशियों पर मंथन हुआ. बैठक के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के बयान से यह स्पष्ट हो गया है कि अभी घोषणा नहीं होगी और एक से दिनों की देरी हो सकती है. उन्होंने कहा कि प्रत्याशियों पर चर्चा हुई. हम बहुत जल्द अपने गठबंधन दलों के साथ चर्चा और विर्मश के बाद सीट और प्रत्याशियों की घोषणा चरणबद्ध तरीके से करेंगे. क्योंकि झारखंड में चुनाव चौथे चरण से शुरू हो रहा है. इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, केंद्रीय संसदीय बोर्ड चेयरपर्सन सोनिया गांधी,महासचिव (संगठन) केसी वेणु गोपाल, झारखंड के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, राजेश ठाकुर , आलम गीर आलम उपस्थित थे.

**झामुमो ने कांग्रेस को दी सलाह**

## सीट नहीं जीत की गारंटी होनी चाहिए

विशेष संवाददाता। रांची

लोहरदगा सीट अब इंडिया गठबंधन के दो दल कांग्रेस और झामुमो के बीच तल्खी बनी हुई है. दोनों ही दल लोहरदगा सीट पर अपने-अपने हिसाब से दावा कर रहे हैं. बुधवार को झामुमो ने कांग्रेस को दो टूक सुझाव देते हुए कहा कि सीट नहीं जीत की गारंटी होनी चाहिए. झामुमो ने झारखंड में हमेशा से ही बड़ा दल होने के नाते बड़ा दिल दिखाया है. राजद का एक विधायक जीतने के बाद भी हमने मंत्री बनाया. ये बातें झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी कार्यालय में मीडिया से अनौपचारिक बातचीत के दौरान कही.



**तकनीकी रूप से सीट बंटवारा नहीं हुआ है :** उन्होंने कहा कि अभी तकनीकी रूप से इंडिया गठबंधन में सीटों का बंटवारा पूरी तरह नहीं हुआ है. 7:5:1:1 का फॉर्मूला कौन चला रहा है, यह पता नहीं है. ऐसा नहीं होता है. मिलकर बातें होती हैं. एक-एक सीट पर बात होनी चाहिए.

### ग्राउंड रियलिटी को देखते हुए फैसला होना चाहिए

श्री भट्टाचार्य ने कहा कि सीटों का बंटवारा व प्रत्याशियों पर गठबंधन में फैसला ग्राउंड रियलिटी को देखकर होनी चाहिए. इन भावनों से गठबंधन दलों को अवगत कराया दिया गया है. लोहरदगा के मामले में उन्होंने कहा कि लोहरदगा में झामुमो के ज्यादा विधायक है. तीन हमारे हैं दो कांग्रेस के हैं. गुमला का संपूर्ण जिले के निर्वाचित प्रतिनिधि हमारे पास हैं. वहां झामुमो सहयोगी दलों से ज्यादा मजबूत है. उन्होंने कहा कि कोई भी फैसला लें तो यह नहीं होना चाहिए कि महागठबंधन में व्यवधान पैदा करें. कांग्रेस खूंटी और लोहरदगा पर दावा कर रहा है. जबकि खूंटी को भी ले, तो तमाड़ व खरसावां में हमारे विधायक हैं.

## सुप्रिया और दिलीप को ईसी का नोटिस

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत और भाजपा सांसद दिलीप घोष को नोटिस जारी किया है. चुनाव आयोग ने बुधवार को दिलीप घोष को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर आपत्तिजनक और सुप्रिया श्रीनेत को भाजपा की लोकसभा उम्मीदवार कंगना रणौत के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है. ईसी ने कहा कि उनकी टिप्पणियां अशोभनीय थीं. प्रथम दृष्टया, दोनों टिप्पणियां आदर्श आचार संहिता और चुनाव प्रचार के दौरान राजनीतिक दलों को गरिमा बनाए रखने की सलाह का उल्लंघन थीं. दोनों को 29 मार्च शाम तक नोटिस का जवाब देने को कहा गया है.

## नामांकन के आखिरी दिन सपा में रहा संशय

**रामपुर/मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश की रामपुर और मुरादाबाद लोकसभा सीटों पर समाजवादी पार्टी (सपा) के अधिकृत उम्मीदवार को लेकर बुधवार को दिनभर भ्रम की स्थिति बनी रही. हालांकि पार्टी नेतृत्व ने बाद में मुरादाबाद से मौजूदा सांसद एस टी हसन का टिकट काटकर रुचि वीरा को और रामपुर से मुहिबउल्ला नदवी को अपना उम्मीदवार घोषित किया. नामांकन के आखिरी दिन रामपुर सीट से दो उम्मीदवारों और मुरादाबाद से रुचि वीरा ने सपा के दूसरे उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल किया. इस तरह दोनों ही सीटों पर खुद को सपा प्रत्याशी बताकर दो-दो उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल करने से दिनभर उहापोह की स्थिति रही.

सुनीता ने दिया अरविंद केजरीवाल का संदेश , कहा

## आज कोर्ट में करेंगे बड़ा खुलासा

एजेंसी। नयी दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का दिल्ली और देशवासियों के लिए संदेश लेकर उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल बुधवार को एक बार फिर सामने आईं. अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि वह 28 मार्च को अदालत में सब कुछ बताएंगे. वह बताएंगे कि शराब घोटाले का पैसा कहां है, वह सबूत भी देंगे.

सुनीता ने बताया कि कैसे ईडी की कस्टडी में होने के बावजूद सीएम केजरीवाल दिल्लीवासियों के लिए फिक्रमंद हैं. सुनीता केजरीवाल ने कहा कि सीएम ने संदेश भेजा है कि मेरा शरीर जेल में है, लेकिन आत्मा आप सबके बीच है. आंखें बंद करो, मुझे अपने आस-पास महसूस करोगे.

### हमारे घर से सिर्फ 73 हजार रुपये मिले



*सुनीता केजरीवाल ने आगे कहा–मैं कल जेल में उनसे मिली, उन्हें डायबिटीज है और शुगर लेवल बिगड़ा हुआ है लेकिन वह जमे हुए हैं अपने संकल्प के साथ. सुनीता केजरीवाल ने कहा कि ईडी को हमारे घर से सिर्फ 73 हजार रुपये मिल सके हैं.*

### सीएम केजरीवाल को हाईकोर्ट से राहत नहीं

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के कथित शराब घोटाला केस को लेकर जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बुधवार को भी राहत नहीं मिली. दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल को अंतरिम रिहाई की मांग वाली याचिका पर फौरन आदेश से मना कर दिया. अदालत ने कहा कि बिना विस्तार से सुनवाई के आदेश नहीं दिया जा सकता है. ईडी का जवाब देखना भी जरूरी है. अदालत ने इस दौरान यह भी कहा कि दिल्ली सीएम से हिरासत में पूछताछ के दौरान क्या ईडी को कोई अतिरिक्त जानकारी या फिर सबूत मिले हैं? केजरीवाल की रिहाई पर कोई आदेश देते समय यह भी देखना जरूरी होगा. हाईकोर्ट ने इसके अलावा ईडी को नोटिस जारी किया और जवाब के लिए समय दिया है.

**प्रशंसनीय** अरुणाचल प्रदेश के मालोगाम गांव में है 44 साल की एकमात्र मतदाता

## एक वोटर के लिए 39 किमी पैदल जाएंगे कर्मी

भाषा। ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश में 19 अप्रैल को जब विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा, उससे एक दिन पहले एंजवा जिले में चुनाव अधिकारियों का एक दल 39 किलोमीटर पैदल चलकर सुदूर मालोगाम गांव जायेगा ताकि वहां की अकेली मतदाता 44 वर्षीय सोकेला तयांग अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकें. तयांग के वास्ते चीन सीमा से सटे इस गांव में एक अस्थायी मतदान केंद्र स्थापित किया जाएगा. चुनाव अधिकारियों के मुताबिक, मालोगाम में बहुत कम परिवार हैं लेकिन तयांग को छोड़कर सभी अन्य मतदान केंद्रों पर पंजीकृत मतदाता हैं. तयांग किसी अन्य मतदान केंद्र पर स्थानांतरित किए जाने की इच्छुक नहीं है. अधिकारियों ने बताया कि निर्वाचन अधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों समेत चुनावी टीम अप्रत्याशित मौसम के बीच हायुलियांग से मालोगाम के लिए कठिन सफर पर जायेगी, ताकि तयांग अपना वोट डाल सकें. तयांग हायुलियांग विधानसभा क्षेत्र और अरुणाचल पूर्व लोकसभा क्षेत्र की मतदाता हैं.

- चीन सीमा से सटे इस गांव में एक अस्थायी मतदान केंद्र स्थापित किया जाएगा



### हायुलियांग से मालोगाम जाने में पूरे दिन पैदल चलते हैं



संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी लाइकेन कोयू ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा , हायुलियांग से मालोगाम के सफर में पूरे दिन पैदल चलना पड़ता है. कोयू ने कहा कि हर इंसान को वोट डालने का अधिकार है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह जगह कितनी दूर है. उन्होंने कहा, चुनाव दल को मतदान के दिन सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक वहां रहना पड़ सकता है क्योंकि हमें पता नहीं कि तयांग कब वोट डालने आयेंगी. मुख्य निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार सैन ने कहा, यह हमेशा संख्या की बात नहीं होती है, बल्कि यह सुनिश्चित करना होता है कि सभी की बात सुनी जाए. तयांग की बेटी और बेटा अन्यत्र महाविद्यालयों में पढ़ते हैं लेकिन उनका मालोगाम से जुड़ाव बना रहता है. तयांग ने कहा, मैं बमुश्किल ही अपने गांव में रहती हूं.

### दुमका लोकसभा सीट से सीता सोरेन की होगी अग्निपरीक्षा...

# तीन खेमों में बंटी भाजपा को एकजुट रखने की होगी बड़ी चुनौती

सत्यशरण मिश्रा। रांची

दुमका लोकसभा सीट पर इस बार सीता की अग्निपरीक्षा है. भाजपा ने अपने पहले से घोषित प्रत्याशी सुनील सोरेन को वापस कर सीता सोरेन को चुनाव में उतारा है. सोरेन परिवार की बड़ी बहू सीता सोरेन ने झामुमो से बगावत कर भाजपा का झंडा थामा और चुनावी समर में कूद चुकी हैं, लेकिन वहां उनकी राह उतनी भी आसान नजर नहीं आती. राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सुनील सोरेन का टिकट वापस लेना भाजपा के आत्मघाती निर्णय साबित हो सकता है. सुनील सोरेन ने भले ही भाजपा आलाकमान के फैसले का स्वागत किया है, लेकिन अंदर से नेतृत्व के इस फैसले से खफा हैं. उनके समर्थक भी इसे पचा नहीं पा रहे हैं. भाजपा का एक बड़ा तबका ऊपर-ऊपर भले ही आलाकमान के निर्णय का मुखर होकर विरोध तो नहीं कर रहा, लेकिन अंदर-अंदर इसलिए खफा है कि ऐन चुनाव के वक्त चिरप्रतिद्वंद्वी झामुमो से बॉरो प्लेयर लाकर उतार दिया. ऐसे में प्रतिद्वंद्वी झामुमो प्रत्याशी (जिसकी अभी घोषणा नहीं हुई है) के साथ ही साथ निवर्तमान सांसद सुनील सोरेन सहित भाजपा के नाराज तबके को साध पाने की चुनौतियों का भी सामना सीता को करना पड़ सकता है.



#### सीता को प्रत्याशी बनाते ही भाजपा तीन खेमे में बंट गई

सीता के नाम की घोषणा होने से पहले तक दुमका में भाजपा दो गुटों में बंटी हुई थी. एक खेमा सांसद सुनील सोरेन का, वहीं दूसरा खेमा लुईस मरांडी का था. लेकिन सीता के आने के बाद अब दुमका में भाजपा तीन खेमों में बंट चुकी है. लुईस सोरेन परिवार की घोर विरोधी रही हैं. लुईस के पास अपना एक बड़ा वोटबैंक है. आदिवासी के साथ-साथ मिशनरी वोटरों पर भी उनकी अच्छी पकड़ है.

#### दुमका लोकसभा सीट पर झामुमो ने लंबी पारी खेली है

दुमका लोस सीट पर झामुमो ने लंबी पारी खेली है. 1980 से इस सीट पर सोरेन परिवार का दबदबा रहा है. शिबू सोरेन यहां से अबतक 8 बार लोस का चुनाव जीत चुके हैं. शिबू के राजनीतिक शिष्य रहे सुनील सोरेन झामुमो से बगावत कर 2009 से 2019 तक हुए तीन चुनावों में शिबू सोरेन को ही चुनौती देते रहे. 2019 में सुनील सोरेन आखिरकार शिबू सोरेन को हराने में कामयाब रहे.

#### दुमका में भाजपा से सीते के आने से झामुमो की बेचैनी भी बढ़ी

भाजपा से अब सीता सोरेन के चुनाव लड़ने से दुमका को लेकर झामुमो की भी बेचैनी बढ़ गयी है. पार्टी अबतक यह फैसला नहीं ले पाई है कि सीता के खिलाफ चुनाव में किसे उतारा जाए, जो आसानी से अपना गढ़ बचा सके. सीता के मैदान में आने के बाद झामुमो के लिए यह सीट जीतना प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है. झामुमो अपनी प्रतिष्ठा बचाने के लिए सोच-समझ कर कैंडिडेट उतारेगा.

## ब्रीफ खबरें

### एक से राज्यभर के सिविल कोर्ट हो जाएंगे मार्निंग

**रांची।** सोमवार यानी एक अप्रैल से राज्यभर की जिला अदालतों में सुनवाई का समय बदल जाएगा. फिलहाल झारखंड की निचली अदालतों में डे कोर्ट में सुनवाई हो रही है, लेकिन यह व्यवस्था सोमवार से बदल जाएगी. रांची सिविल कोर्ट समेत झारखंड के सभी जिला न्यायालय एक अप्रैल से मॉर्निंग हो जाएंगे. यानि एक अप्रैल से मॉर्निंग कोर्ट में मुकदमों की सुनवाई शुरू हो जाएगी. मॉर्निंग कोर्ट में कामकाज का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है. यह व्यवस्था 29 जून तक लागू रहेगी. झारखंड हाईकोर्ट ने पत्र जारी कर मॉर्निंग कोर्ट में सुनवाई शुरू करने की सूचना जारी कर दी है.

- सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक होगा कामकाज

### डीआइजी ने किया चेकपोस्ट का निरीक्षण

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे ने मंगलवार को झारखंड-बंगाल चेकपोस्ट का निरीक्षण किया. डीआईजी ने अंतरराज्यीय बॉर्डर (बांगाल-झारखंड की सीमा) मुरी, पुरुलिया, श्याम नगर, सोनाहातू बॉर्डर का औचक निरीक्षण किया. इस क्रम में उन्होंने बॉर्डर पर मौजूद पदाधिकारियों और सुरक्षा बलों को 24 घंटे सीमा से आने -जाने वाले हर वाहन की जांच करने का निर्देश दिया. खास कर मादक पदार्थ, शराब, कैश सहित चुनाव को प्रभावित करने वाली अन्य वस्तुओं पर विशेष नजर रखने को कहा. उन्होंने चुनाव से संबंधित अन्य आवश्यक दिशानिर्देश भी दिए. मौके पर सिल्ली डीएसपी, मुरी थाना प्रभारी, मुरी ओपी, सिल्ली थाना सहित सोनाहातू थाना के पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे.

### टोल टैक्स में 2.6% वृद्धि का है प्रस्ताव

**रांची।** झारखंड में वाहन चालकों को झटका लग सकता है. इसकी वजह यह है कि एक अप्रैल से टोल टैक्स की दर में 2.6 फीसदी तक की वृद्धि की जा सकती है. इस हिसाब से पांच से दस रुपये तक की वृद्धि हो सकती है. केंद्रीय सड़क राजमार्ग मंत्रालय ने टोल टैक्स में वृद्धि का निर्णय लिया है. राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (एनएचएआइ) ने इसका प्रस्ताव तैयार किया है. जानकारी के अनुसार राज्य के सभी टोल प्लाजा में एक अप्रैल से यह नई दर लागू हो जाएगी. टोल टैक्स की बढ़ोतरी कार, जीप, वैन समेत अन्य छोटे वाहन के लिए भी होगी. वहीं हल्के व्यावसायिक वाहनों, मिनी बसों, बस, ट्रक, छह चक्कावाले वाहनों का भी टोल टैक्स 2.6 फीसदी तक बढ़ सकता है.

- वाहन चालकों को लग सकता है झटका, जेबें होंगी ढीली

### साल भर में डॉग बाइट के 14438 और सर्प दंश के 1162 केस

# झारखंड में सांप और कुत्तों से रहें सावधान

**खास बातें**

- हर साल कुत्ता काटने से होती है 50 लोगों की मौत
- 10 हजार में सिर्फ 72 लोगों के पास ही है लाइसेंस

रवि भारती। रांची

झारखंड में रहना है तो सांपों और कुत्तों से सावधान रहें. हर जिले में सांपों और कुत्तों ने आतंक मचा रखा है. साल भर में राज्य के सरकारी अस्पतालों में कुत्ता काटने के 14,438 केस आए. स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार (वित्तीय वर्ष 2023-24) झारखंड में कुत्ता काटने से सालाना 50 लोगों की मौत हो जाती है. वहीं सर्प दंश से सालाना 15 लोगों की मौत होती है. इस वित्तीय वर्ष में सरकारी अस्पतालों में सर्प दंश के 1162 मरीज आए. कुत्तों के आतंक का मामला विधानसभा में भी उठा था.

सदन में आवारा कुत्तों से निपटने के लिए डॉग स्क्वायड की मांग की गई थी. बताते चलें कि दस हजार में सिर्फ 72 लोगों के पास ही कुत्ता पालने का लाइसेंस है. नगर निगम का दावा है कि रांची नगर निगम क्षेत्र में आवारा कुत्तों पर नियंत्रण के लिए मेसर्स होप एंड एनिमल ट्रस्ट अभियान चला रहा है. प्रतिदिन 10-15 कुत्तों का बंध्याकरण व टीकाकरण किया जा रहा है. चास नगर निगम क्षेत्र में भी इसी तरह की कार्रवाई की जा रही है. गिरिडीह, धनबाद व देवघर नगर निगम में नामित सोसाइटी से आवारा कुत्तों का बंध्याकरण व वैक्सिनेशन किया जा रहा है. जमशेदपुर, हजारीबाग व आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में एजेंसी के चयन की प्रक्रिया चल रही है.





#### शहरी क्षेत्र में मौजूद आवारा कुत्तों का कोई डाटा उपलब्ध नहीं

रांची में आवारा कुत्तों का आतंक दिनों दिन बढ़ता जा रहा है. सदर अस्पताल में प्रतिदिन आवारा कुत्तों के काटने से संबंधित लगभग 200 मामले आ रहे हैं. एंटी रैबीज काउंटर पर भी प्रतिदिन टीकाकरण कराने वालों की लंबी लाइन लग रही है. बताते चलें कि 2013 में राजधानी में पायलट प्रोजेक्ट के तहत रांची नगर निगम ने होप एंड एनिमल ट्रस्ट को कुत्तों के बंध्याकरण व टीकाकरण की जिम्मेदारी दी थी. हालांकि, नगर निगम के पास शहरी क्षेत्र में मौजूद आवारा कुत्तों का कोई डाटा उपलब्ध नहीं है. पिछले दस सालों में ट्रस्ट की ओर से एक लाख चार हजार आवारा कुत्तों का बंध्याकरण किया गया है.

टाइफाइड और मलेरिया के भी बढ़े रोगी

#### राज्य के सरकारी अस्पतालों में किस रोग के कितने मरीज

| बीमारी | मरीजों की संख्या |
|---|---|
| डायरिया | 2,742 |
| एनक्फैलेटिक्स | 04 |
| डॉग बाइट | 14,438 |
| सर्प दंश | 1,162 |
| इंफ्लूएंजा | 5,886 |
| चिकनपॉक्स | 116 |
| चिकनगुनिया | 11 |
| डेंगू | 2686 |
| फीवर विथ रस | 2,113 |
| मलेरिया | 23,479 |
| मिजिल्स | 81 |
| रिस्प्यूरिटरी इंफेकेशन | 460 |
| टाइफाइड | 9,871 |

#### टाइफाइड और मलेरिया के मरीज भी बढ़े

राज्य में टाइफाइड और मलेरिया के मरीजों की संख्या में भी वृद्धि हुई है. वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य सरकारी अस्पतालों में टाइफाइड के 9,871 मामले आए. वहीं मलेरिया के 23,479 मरीजों की जांच की गई. डेंगू के 2,686, डिप्थेरिया के 09, चिकनगुनिया के 11, मिजिल्स के 81 मरीजों की जांच की गई.



प्रशिक्षण कार्यक्रम में जानकारी देते मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार.

### 'अपवर्जित समूहों के लिए सुगम मतदान' प्रशिक्षण का आयोजन किया गया

# दिव्यांग, बुजुर्ग, गर्भवती, नवजात बच्चे की माता को बूथ पर विशेष सुविधा मिले

विशेष संवाददाता। रांची

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि सभी दिव्यांग, 85 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के मतदाता, गर्भवती महिलाओं व छोटे शिशुओं की माताओं को भी अन्य नागरिकों की तरह समान वैधानिक अधिकार प्राप्त है. इनके लिए अनिवार्यरूपेण हरेक मतदान केंद्र पर सुलभ मतदान की व्यवस्था रखी जाए. के. रवि कुमार ने उक्त निर्देश बुधवार को निर्वाचन सदन धुर्वा में 'अपवर्जित समूहों के लिए सुगम मतदान' विषयक प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए दिए.

**सेक्टर ऑफिसर गैर राजनीतिक व स्वयंसेवी, सामाजिक संगठनों से सहयोग लें :** उन्होंने मतदान प्रक्रिया में इनकी सुविधा के लिए डिजिटल तकनीकों के प्रयोग पर भी बल दिया गया है. राज्य के सभी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इसके लिए नोडल ऑफिसर बनाए गए हैं. उन्हें अपने स्तर से हरेक विधानसभा वार निर्वाचन क्षेत्र के लिए सेक्टर ऑफिसर नामित कर गैर-राजनैतिक व निरपेक्ष स्वयंसेवी संगठनों, रेजिडेंट वेलफेयर संगठनों आदि की मदद से अपवर्जित समूह के योग्य नागरिकों के डोर टू डोर सर्वे, छूटे हुए अर्हता प्राप्त नागरिकों के नाम निर्वाचक सूची में दर्ज कराने तथा मतदान में इनकी सुगमता के लिए समयबद्ध रूप से काम करना है.

**दिव्यांगों के लिए मतदान केंद्र में शेड, कुर्सी-बेंच की सुविधा मुहैया कराएं :** उन्होंने कहा कि अपवर्जित समूहों के ऐसे मतदाता जो मतदान केंद्र तक स्वयं आने-जाने में अक्षम हों उन्हें मतदान केन्द्र पर आने-जाने की स्थानीय व्यवस्था के साथ-साथ मतदान केंद्र में शेड, कुर्सी-बेंच, व्हील चेयर, स्वयंसेवकों की व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखा जाना है. साथ ही यदि अपवर्जित समूह के कोई मतदाता जो चुनाव सिंबल खुद नहीं पहचान पाएं. वहां मतदान केन्द्र के पीठासीन पदाधिकारी उन्हें सहायक के रूप में 18 वर्ष से कम आयु के किसी किशोर को वोटिंग के लिए साथ लिए जाने की अनुमति देंगे.

#### नि:शक्तता आयुक्त ने अपने कार्यों की जानकारी दी

प्रशिक्षण सत्र में नि:शक्तता आयुक्त अभय नंदन अम्बष्ठ ने नि:शक्तता आयोग द्वारा मतदाता के लिए किये जा रहे कार्यों के बारे में बताया. अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा द्वारा मतदाता सूची एवं मतदान के बारे में बताया गया. उन्होंने बूथ अवेयरनेस ग्रुप, स्वीप कार्यक्रम, अच्छे कार्यों के लिए बीएलओ को सम्मानित करने आदि विषयों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला. निदेशक समाज कल्याण विभाग शशि प्रकाश झा द्वारा मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधा में पेयजल, बिजली, हेल्प.डेस्क, पोस्टर.साईनेज, रैंप, दिव्यांगजनों के लिए वॉलेंटियर की उपलब्धता के साथ-साथ मतदान केंद्रों पर बीएलओ की सहायता के लिए चयनित स्वंय सेवकों के प्रशिक्षण की जानकारी साझा की. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओएसडी गीता चौबे द्वारा मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं को उपलब्ध कराने एवं दिव्यांग,वयोवृद्ध मतदाताओं के लिए यातायात की सुविधा, वोलेंटियर्स एवं मेडिकल किट आदि विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा की. उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय श्री संजय कुमार द्वारा सोशल मीडिया, सक्षम ऐप, नि:शक्तता के लिए सोशल मीडिया के बारे में बिंदुवार जानकारी साझा की गयी.

# सरकार ने नौकरी से निकाला, कोर्ट ने 19 साल का वेतन देने को कहा

विनीत आभा उपाध्याय। रांची

**खास बातें**

- बिना गलती किए काम से निकाला तो वेतन पाने का हक
- उद्योग विभाग ने भावेश झा को 1984 में नियुक्त किया था

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को उद्योग विभाग द्वारा बर्खास्त किये गये कर्मचारी भावेश कुमार झा को 19 साल का लंबित वेतन देने का निर्देश दिया है. दरअसल भावेश कुमार झा को उद्योग विभाग के अधीनस्थ हस्तकरघा, रेशम और रेशम उत्पादन विभाग में 1984 में पायलट प्रोजेक्ट सेंटर में क्लर्क सह कैशियर के पद पर नियुक्त किया गया था. नौकरी पर रहने के कई वर्षों बाद भावेश कुमार झा को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई उद्योग विभाग द्वारा शुरू की गयी.

**2007 में कर्मचारी की सेवा समाप्त कर दी गयी थी :** वर्ष 2007 में भावेश कुमार झा की सेवा समाप्त कर दी गयी. सेवा समाप्त किये जाने के खिलाफ भावेश ने झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया. उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के आदेश को रद्द करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता को नौकरी से निकालने का फैसला सही नहीं है. न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की बेंच ने इस मामले में अपने आदेश में कहा है कि इसमें कोई संदेह नहीं कि याचिकाकर्ता ने 1998 से 2017 तक काम नहीं किया, लेकिन जिस मामले में यह पाया जाता है कि कर्मचारी की कोई गलती नहीं है, फिर भी उसे नौकरी से निकाल दिया गया, तो वह वेतन पाने का हकदार है.

# एक को हजारों अभ्यर्थी करेंगे जेपीएससी कार्यालय का महाघेराव

जेपीएससी परीक्षा में गड़बड़ी व राजनीतिक मुद्दे पर बुधवार को सूर्य सिंह बेसरा व छात्र नेता व झारखंड यूथ एसोसिएशन के संयोजक इमाम सफी संयुक्त रूप से पत्रकारों से रूबरू हुए. कहा कि 11वीं जेपीएससी परीक्षा में हड़बड़ी में गड़बड़ी कर दी गई है, छात्रों के विरोध के बावजूद परीक्षा रद्द करने के बजाय जल्दबाजी में गलत आंसर-की जारी कर दी गई.

जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक के बाद जेपीएससी परीक्षा में गड़बड़ी से झारखंड के छात्र आर पार के मुड में हैं, और आगामी एक अप्रैल को एक लाख से अधिक संख्या में अभ्यर्थी जेपीएससी कार्यालय का महाघेराव में शामिल होने की घोषणा की है. सूर्य सिंह बेसरा ने 11वीं जेपीएससी पीटी परीक्षा की गड़बड़ी व मनमानी को गंभीर मामला माना और एक अप्रैल को छात्र महाआंदोलन का समर्थन किया है. साथ में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, माधवेंद्र मेहता, प्रदीप कुमार शामिल थे.



**खास बातें**

- 11वीं जेपीएससी परीक्षा में हड़बड़ी में गड़बड़ी कर दी
- गड़बड़ी को लेकर झारखंड के छात्र आर-पार के मूड में

# शहरी क्षेत्र में फ्री करें बालू :भाकपा

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने पुलिस एवं बालू माफिया की संलिप्तता से ही शहर में अपराधियों का मनोबल बढ़ गया है और आपसी वर्चस्व की लड़ाई में हत्या मर्डर की घटनाएं दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है आए दिनों ट्रैक्टर से अवैध रूप से बालू का ढुलाई चालू है. शहर के बालू घाटों का अभी तक टेंडर नहीं होना फिर भी शहरी क्षेत्र से दिन-रात ट्रैक्टरों से बालू का ढुलाई चालू है, जिससे साफ नजर आता है कि शहर के बालू माफिया और पलामू पुलिस का आपसी गठ-जोड़ है. हेमंत सरकार ने फ्री बालू करने की घोषणा की थी लेकिन वह जेल की हवा खा रहे हैं. वहीं चंपाई सोरेन के आने के बाद भी पलामू जिले में बालू की स्थिति ज्यों का त्यों बनी हुई है. पलामू उपायुक्त से आग्रह है कि शहरी क्षेत्रों में घर बनाने के लिए बालू घाटों को फ्री कर दिया जाए.

CLASSIFIED




### शीट भरने में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों-हेडमास्टरों का वेतन रोका जाएगा

# सभी सरकारी स्कूलों को आज हर हाल में जमा करना होगा प्रोजेक्ट इंपैक्ट असेसमेंट शीट

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने राज्य के सभी सरकारी स्कूलों को 28 मार्च को शाम 5 बजे तक प्रोजेक्ट इंपैक्ट का आकलन शीट भरकर जमा करने का निर्देश दिया है. परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने बुधवार को समीक्षा बैठक में यह निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए लागू किये गए प्रोजेक्ट इंपैक्ट के आकलन पत्र भरने में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों और हेडमास्टरों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई होगी. साथ ही उनका वेतन भी रोका जाएगा.

**टॉप फाइव स्कूल होंगे पुरस्कृत :** आदित्य रंजन ने कहा कि प्रोजेक्ट इंपैक्ट की असेसमेंट शीट को केवल भरना नहीं है. असेसमेंट शीट में दिए गए मानकों के आधार पर स्कूलों में वातावरण विकसित हो, यह भी सुनिश्चित करना है. स्कूलों में केवल पढ़ाई नहीं, पाठ्येतर गतिविधियां भी जरूरी है. मई महीने से राज्य के सभी स्कूलों का राज्यस्तरीय टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया जायेगा. आकलन शीट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले टॉप फाइव स्कूलों को राज्यस्तर पर पुरस्कृत किया जायेगा, वहीं लास्ट फाइव परफॉर्म करने वाले स्कूलों पर कार्रवाई होगी.


#### हाउस का नाम भौगोलिक विशेषताओं पर रखा जाए

प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने निर्देश दिया कि स्कूल हाउस का नाम राज्य और जिले की भौगोलिक विशेषताओं के आधार पर रखें. हाउस का नाम निर्धारित करते समय उस जिले के प्रमुख स्थलों, नदियों, पर्यटन केंद्रों के नाम शामिल करें. एक जिम्मेदार शिक्षक को हाउस प्रमुख बनाया जाये. एक हाउस एक सप्ताह तक पूरे प्रात:कालीन सभाओं की जिम्मेदारी लेगा.









तापमान
34.7[0] अधिकतम | 18.0[0] न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | गुरुवार 28 मार्च 2024 ● चैत्र कृष्ण पक्ष 03 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 338 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




नयी दिल्ली में सीईसी की बैठक में प्रत्याशियों के नाम पर मंथन करते कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी व अन्य.

### धनबाद को लेकर कांग्रेस फूंक-फूंक कर रख रही कदम

# रामटहल- रवींद्र दिल्ली में कांग्रेस नेताओं से मिले, नतीजा सिफर




- ढुल्लू की मजबूत घेराबंदी करने में जुटा है पार्टी नेतृत्व

कौशल आनंद। रांची

रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी और गिरिडीह के पूर्व सांसद रवींद्र पांडेय दिल्ली में कांग्रेस के बड़े नेताओं से मिले. चौधरी जहां झारखंड प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव गुलाम अहमद मीर से मिले, वहीं रवींद्र पांडेय मुकुल वासनिक से. दोनों नेता अब भी दिल्ली में जमे हुए हैं. रांची से भाजपा के पूर्व सांसद रहे रामटहल चौधरी कांग्रेस में शामिल होना चाहते हैं, लेकिन रांची से टिकट मिलने की शर्त पर. हालांकि कांग्रेस ने उनसे कोई वादा नहीं किया. पार्टी की ओर से स्पष्ट कर दिया गया है कि बिना शर्त आना चाहते हैं तो स्वागत हैं, लेकिन रांची से प्रत्याशी बनाने का वादा नहीं किया जा सकता है. इसके पीछे का बड़ा तर्क यह दिया जा रहा है कि चूंकि कांग्रेस पहले से एक कुरमी चेहरा जेपी पटेल को हजारीबाग से उतारने जा रही है. ऐसे में दूसरे कुरमी को टिकट दे पाना मुश्किल लग रहा है. चर्चा यह भी है कि चौधरी अपने बेटे रंधीर चौधरी का राजनीतिक भविष्य तलाशने के प्रयास में हैं. यह राजनीतिक भविष्य लोकसभा को लेकर होगी या विधानसभा को लेकर, यह देखने वाली बात होगी. रही बात रवींद्र पांडेय की, तो उन्हें भी गिरिडीह से टिकट मिल पाना मुश्किल बताया जा रहा है, क्योंकि गिरिडीह सीट झामुमो के खाते में गयी है. राजनीतिक तपिश के बीच झामुमो-कांग्रेस के बीच कोई बड़ा खेल या डील हो जाए व सीटों की अदला-बदली हो जाए तो कोई अचरज नहीं होगा.

### कुणाल षाड़ंगी भी कांग्रेस नेतृत्व के संपर्क में



कांग्रेस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल षांड़गी भी कांग्रेस नेताओं से संपर्क बनाए हुए हैं. गत विधानसभा चुनाव में वे झामुमो छोड़कर भाजपा में चले गए, मगर वे बहरगोड़ा से झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती से चुनाव हार गए. इसके पूर्व षांड़गी ने टिकट के लिए झामुमो से संपर्क साधा. वे जमशेदपुर लोकसभा से झामुमो का टिकट चाहते थे. मगर झामुमो ने साफ तौर पर मना कर दिया. हां झामुमो ने षाड़ंगी को इतना आश्वस्त किया कि अगर वे झामुमो में आते हैं तो विस चुनाव में उन्हें एडजस्ट किया जाएगा. इसके बाद षाड़ंगी कांग्रेस नेताओं से संपर्क बनाए हुए हैं. मगर कांग्रेस में भी वही पेंच है.

### पलिवार का एपिसोड अभी खत्म नहीं

पिछले सप्ताह कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता पवन खेड़ा के राज पलिवार को लेकर जारी सोशल मीडिया पोस्ट के बाद उठे बवंडर का खुद पलिवार ने खंडन कर शांत करने का प्रयास किया. आठ घंटे बाद पलिवार के खंडन के बाद खेड़ा ने अपना पोस्ट हटा लिया. अब कोई राष्ट्रीय पदाधिकारी अगर किसी के शामिल होने का पोस्ट सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहा है तो बात कहीं न कहीं कुछ तो होगी. कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि राज पलिवार एपिसोड अभी खत्म नहीं हुआ है. इंतजार करने की जरूरत है. देखते जाइए, आगे-आगे होता है क्या.

### कांग्रेस हड़बड़ी के मूड में नहीं है

धनबाद सीट पर भले ही भाजपा ने ढुल्लू महतो को प्रत्याशी बना दिया है. पर उनके लिए यह सीट निकालकर भाजपा की झोली में डालना आसान नहीं होगा. इसलिए धनबाद को लेकर कांग्रेस फूंक-फूंक कर कदम रख रही है. धनबाद को लेकर कांग्रेस हड़बड़ी के मूड में नहीं है. कांग्रेस ढुल्लू महतो की मजबूत घेराबंदी की तैयारी में जुटी है. कांग्रेस धनबाद में राजपूत लॉबी को भुनाने के मूड में है. कांग्रेस पीएन सिंह का टिकट कटने का दर्द को हवा देने के फिराक में है. अब देखना है कि कांग्रेस धनबाद से किसे उतारती है. कोयलांचनवासियों को भी इसका बेसब्री से इंतजार है.

### हैदराबाद ने बनाया आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर

# 278 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 246 रन ही बना सकी मुंबई इंडियंस

- मैच में लगे 38 छक्के, हार्दिक पंड्या की पारी बनी मुंबई की हार की वजह

### क्लासेन ने 34 बॉल पर 80 रन बनाये, अभिषेक-हेड के अर्धशतक










भाषा। हैदराबाद

सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस को हाईस्कोरिंग मुकाबले में 31 रन से हरा दिया है. हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में आईपीएल के इतिहास का हाईएस्ट टोटल बनाने के बाद भी सनराइजर्स हैदराबाद को मुंबई इंडियंस ने कड़ी टक्कर दी. सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 277 रन बनाए. इसके जवाब में मुंबई इंडियंस ने आखिरी ओवरों तक जीतने का जज्बा दिखाया लेकिन 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 246 रन बना सकी. मुंबई का आईपीएल में ये हाईएस्ट स्कोर भी है. मुंबई इंडियंस की ओर तिलक वर्मा ने सर्वाधिक 64 रन बनाए. इस मैच के दौरान आईपीएल के इतिहास में एक मुकाबले में सबसे ज्यादा छक्के (38) लगने का रिकॉर्ड भी टूटा.

इसके जवाब में मुंबई इंडियंस ने धमाकेदार शुरुआत की. हालांकि चौथे ओवर में ईशान किशन के रूप में टीम को पहला झटका लगा. ईशान 34 रन बनाकर आउट हुए. रोहित शर्मा ने 12 गेंद में 26 रन बनाए. नमन ने 14 गेंद में 30 रन का योगदान दिया. तिलक वर्मा ने 34 गेंद में 64 रन की दमदार पारी खेलकर मुंबई की जीत की उम्मीदों को जिंदा रखा था. कप्तान हार्दिक पांड्या ने 20 गेंद में 24 रन बनाए. टिम डेविड ने 22 गेंद में 42 रन की पारी खेली. रोमारियो शेफर्ड ने 15 रन का योगदान दिया.

इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ट्रेविस हेड, अभिषेक शर्मा और हेनरिक क्लासेन के तूफानी अर्धशतकीय पारी की बदौलत आईपीएल के इतिहास का हाईएस्ट टोटल बना दिया है. सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 277 रन बनाए. इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने तीन विकेट खोकर 263 रन बनाए थे, जोकि आईपीएल का हाईएस्ट टोटल था. पहले बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद की टीम की शुरुआत अच्छी रही. मयंक अग्रवाल और ट्रेविस हेड के बीच पहले विकेट के लिए 45 रन की साझेदारी हुई. मयंक न 13 गेंद में 11 रन बनाए. ट्रेविस हेड ने सिर्फ 18 गेंद में फिफ्टी पूरी की. हेड 24 गेंद में 62 रन बनाकर आउट हुए. अभिषेक ने 16 गेंद में फिफ्टी जड़ दी है और वह सनराइजर्स के लिए सबसे तेज फिफ्टी लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं. अभिषेक 23 गेंद में 63 रन की धमाकेदार पारी खेलकर पवेलियन लौटे. हेनरिक क्लासेन ने 23 गेंद में अर्धशतक पूरा किया. मार्करम 28 गेंद में 42 रन, जबकि हेनरिक क्लासेन 34 गेंद में 80 रन बनाकर नाबाद लौटे. प्लेयर ऑफ द मैच अभिषेक शर्मा बने.

#### आईपीएल में सबसे बड़ा टीम स्कोर

277/3 - हैदराबाद बनाम मुंबई, हैदराबाद, 2024
263/5 - बेंगलोर बनाम पुणे, बेंगलुरु, 2013
257/5 - लखनऊ बनाम पंजाब, मोहाली, 2023
248/3 - बेंगलोर बनाम गुजरात लॉयंस, बेंगलुरु, 2016
246/5 - चेन्नई बनाम राजस्थान, चेन्नई, 2010

#### एक मैच में सर्वाधिक छक्के (आईपीएल)

| छक्के | मैच | साल |
|---|---|---|
| 38 | हैदराबाद बनाम मुंबई | 2024 |
| 33 | बेंगलोर बनाम चेन्नई | 2018 |
| 33 | आरआर सीएसके शारजाह | 2022 |
| 33 | राजस्थान बनाम बेंगलोर | 2023 |

#### पहले 10 ओवर के बाद उच्चतम स्कोर

148/2 - हैदराबाद बनाम मुंबई, हैदराबाद, 2024
141/2 - मुंबई बनाम हैदराबाद, हैदराबाद, 2024
131/3 -मुंबई बनाम हैदराबाद, अबू धाबी, 2021
131/3 - पंजाब बनाम हैदराबाद, हैदराबाद, 2014
130/0 - डेक्कन चार्जर्स हैदराबाद बनाम मुंबई, मुंबई डीवाईपी, 2008
129/0 - बेंगलोर बनाम पंजाब, बेंगलुरु, 2016

#### हैदराबाद के लिए सबसे तेज अर्धशतक

अभिषेक शर्मा - 16 गेंद बनाम मुंबई, 2024
ट्रैविस हेड - 18 गेंद बनाम मुंबई, 2024
डेविड वॉर्नर - 20 गेंद बनाम, कोलकाता, 20215
डेविड वॉर्नर - 20 गेंद बनाम, बेंगलोर, 2017
मोइसेज हेनरिक्स - 20 गेंद बनाम बेंगलोर, 2015

### ब्रीफ खबरें

#### मारपीट के बाद की हवाई फायरिंग

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के कदमा थाना अंतर्गत मरीन ड्राइव स्थित बगीचा रेस्टोरेंट के पास आदित्यपुर निवासी विक्की नंदी ने अपने अन्य साथियों के साथ स्थानीय युवकों के साथ मारपीट की. इस दौरान विक्की नंदी ने हथियार निकालकर हवाई फायरिंग भी की. घटना को अंजाम देने के बाद सभी मौके से फरार हो गए. घटना मंगलवार की देर रात की है. सूचना मिलने पर कदमा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. जांच के दौरान पुलिस ने मारपीट होने की पुष्टि की.

#### ट्रक व बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत

**गढ़वा।** गढ़वा-गोदरमाना एनएच 343 पर पचपड़वा गांव के समीप ट्रक और बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनों शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. मृतक की पहचान रेहला थाना क्षेत्र के सेवरा गांव निवासी 25 वर्षीय सोनू कुमार और उसका मौसेरा भाई चैनपुर के खइकु भुइया के पुत्र सुनील कुमार के रूप मे हुई.

#### हत्या की योजना को पुलिस ने किया विफल

**आदित्यपुर।** होली के दिन आदित्यपुर को रक्तरंजित करने की योजना थी. इसे आरआईटी पुलिस ने विफल कर दिया. 24 मार्च को रांची रिम्स से भागे अपराधी राजा सिंह उर्फ पगला की आदित्यपुर के रवि शर्मा हत्याकांड के सजायाफ्ता अपराधी मुरारी सिंह की हत्या करने की योजना थी. इसमें राजा का साथ एक अन्य अपराधी प्रकाश गोप भी देनेवाला था. पुलिस ने होली के दिन ही राजा व प्रकाश को आपराधिक घटना की योजना बनाते गिरफ्तार कर लिया.

### रांची पुलिस ने किया राहुल शर्मा हत्याकांड का खुलासा

# पत्नी से अवैध संबंध के कारण मार डाला

संवाददाता। रांची

राजधानी के रातू थाना क्षेत्र के छाताटुंगरी चटकपुर में 20 मार्च को राहुल शर्मा नाम के युवक की हत्या कर दी गई थी. रांची पुलिस ने इस हत्याकांड का खुलासा कर दिया है. इस मामले में पुलिस ने मृतक राहुल शर्मा के साली के पति नीरज कुमार शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. आरोपी नीरज कुमार शर्मा चतरा जिला के जोरी थाना क्षेत्र स्थित पचमहला गांव का रहने वाला है. नीरज कुमार ने अपनी साली से कई बार शारीरिक संबंध बनाए थे. उसके साढ़ू राहुल शर्मा (मृतक) को जब इसकी जानकारी हो गई और तो अपनी पत्नी से दूरी बढ़ानी शुरू कर दी, नीरज ने अपने दोस्त बिट्टू शर्मा और एक अन्य के साथ मिलकर गमछा से गला दबाकर राहुल की हत्या कर दी. गौरतलब है कि आरोपी नीरज कुमार की पत्नी दो बहन है.

रांची के मधुकम में नीरज का ससुराल है. वर्ष 2014 में उसकी शादी हुई थी. शादी के बाद लगातार उसका ससुराल आना-जाना लगा रहता था. इसी दौरान अपनी साली के साथ उसने कई बार शारीरिक संबंध बनाए. बाद में नीरज की साली को राहुल शर्मा से प्यार हो गया. फिर उसने राहुल से शादी करके अपना घर बसा लिया.

#### आरोपी गिरफ्तार, अवैध संबंध के कारण विवाद बढ़ा

कुछ ही दिनों में राहुल शर्मा को इस बात की भनक लग गई कि उसके साढ़ू नीरज कुमार शर्मा के उसकी साली के साथ अवैध संबंध हैं. पति-पत्नी के बीच दूरियां बढ़ने लगीं. तीन महीने में दोनों के बीच दूरियां काफी बढ़ गईं. राहुल शर्मा ने यह कहना शुरू कर दिया कि अब वह अपना बच्चा नीरज और उसकी पत्नी से वापस ले लेगा. दरअसल राहुल की पत्नी और बच्चा दोनों को नीज अपने साथ रखता था. नीरज को जब इस बात की जानकारी मिली, तो उसने राहुल शर्मा को रास्ते से हटाने का प्लान बनाना शुरू कर दिया. इसके बाद उसने अपने दोस्त बिट्टू शर्मा और एक अन्य के साथ मिलकर 19 मार्च 2024 की रात को साजिश के तहत राहुल को शराब पिलाई और बाद में गमछे से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी.

#### पुलिस बल पर हमला एसआई का सिर फोड़ा

**कतरास।** कांकोमठ के पास मौजूद आरिका हास्पिटल में सोमवार को तोड़फोड़ करने और कर्मियों के साथ मारपीट करनके दौरान पुलिस को हस्तक्षेप करना महंगा पड़ गया. बीच-बचाव करने पहुंची तेतुलमारी पुलिस के एसआई सहित एक जवान को मारपीट कर जख्मी कर दिया गया है. वारदात से जुड़ी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है. पुलिस वालों की पिटाई और फिर इस मामले की लीपापोती इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है. तेतुलमारी थानेदार लव कुमार ने पुलिस पिटाई की घटना से अनभिज्ञता जाहिर की है. उपद्रवियों ने तेतुलमारी थाना के एसआई व एक जवान को बीच सड़क पर पटक पटक कर मारपीट की. इस दौरान एसआई का माथा फट गया, जबकि जवान वहां से भाग कर अपनी जान बचाई. जमुआटांड़ पंचायत के मुखिया निरंजन गोप सहित अन्य लोग वहां पहुंचे.

# पूर्व कांग्रेस नेता समेत दो की हत्या

संवाददाता। पलामू

पलामू जिले के चैनपुर में बुधवार की दोपहर को पूर्व कांग्रेस नेता राजमोहन पोलू और उनके साथ एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई. दोनों शव कांग्रेस नेता के घर में एक ही जगह से बरामद हुए. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है. हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है. मृतक की पहचान राजमोहन पोलू के रूप में हुई. दूसरे की पहचान नहीं हो पाई है. घटना की जानकारी मिलने के बाद सदर एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद, चैनपुर इंस्पेक्टर जीतराम महली समेत कई पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन कर रहे हैं. पलामू एसपी रिष्मा रमेशन भी मौके पर पहुंचीं. पलामू एसपी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस छानबीन कर रही है.



#### हत्या के केस में राजमोहन को हुई थी 10 साल की सजा

राजमोहन ने एक मजदूर की गोली मारकर हत्या कर दी थी. इसी दौरान उन्होंने एक गाय को भी गोली मार दी थी. घटना के बाद पूरे इलाके में खूब हंगामा हुआ था. पूरे मामले में पुलिस अनुसंधान में राजमोहन पोलू के खिलाफ सबूत मिले थे. कोर्ट ने पूरे मामले में राजमोहन पोलू को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष की सजा सुनाई थी. कुछ दिनों पहले ही राजमोहन पोलू जेल से बाहर निकाला था और चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर में अपने घर में रह रहा था. बुधवार की दोपहर अचानक कुछ अपराधी घर में दाखिल हुए और दोनों की गोली मारकर हत्या कर दी. घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी फरार हो गये.

### ढुल्लू महतो की राह में कितने फूल-कितने कांटे ▸ ठेठ ग्रामीण अंदाज वाले ढुल्लू महतो का शहरी मतदाताओं से पहली बार पड़ा है पाला

# धनबाद में जातिगत समीकरण बन सकता है ढुल्लू की राह का सबसे बड़ा कांटा

रिजवान शम्स । रांची/धनबाद



- ढुल्लू के गांव-घर तो दूर परिवार वाले भी नहीं दे पाएंगे उसे वोट
- अपने सियासी साथियों से ही पार पाना होगा मुश्किलों भरा काम
- झरिया, सिंदरी विस क्षेत्र में पहले से ढुल्लू ने की है मेहनत

भाजपा ने बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो को धनबाद लोकसभा का प्रत्याशी बनाया गया है. वैसे तो धनबाद लोकसभा सीट भाजपा की सीट मानी जाती रही है. यहां जे जीत की हैट्रिक का रिकार्ड भाजपा उम्मीवादार पूर्व में बना चुके हैं. लेकिन विधायक ढुल्लू महतो को टिकट मिलने के बाद यहां के सियासी समीकरण में बदलाव दिखने लगे हैं. विधायक ढुल्लू का कहीं दबी जुबान में, तो कहीं मुखर विरोध शुरू हो गया है.

विधायक ढुल्लू का ठेठ ग्रामीण अंदाज और भाषण में तेवर उन्हें एक गर्म नेता के रूप में स्थापित कर चुका है. ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर पकड़ रखने वाले ढुल्लू का पाला पहली बार शहरी मतदाताओं से पड़ा है. यहां के मतदाताओं को रिझाने के लिए ठेठ ग्रामीण अंदाज इन्हें भारी भी पड़ सकता है, क्योंकि उन्हें टिकट मिलते ही भाजपा के ही कई खेमे नेता पूरी तरह से नाराज हो गए हैं. इन खेमों की तरफ से सोशल मीडिया पर बाहरी-भीतरी का मामला जोर-शोर से उठाया जा रहा है. उन पर दर्ज मुकदमों की फेहरिस्त सोशल मीडिया पर जमकर पोस्ट होने लगी है. उन पर लगे रंगदारी समेत कई आरोपों को फिर से बाहर निकाला और उभार कर परोसा जा रहा है. ऐसे करने वाले कांग्रेस या दूसरी पार्टी के लोग नहीं हैं, बल्कि कहीं न कहीं ढुल्लू के सियासी साथी हैं.

#### लोकसभा चुनाव 2019 के आंकड़े



कुल वोटर
20,72,634

कुल मतदान : 12,52,817

#### कुल वोट का 40 प्रतिशत मिला था भाजपा को

धनबाद में कुल वोट का लगभग 40 प्रतिशत वोट भाजपा उम्मीदवार पीएन सिंह की झोली में गिरा था, जबकि मात्र 15 प्रतिशत ही कांग्रेस उम्मीदवार कीर्ति आजाद के खाते में गया था. यहां ये आंकड़ा और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि भाजपा प्रत्याशी को कुल मतदान का 66 प्रतिशत मत मिला था. ऐसे आंकड़े के बावजूद ढुल्लू महतो के लिए यह चुनाव टेढ़ी खीर साबित हो सकता है.

#### धनबाद लोस क्षेत्र में नहीं पड़ता है ढुल्लू का गांव

ढुल्लू की जिस इलाके में सबसे अच्छी पकड़ है, वो है चिटाही और कतरास, बाघमारा का इलाका. यहां के वोटरों ने उन्हें विधायक बनाया है. लेकिन इस चुनाव में ढुल्लू के गांव समेत और उसन सारे इलाके के लोग उन्हें वोट नहीं दे पाएंगे, क्योंकि यह क्षेत्र गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में पड़ता है. यहां तक कि ढुल्लू के परिवार वाले भी उसे वोट नहीं दे पाएंगे.

#### सिंह मेंशन और रघुकुल खेमे का क्या रोल होगा ?

ढुल्लू महतो के चुनावी समीकरण में धनबाद के दो बड़े घराने, जिनकी कोलियरी क्षेत्र में तूती बोलती है, सिंह मेंशन व रघुकुल का इस चुनाव में क्या रोल होगा, इस बात पर भी ढुल्लू की जीत -हार निर्भर करेगा. क्योंकि सिंह मेंशन और रघुकुल दोनों खेमे कोयले में अपना वर्चस्व हमेशा कायम रखना चाहते हैं. ऐसे में ढुल्लू की भी कोल जगत में भरपूर दिलचस्पी किसी से भी छिपी नहीं है.

#### पीएन खेमा पूरी तरह से है नाराज

सांसद पीएन सिंह का खेमा को उनका टिकट कटना ढुल्लू को देना इनके समर्थकों को पूरी तरह से नागवार गुजरा है. पीएन सिंह ने पिछले लोकसभा में ही 1984 के विश्वविजेता भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार खिलाड़ी कीर्ति आजाद को रिकार्ड मतों से पराजित किया था. ऐसे में उनका टिकट कटना धनबाद के लिए चौंकानेवाला था. पीएन सिंह धनबाद के क्षत्रिय समाज का भी प्रतिनिधित्व करते हैं. इस बिरादरी का बड़ा तबका जातिगत समीकरण के कारण भी ढुल्लू के साथ जुड़ने से परहेज ही करेगा.

## रिम्स ओपीडी

| विभाग | डॉक्टर का नाम |
|---|---|
| मेडिसिनः | डॉ संजय कुमार सिंह |
| सर्जिकल आंकोलॉजीः | डॉ अजित कुमार कुशवाहा |
| ऑर्थोपेडिकः | डॉ विनय प्रभात |
| कार्डियोलॉजीः | डॉ प्रशांत कुमार |
| टीबी एवं चेस्टः | डॉ ब्रजेश मिश्रा |
| नेत्रः | डॉ दीपक लकड़ा |
| ऑब्स गायनीः | डॉ मीणा मेहता |
| ईएनटीः | डॉ संदीप कुमार |
| रेडिएशन ऑकोलॉजीः | डॉ अनूप कुमार |
| सीटीवीएसः | डॉ अंशुल कुमार |
| नेफ्रोलॉजीः | डॉ प्रज्ञा घोष पंत |
| सायकेट्रीः | डॉ अजय बाखला |
| पीडियाट्रिक सर्जरीः | डॉ अभिषेक रंजन |

## सदर अस्पताल

- मेडिसिनः डॉ आशुतोष कुमार, डॉ अरुणोदय और डॉ सत्येंद्र
- ऑब्स एंड गायनीः डॉ किरण चंदेल, डॉ अनुवी
- पीडियाट्रिक(शिशु रोग): डॉ मृत्युंजय
- हेमाटोलॉजीःडॉ अभिषेक रंजन
- पीडियाट्रिक सर्जरीः डॉ जैनेंद्र कुमार
- कार्डियोलॉजीः डॉ राकेश झा
- सर्जिकल अंकोलॉजीः डॉ प्रकाश भगत
- नेफ्रोलॉजीः डॉ नवीन कुमार बर्णवाल

### रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपयुक्त ने पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के मुद्दे पर बैठक की

# आवश्यक सेवाओं में तैनात कर्मचारी ईडीसी व डाक मतपत्रों के माध्यम से करेंगे मतदान

**संवाददाता। रांची**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर हुई बैठक में आवश्यक सेवा में लगे अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलट से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने पर चर्चा हुई. बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी ने डाक मतपत्रों से संबंधित सभी बारीकियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी. उन्होंने बताया कि आवश्यक सेवाओं में तैनात कर्मचारियों की श्रेणी के अनुपस्थित मतदाताओं से चुनावी कर्तव्य प्रमाण पत्र (ईडीसी) एवं डाक मतपत्रों के माध्यम से मतदान कराया जाएगा. नोडल पदाधिकारी डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस कोषांग संजय कुमार, निदेशक आईटीडीए संजय कुमार भगत, जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय, सिविल सर्जन प्रभात कुमार औरवं मतदान के दिन आवश्यक सेवाओं से जुडे. विभाग/संस्थान के प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित थे.



### संस्थानों और विभागों को अब्सेंटी वोटर्स की सूची बनाने के आदेश

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बैठक में उपस्थित आवश्यक सेवाओं से जुड़े विभागों के प्रतिनिधियों से कहा कि वे ऐसे मतदाताओं की सूची तैयार कर लें, जो मतदान के दिन आवश्यक सेवा में लगे हैं. उन्होंने कहा कि सभी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को वोटिंग के लिए प्रेरित करें और अपने संस्थानों व विभागों से एक ही दिन सभी अब्सेंटी वोटर्स को लेकर आयें, ताकि डाक मतपत्र से मतदान की बारीकियों को समझने में आसानी हो.

### मतदान कर्मियों को वोटिंग की सुविधा फैसिलिटेशन सेंटर पर

संबंधित विभागों द्वारा ऐसे कर्मचारियों की सूची उपलब्ध करायी जाएगी, जिनकी मतदान के दिन ड्यूटी रहेगी. वे उस दिन वोट देने से वंचित रह सकते हैं. उन्हें रिटर्निंग अधिकारी द्वारा फॉर्म 12 डी जारी किए जाएंगे और उन्हें ईडीसी-बैलेट पेपर के जरिए वोटिंग की सुविधा फैसिलिटेशन सेंटर पर दी जाएगी. बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों व प्रतिनिधियों को इस दौरान बरती जाने वाली सावधानियां, मतपत्र के पूर्व एवं मतपत्र के साथ दिये जाने वाले फॉर्म 12 डी व 13, 13ए, 13बी, 13सी आदि की जानकारी दी गयी.

**पोस्टल बैलेट के माध्यम से कब करना है मतदान**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मतदान दिवस के छह दिन पूर्व से निर्धारित मतदान दिवस के तीन दिन पूर्व तक आवश्यक सेवा में लगे मतदाता पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना महत्वपूर्ण वोट दे सकते हैं. इन तीन दिनों के दौरान पोस्टल बैलेट केंद्र सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक कार्यरत रहेंगे. बता दें कि बिजली, पानी, रोडवेज, रेलवे, डेयरी, फायर फाइटर, चिकित्सा, मीडिया, डाक, कारा सहित कुल 16 श्रेणी के कर्मचारियों को अब्सेंटी वोटर्स में शामिल किया गया है.

### अस्थाई शेड नेट स्ट्रक्चर के विशिष्ट डिजाइन पर उपलब्धि हासिल

# बीएयू को मिला ट्रेडमार्क

**संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित सूक्ष्म जलवायु प्रबंधन प्रौद्योगिकी के प्रयोग से अब गुणवत्तायुक्त सब्जियों का सालों भर लाभकारी और टिकाऊ उत्पादन किया जा सकता है. भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के पेटेंट्स, डिजाइंस और ट्रेड मार्क्स महानियंत्रक के कार्यालय ने बीएयू द्वारा विकसित अस्थाई शेड नेट स्ट्रक्चर को इसके विशिष्ट डिजाइन के लिए ट्रेडमार्क स्वीकृत कर दिया है. छत विस्थापित पोली हाउस को ट्रेडमार्क प्रदान किए जाने संबंधित आवेदन को महानियंत्रक द्वारा प्रोसेसिंग के लिए स्वीकार कर लिया गया है.

बीएयू में आईसीएआर के सहयोग से चल रही कृषि संरचनाओं और पर्यावरण प्रबंधन में प्लास्टिक अभियांत्रिकी संबंधी अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ प्रमोद राय ने लगभग एक दशक के अनुसंधान और प्रयोग के बाद दोनों प्रौद्योगिकी विकसित की है.डॉ प्रमोद राय ने बताया कि खेती वाली सब्जियों की उत्पादकता और गुणवत्ता आनुवंशिक सामग्री, फसल प्रबंधन और सूक्ष्म जलवायु प्रबंधन द्वारा प्रभावित होती है. मृदा एवं वायु तापक्रम, प्रकाश गहनता एवं गुणवत्ता, सापेक्षिक आद्रता, कार्बन डाइऑक्साइड आदि सूक्ष्म जलवायु पैरामीटर का प्रबंध संरक्षित कृषि तकनीक से होता है. संरक्षित कृषि स्ट्रक्चर का चयन खेती की जाने वाली सब्जी की लाभप्रदता, टीकाऊपन, स्थिर लागत, संचालन लागत और कार्बन फुटप्रिंट को प्रभावित करता है.मिट्टी और हवा के उच्च तापक्रम एवं प्रकाश की तीव्रता के कारण गर्मी के महीना मार्च से मई के दौरान टमाटर और शिमला मिर्च की खेती में बहुत समस्याएं आती हैं. सनबर्न के कारण उत्पादित फल का 50% से अधिक प्रभावित हो जाते हैं. गर्मी के महीनों में स्थाई ढांचे वाले शेड नेट में टमाटर और शिमला मिर्च की खेती करके समस्या को कम किया जा सकता है, किंतु इस स्ट्रक्चर में जून से फरवरी के दौरान प्रकाश गहनता वंछित स्तर से कम रहती है. इसलिए अस्थाई शेड नेट स्ट्रक्चर मार्च से मई के दौरान इसकी उपयोगिता बढ़ा देता है. इसके प्रयोग से खुले खेत में खेती की तुलना में सब्जियों की विपणन योग्य गुणवत्ता कम से कम 50% और उत्पादकता 30 से 40% बढ़ जाती है.



### अस्थाई शेड नेट स्ट्रक्चर

ग्रीन हाउस प्रभाव के कारण गर्मी के मौसम में प्राकृतिक रूप से वेंटीलेटेड पोली हाउस में मिट्टी और हवा का तापक्रम तथा प्रकाश की तीव्रता काफी उच्च होती है. प्राकृतिक वेंटिलेशन को सालों भर खेती के अनुकूल बनाने के लिए इसे कम करना आवश्यक है. प्राकृतिक वेंटीलेटेड पोली हाउस का प्रयोग साल में सामान्यत 8 से 9 महीना ही हो पाता है. बीएयू द्वारा विकसित छत विस्थापित पोली हाउस का निर्माण बांस और आवरण सामग्री से किया जा सकता है. छत छोड़कर पूरा स्ट्रक्चर यूवी स्टेबलाइज कीड़ा रोधी सामग्री से आच्छादित रहता है जबकि छत बारिश और गर्मी के मौसम में यूवी स्टेबलाइज्ड फिल्म (200 माइक्रोन) से तथा जाड़े के मौसम में शेड नेट सामग्री (हरी, 35-50%) से अच्छादित रहता है. यह विकसित स्ट्रक्चर नवंबर से फरवरी तक पोली हाउस, जून से अक्टूबर तक रेन शेल्टर और मार्च से मई तक शेड नेट के रूप में कार्य करता है.

### झारखंड राज्य खनिज विकास निगम के बड़ा बाबू ने आत्महत्या की

**रांची ।** झारखंड राज्य खनिज विकास निगम (जेएसएमडीसी) के बड़ा बाबू का शव उनके फ्लैट से बरामद हुआ है. बरियातू थाना क्षेत्र के टैगोर हिल रोड में रहने वाले ज्योति प्रकाश ने मंगलवार की रात आत्महत्या कर ली. ज्योति प्रकाश बरियातू थाना क्षेत्र के टैगोर हिल रोड स्थित आरजे अपार्टमेंट में सपरिवार रहते थे. मंगलवार की रात वे खाना खाकर अपने कमरे में सोने चले गए थे. बुधवार की सुबह जब उनके परिजन उन्हें जगाने गए, तो कमरा अंदर से बंद था. ज्योति की पत्नी ने काफी देर तक दरवाजा खटखटाया, लेकिन नहीं खुला, तो उन्होंने अनहोनी की आशंका जताते हुए आसपास के लोगों को बुलाया. इसके बाद कमरे का दरवाजा तोड़ा गया, तो अंदर का भयावह दृश्य देख लोगों की चीख निकल गई. ज्योति का शव कमरे में फंदे से झूलता मिला. ज्योति को इस हाल में देख कर घर के सदस्यों में चीख-पुकार मच गई. जानकारी के अनुसार 46 वर्षीय ज्योति प्रकाश नेपाल हाउस स्थित झारखंड खनिज निगम में बड़ा बाबू के पद पर कार्यरत थे. पिता के निधन के बाद अनुकंपा के आधार पर उनकी नौकरी लगी थी.

## भाजपा छोड़ कांग्रेस में आये पटेल और भगत पर जताया भरोसा

**शुभम किशोर। रांची**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बुधवार की रात कांग्रेस की आठवीं सूची जारी कर दी. झारखंड की तीन सीटों पर कांग्रेस ने प्रत्याशी के नाम का ऐलान कर दिया है. खूंटी से कालीचरण मुंडा, लोहरदगा से सुखदेव भगत और हजारीबाग से जयप्रकाश भाई पटेल को उम्मीदवार बनाया है. इसके अलावा कांग्रेस ने मध्यप्रदेश की तीन, तेलंगाना की तीन और उत्तर प्रदेश की चार सीटों पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है. कांग्रेस ने हाल ही में भाजपा को छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए मांडू के विधायक जयप्रकाश भाई पटेल को हजारीबाग से प्रत्याशी बनाया है. वहीं पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए सुखदेव भगत पर भी भरोसा जताया है. भगत भाजपा से विधानसभा के टिकट पर लोहरदगा से चुनाव लड़े, लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी डॉ रामेश्वर भगत के हाथों पराजित होने के बाद डॉ उरांव के निर्वाचन को चुनौती दे डाली. लेकिन कांग्रेस छोड़ भाजपा में गये भगत को वहां सुख की अनुभूति नहीं हुई, फिर से कांग्रेस में लौटने की जुगत भिड़ाते रहे. आखिरकार मौका मिला, धीरे से दिल्ली में कांग्रेस में शामिल हुए और चुनावी तैयारी में जुट गए. आखिरकार पार्टी नेतृत्व का उन पर भरोसा बढ़ा और उन्हें लोहरदगा से प्रत्याशी बना दिया. वहीं कांग्रेस के पुराने व वफादार सिपाही रहे कालीचरण मुंडा पर फिर से पार्टी ने भरोसा जताया और उन्हें दोबारा केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को चुनौती देने के लिए प्रत्याशी बनाया है. मालूम हो कि 2019 के लोकसभा चुनाव में कालीचरण मंडा ने अर्जुन मुंडा को जबरदस्त टक्कर दी थी. अर्जुन मुंडा मामूली वोटों से ही चुनाव जीत पाये थे.

| राज्य | सीट | प्रत्याशी |
|---|---|---|
| झारखंड | खूंटी | कालीचरण मुंडा |
| झारखंड | लोहरदगा | सुखदेव भगत |
| झारखंड | हजारीबाग | जेपी पटेल |
| मध्यप्रदेश | गुना | राव यादवेंद्र सिंह |
| मध्यप्रदेश | दमोह | तरवार सिंह लोधी |
| मध्यप्रदेश | विदिशा | प्रताप भानू शर्मा |
| तेलंगाना | आदिलबाद | डॉ. सुगन कुमारी चेलिमाला |
| तेलंगाना | मेडक | नीलम मधु |
| तेलंगाना | भोगनीर | चमाला किरण कुमार रेड्डी |
| उत्तरप्रदेश | गाजियाबाद | डॉली शर्मा |
| उत्तरप्रदेश | बुलंदशहर | शिवराम वाल्मीकि |
| उत्तरप्रदेश | सीतापुर | नकुल दुबे |
| उत्तरप्रदेश | महाराजगंज | वीरेंद्र चौधरी |

## ब्रीफ खबरें

### एचईसी के ठेका कर्मियों को मिला एक माह का वेतन

**रांची।** एचईसी बचाव मजदूर जन संघर्ष समिति की पहल पर बुधवार को एचईसी के सप्लाई कर्मचारियों को एक माह का वेतन भुगतान किया गया. यह वेतन भुगतान डायरेक्ट एचईसी यानी प्रिंसिपल एंप्लॉयर ने किया है. पिछले दिनों सीएमडी से वार्ता में उन्होंने स्पष्ट किया था कि कॉन्ट्रैक्ट लेबर एक्ट 21(4)के आधार पर ठेकेदार के नहीं रहने पर एचईसी डायरेक्ट वेतन भुगतान कर सकता है. बता दें एचईसी में लगभग 1500 सप्लाई कर्मचारी है. वहीं लगभग 1100 स्थाई कर्मचारियों को 22 मार्च को एक माह का वेतन भुगतान किया गया था. एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति ने प्रबंधन को धन्यवाद देते हुए मांग की कि राउरकेला से पैसा आया है, उस पैसे से स्थाई कर्मी और ठेका मजदूरों को ढाई माह का वेतन और सप्लाई ठेका कर्मचारियों को बोनस जल्द दें.

### बलूचिस्तान को पाक से आजाद कराने की मांग

**रांची।** हिंद बलूच फोरम की जमशेदपुर इकाई के महासचिव धर्मचंद पोद्दार ने बलूचिस्तान को पाकिस्तान के चंगुल से आजाद कराने की मांग की है. धर्मचंद पोद्दार ने इस आशय का ज्ञापन राष्ट्रपति एवं गृह मंत्री को प्रेषित किया है. उन्होंने कहा है कि पड़ोसी देश बलूचिस्तान पर 1948 में आज के ही दिन पाकिस्तान ने जबरन कब्जा कर लिया था. पड़ोसी होने के नाते हमारा कर्तव्य है कि बलूचिस्तान को हम आजाद करवायें. उन्होंने कहा कि कहा कि बलूचिस्तान में हमारे 52 शक्तिपीठों में से एक माता हिंगलाज भवानी का मंदिर है. बलूचिस्तान को आजाद करवाने के बाद माता हिंगलाज भवानी के दर्शन आसान हो जाएंगे.

### झारखंड-बंगाल सीमा से 11 लाख रुपये जब्त

**दुमका ।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए पश्चिम बंगाल-झारखंड की सीमा पर प्रशासन ने चेक पोस्ट लगाया गया है. बुधवार को जांच टीम ने पश्चिम बंगाल से दुमका की ओर जा रही एक कार से 11 लाख 28 हजार रुपए बरामद किए हैं.

# होली के जश्न में मातम पसरा झारखंड में 16 लोगों की मौत

*रांची । होली के दिन 25 और 26 मार्च को जहां पूरे देश समेत झारखंड जश्न के माहौल में डूबा हुआ था, वहीं कई घरों में मातम पसर गया. दरअसल झारखंड के अलग अलग जिलों में घटना-दुर्घटना में 16 लोगों की मौत हो गयी. जिनमें तीन लोगों की हत्या कर दी गयी और 13 लोगों की दुर्घटना में मौत हो गयी.*

### किस जिले में क्या घटना-दुर्घटना हुई

1. पलामू जिले में होली की खुशियां मातम में बदल गयी. 25 मार्च को होली के दौरान नदी में नहाने के क्रम में दो बच्चियों की डूब कर मौत हो गयी. यह घटना पलामू के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के कादल कुर्मी गांव में हुई.
2. **लोहरदगा जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र के रानीगंज साप्ताहिक बाजार में 25 मार्च की शाम आंधी बारिश के दौरान ग्रामीण बाजार शेड के ऊपर विशालकाय पेड़ गिर गया. इस घटना में दो लोगों की मौत हो गयी.**
3. जमशेदपुर जिले के गालूडीह थाना क्षेत्र स्थित गालूडीह-नरसिंहपुर सड़क के गुडरुबासा टर्निंग के पास 25 मार्च को सड़क हादसा हुआ. इसमें एक युवक की मौत हो गयी.
4. **साहिबगंज जिले के राजमहल थाना क्षेत्र में 25 मार्च को होली के रंग में भंग पड़ गया. मंगलहाट मलाहीटोला निवासी पांडव मंडल नामक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी.**
5. पलामू जिले में 25 मार्च की रात एनएच-75 पर तेज़ रफ़्तार से आ रही दो बाइक की आपस में टक्कर हो गयी. इस टक्कर में दोनों बाइक सवारों की मौत हो गयी
6. **रामगढ़ जिले के गोला थाना क्षेत्र स्थित वनांचल कोनकास्ट प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में होली की देर रात (25 मार्च) मजदूरों के दो गुटों के बीच लड़ाई हो गयी, जिसमें एक मजदूर की मौत हो गयी.**
7. पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र स्थित कल्याणपुर गांव में 26 मार्च की देर रात एक भाई ने अपने चचरे भाई की गोली मारने के बाद गला रेत कर हत्या कर दी.
8. **गुमला जिले में एनएच 23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर 26 मार्च की रात सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी.**
9. गोड्डा जिले भगैया गांव में होली खेलने के बाद स्नान करने गए दो युवकों की तालाब में डूबने से मौत हो गयी. घटना 26 मार्च की दोपहर बाद की है.
10. **चाईबासा में होली (25 मार्च) के दिन डीजे बॉक्स के गिरने से छह साल के मासूम बच्चे की दबकर मौत हो गयी.**
11. सिमडेगा जिले के सदर थाना क्षेत्र के पिथरा पंचायत के अलग-अलग टोलियों में लोग होली की तैयारी में जुटे थे. उसी समय एक जंगली सूअर ने हमला कर एक व्यक्ति की जान ले ली. यह घटना 26 मार्च को घटी.
12. **गोड्डा जिले के बलबड्डा थाना क्षेत्र के परसा गांव में एक कुएं से 26 मार्च को एक युवती की लाश मिली. जिसकी पहचान खुशबू कुमारी के रूप में हुई है.**

### कोड ऑफ कंडक्ट

## आम लोगों को भी सोशल मीडिया पर सावधानी से मैसेज पोस्ट या फॉरवर्ड करना होगा

**रांची ।** लोकसभा चुनाव घोषित होते ही आदर्श आचार संहिता पूरे देश में लागू हो चुकी है. यह आचार संहिता केवल राजनीतिक दल या प्रत्याशियों पर ही लागू नहीं होगी, बल्कि आम लोगों को डी इस दौरान कई सावधानियां बरतने की जरूरत है. चुनाव आयोग के कोड ऑफ कंडक्ट के तहत कोई आम व्यक्ति किसी नेता के प्रचार-प्रसार से जुड़ा हो, तो उस पर कई तरह के नियम लागू होंगे. सोशल मीडिया पर कोई भी मैसेज पोस्ट और फारवर्ड करते समय सावधानियां बरतनी पड़ेंगी. नहीं तो ऐसे लोग आचार संहिता उल्लंघन के दायरे में आ जाएंगे और उनके खिलाफ कार्रवाई भी हो सकती है..

**आम लोगों के किस तरह के मैसेज आएंगे आचार संहिता के दायरे में**

आम लोगों द्वारा आपत्तिजनक पोस्ट, अश्लील सामग्री, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचानेवाले किसी भी पोस्ट को शेयर या लाइक किया जाता है, तो उस यूजर के खिलाफ भी कार्रवाई हो सकती है.

**राजनीतिक दलों या प्रत्याशियों के कार्यकर्ता इस प्रकार आएंगे दायरे में**

राजनीतिक दल के कार्यकर्ता अपने प्रत्याशियों के समर्थन में किसी के भी घर के बाहर पोस्टर चिपका देते हैं या उस पर स्लोगन लिख देते हैं, तो लोगों के लिए यह जानना बेहद जरूरी है कि बगैर अनुमति यदि ऐसा करते हैं, तो घर के मालिक की शिकायत पर उनके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है.

अगर कोई राजनीतिक कार्यकर्ता घर के मालिक के अनुमति के बगैर स्लोगन लिखता है या पोस्टर चिपकाता है, तो उनके खिलाफ संपत्ति विरूपण अधिनियम 1994 के तहत कार्रवाई की जा सकती है. अगर कोई बगैर मकान मालिक की अनुमति के खिलाफ कार्रवाई करता है, तो दंडात्मक कार्रवाई के साथ एक हजार रुपये जुर्माना का प्रावधान है.

### जेसीएम अध्यक्ष बोले: बंद कर दिया गया था एग्जामिनेशन पोर्टल

# रांची विवि के कई छात्र नहीं भर सके सेमेस्टर पांच का फॉर्म

**संवाददाता। रांची**

रांची यूनिवर्सिटी के विभिन्न कॉलेज के लगभग कई छात्र-छात्राएं यूनिवर्सिटी परिसर में जमा होकर सेमेस्टर पांच के परीक्षा फॉर्म भरने के लिए यूनिवर्सिटी से गुहार लगा रहे थे. इस बीच छात्रों के बुलावे पर जेसीएम अध्यक्ष अमन तिवारी के नेतृत्व में जेसीएम छात्र मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल वहां पर पहुंचकर छात्रों की समस्याओं से अवगत होकर प्रबंधन से बात की. पर यूनिवर्सिटी ने अपनी गलती छात्रों पर थोपते हुए उन्हें फॉर्म भरवाने से इनकार कर दिया. वहीं छात्रों का कहना है कि उन्हें सिर्फ दो ही दिन परीक्षा फॉर्म भरने के लिए समय मिला था. साथ ही सर्वर का प्रोब्लम भी था एवं परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि भी साइट में जारी नहीं किया गया था. जिसके कारण असमंजस की स्थिति पैदा हुई.

छात्रों ने बताया कि 22 मार्च के बाद एग्जामिनेशन पोर्टल बंद कर दिया गया था और इधर 23 से होली की छुट्टी थी. जब 27 मार्च को कॉलेज खुलने पर छात्र पहुंचे तो उन्हें बोला गया कि कल से एग्जाम है और अब आ रहे हो. जेसीएम अध्यक्ष अमन तिवारी ने परीक्षा नियंत्रक आशीष कुमार झा से टेलीफोनिक वार्ता कर उन्हे फॉर्म भरने का अवसर देने की बात कही. अमन तिवारी ने कहा कि यूनिवर्सिटी सेशन सुधारने के लिए छात्रों की बलि चढ़ा रही है. परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बिना घोषणा किए पोर्टल को बंद कर दिया गया जो कि सरासर अन्याय है. 18 मार्च के शाम में बीबीए, बीसीए, आईटी वोकेशनल कोर्सों का रिजल्ट आया. इस रिजल्ट में कई खामियां थी. पास करने वाले वाले छात्रों को भी प्रमोटेड लिस्ट में डाल दिया गया था, इसके कारण छात्रों को रिजल्ट समझने में थोड़ा समय लगा. उसके बाद 22 मार्च को एग्जामिनेशन पोर्टल बंद कर दिया गया. 23 से होली की छुट्टी हो गई और जब 27 मार्च को कॉलेज खुली तो छात्र यूनिवर्सिटी पहुंचे तो छात्रों को एक मौका मिलनी चाहिए थी मौका नहीं देना सरासर अन्याय है.

अमन तिवारी ने कहा कि छात्रों का एक साल बर्बाद हो जाएगा जिसके जिम्मेदार यूनिवर्सिटी होगी. उक्त कार्यक्रम में झारखंड छात्र मोर्चा के सचिव असद फेराज टिंकू, डीएसपीएमयू के अध्यक्ष मनीष राणा एवम् छात्रों में अनुराग श्रीवास्तव, हर्ष सिंह, अजीत कुमार साहू, कासिफ रहमान, विक्रम टोप्पो, सहाना परवीन आफरीन नाज, सोब्या परवीन इत्यादि कई छात्र उपस्थित थे.



**खास बातें**

- पीड़ित छात्र-छात्राओं ने विवि परिसर आ कर लगायी गुहार
- विवि प्रशासन ने अपनी गलती छात्रों के मत्थे मढ़ी

**राजनीति**

### कांग्रेस भवन में भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस की नवनियुक्त झारखंड प्रभारी का अभिनंदन

# इलेक्टोरल बॉण्ड का खेल भ्रष्टाचार का वैध स्वरूप : इशिता सेढा

**संवाददाता। रांची**

भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव एवं नवनियुक्त झारखंड प्रभारी इशिता सेढा ने कहा कि इलेक्टोरल बॉण्ड का खेल भ्रष्टाचार का वैध स्वरूप है, जिसका इजाद केंद्र की मोदी सरकार ने किया है. इशिता बुधवार को यहां कांग्रेस भवन में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रही थीं. अभिनंदन समारोह का आयोजन झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में किया गया था.

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए भ्रष्टाचार को वैध किया. इसके बाद स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने बॉन्ड की डिटेल्स उजागर करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट से 30 जून तक के समय की मांग कर कमाल ही कर दिया. इसलिए कि मोदी सरकार नहीं चाहती थी कि इससे जुड़ी जानकारी जनता के सामने जाए. उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बॉण्ड के माध्यम से बड़ा भ्रष्टाचार किया गया है, जिसका पहला तरीका चंदा दो, धंधा लो का है. इसमें 38 कॉरपोरेट समूहों ने इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए चंदा दिया.

उन्होंने कहा कि 16 फर्जी कंपनियों ने करीब 419 करोड़ रुपये का चंदा बीजेपी को दिया है. अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो अडानी के मामले पर जेपीसी जांच के साथ साथ पीएम केयर्स की भी एसआईटी जांच होगी. उन्होंने जनहितकारी कार्यों में सक्रियता के साथ काम करने की अपील की. उल्लेखनीय है कि इशिता सेढा झारखंड का पदभार ग्रहण करते ही ताबड़तोड़ बैठकें कर रही हैं. समारोह की अध्यक्षता युवा कांग्रेस के महासचिव सह रांची विधानसभा के प्रभारी श्री रोहित सिन्हा के नेतृत्व एवं श्री अभिजीत राज ने संयुक्त रूप से की. रोहित ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की गरीब विरोधी नीति का ही यह परिणाम है कि देश में महंगाई, बेरोजगारी का स्तर अपने चरम पर पहुंच गया है. केंद्र सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इसी तरह तानाशाहीपूर्ण रवैया जारी रहा तो युवा कांग्रेस को उग्र आंदोलन करने पर बाध्य होना पड़ेगा. झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के रांची, देवघर, जामताड़ा, कोडरमा, रामगढ़ ,बोकारो, धनबाद, सरायकेला-खरसावां, गुमला, पश्चिमी सिंहभूम , दुमका, लातेहार, लोहरदगा, हजारीबाग, पूर्वी सिंहभूम जिला एवं लीगल सेल की समीक्षात्मक बैठक ली एवं आने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई . मीडिया विभाग, कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ का समीक्षात्मक बैठक लेकर आने वाले कार्यक्रमों के लिए दिशा निर्देश दिया गया. मौके पर मुख्य रूप से कुमार रोशन, जमील अख्तर,गौरव सिंह, माइकल मिंज, रविंदर, कमलेश आदि मौजूद थे.




**खास बातें**

- प्रदेश युवा कांग्रेस ने किया समारोह का आयोजन
- दिल्ली से बुधवार को रांची पहुंचीं इशिता सेढा

# प्रेमी की तलाश में प्रेमिका रांची से गोड्डा पहुंची, प्रेमी फरार

**संवाददाता। रांची**

प्रेमी की तलाश करते हुए एक प्रेमिका रांची से गोड्डा पहुंची गयी. लेकिन प्रेमिका के पहुंचने की सूचना मिलते ही प्रेमी सपरिवार घर में ताला बंद कर फरार हो गया. फिर क्या था, युवती अपने तथाकथित प्रेमी के घर के बाहर ही धरना पर बैठ गई और हंगामा करने लगी. लेकिन लड़की की सुध लेने कोई नहीं पहुंचा. आखिरकार हताश होकर युवती गोड्डा के नगर थाना पहुंची और पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी.युवती ने पुलिस के बताया कि कैसे उसके प्रेमी ने शादी का झांसा देकर न सिर्फ उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया, बल्कि शादी करने से भी इनकार कर दिया.



### साल पर लिव इन रिलेनशिप में रहे, फिर प्रेमी भाग निकला

दरअसल रांची के बरियातू की एक युवती को सोशल मीडिया के माध्यम से गोड्डा के रहने वाले युवक से प्यार हो गया था. दोनों में फोन से बातचीत होने लगी. इसके बाद युवक गोड्डा से रांची पहुंच गया. रांची में युवक और युवती लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगे. एक साल तक दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में रहे.

### सहाफी एसोसिएशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट की इफ्तार पार्टी में बुद्धिजीवी समेत अन्य धर्म व समाज के लोग भी हुए शामिल

# रोजेदारों ने देश में शांति और भाईचारे का संदेश दिया

संवाददाता। रांची



रांची के सहाफी एसोसिएशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के तत्वावधान में कडरू स्थित जामिया बैंक्वेट हॉल में दावत ए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया. रोजेदारों ने उलेमा की अगुवाई में देश व राज्य में अमन-चैन, शांति एवं भाईचारा का माहौल कायम रहने की दुआ मांगी.

मालूम हो कि सहाफी एसोसिएशन की ओर से आरंभ किये गये इफ्तार पार्टी में आस पड़ोस, मुहल्लेवासी, समाजसेवी और बुद्धिजीवी समेत अन्य धर्म समाज के लोग शामिल भी हुए. मौके पर डीआईजी नौशाद आलम, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, सिटी एसपी राजकुमार मेहता, ट्रैफिक एसपी सुमित कुमार अग्रवाल, कोतवाली डीएसपी प्रकाश साय और डीएसपी सीसीआर राम समद मौदूग थे. सभी ने संयुक्त रूप से कहा कि माह ए रमजान एकता व भाईचारगी की सीख देता है. हमें मिल जुलकर सभी त्योहार मनाने चाहिए. हमें हर धर्म का सम्मान करना चाहिए. सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के महासचिव अकिलुर्रहमान ने कहा कि इफ्तार से आपसी मोहब्बत और भाईचारा कायम होती है. ऐसे आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए.

**इफ्तार पार्टी**


- जामिया बैंक्वेट हॉल में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन
- हमें मिलजुल कर सभी त्योहार मनाना चाहिए

रांची सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, हॉपवेल हॉस्पिटल के निदेशक डॉ शाहबाज आलम, डॉ फरहान और डॉ असलम परवेज ने कहा कि रमजान का महीना पाक महीना है. सब लोग आने वाले त्योहार ईद को मिलजुल कर मनाएं. मौके पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन, सह सचिव रत्न लाल, पत्रकार गौतम चौधरी, अंजुमन महासचिव डॉ तारिकहुसैन, मुस्तकीम आलम, मजलिस मुशाविरत के खुर्शीद हसन रूमी, पूर्व डिप्टी मेयर अजयनाथ शाहदेव, अंजुमन इस्लामिया के पूर्व अध्यक्ष इबरार अहमद, पत्रकार शाहीन अहमद, सैयद रमीज, शारिफ इब्राहिम, मो फहीम,गुलाम शाहिद, आसिफ नईम, मो नौशाद, मो शकील, मो मेराज, आमिर हसन, मो नौशाद, एमएम राही, मो गफ्फार, मो सईद, जावेद खान, मोहसिन, मो रहमतुल्लाह, रेहान अहमद, असगर खान, मो रिजवी, मो आसिफ, मो अफसर, मो इमरान, राशिद इमरान, असफर नवाज और मो कमरान मौजूद थे.

**माह-ए-रमजान**

## बरकत का महीना है रमजान : शमशाद

संवाददाता। रांची



रजब अली लेन निवासी मो. शमशाद ने कहा कि बरकतों का महीना है रमजान. रोजगार करते हुए बाहर से आने वाले गरीब मुसाफिरों को इफ्तार जरूर कराएं. रोजेदारों को इफ्तार कराना सुन्नत है. अपनी हैसियत के हिसाब से रोजेदार और गरीबों को इफ्तार कराना चाहिए. यह अमल अल्लाह के नजदीक बहुत ही पसंदीदा है. रोजेदार अल्लाह के नेक बंदे होते हैं रोजेदार का एहतेराम करना सुन्नत है. रमजान के महीने में अल्लाह ताला नेकियों का बदला एक से 70 गुना बढ़ा देता है. इंसान के जिस्म के हर हिस्से का रोजा होता है. हाथ कोई बुरा काम ना करे, पैर गुमराही की ओर न बढ़े, जुबान नशीली चीजों का स्वाद न ले. रमजान का महीना पवित्र महीना है. रोजेदारों को इफ्तार कराना नेकी के समान है. जो रोजेदारों को इफ्तार कराता है, उसके रिज्क ( माल ) में बरकत होती है. रोजेदार को इफ्तार कराना और गरीब एवं बेसहारा लोगों की मदद करने से अल्लाह बहुत खुश होते हैं और अपने बंदों को इनाम देते हैं. रोजेदार को अल्लाह ताला ईद में कई इनाम देते हैं. यह इनाम सिर्फ रोजेदारों के लिए है जो रमजान में अल्लाह के लिए नमाज पढ़ी हो, रमजान में अपने वक्त को कीमती बनाएं.

**ब्रीफ खबरें**

### असंगठित एवं प्रवासी श्रमिकों पर कार्यशाला

**रांची ।** रांची के स्टेशन रोड स्थित होटल चाणक्य में बुधवार को राज्य स्तरीय असंगठित एवं प्रवासी श्रमिकों पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस कार्यशाला की अध्यक्षता नीड्स (उद्यम संवर्धन और विकास सहायता के लिए नेटवर्क) के कार्यकारी निदेशक मुरारी मोहन चौधरी ने किया. कार्यशाला नीड्स स्वाभिमान परियोजना के तहत आयोजित की गई थी. नीड्स के मुरारी मोहन चौधरी ने बताया कि यूरोपीय संघ ने नीड्स के माध्यम से प्रवासी मजदूरी के पलायन के वक्त होने वाली समस्याओं के समाधान के लिए पहल की है. उन्होंने कामधाम ऐप के जरिए मजदूरों को विभिन्न प्रकार के होने वाले फायदों के बारे में बताया. कार्यशाला में इमरजेंसी नंबर भी बताया गया. इसका इस्तेमाल कर ग्रामीणों एवं शहरी लोगों तक मदद पहुंचाया जा सकता है.

### पारंपरिक तरीके से सरना झंडा बदले गये

**रांची।** सरहुल महोत्सव की तैयारी शुरू हो चुकी है. क्षेत्र के सरना पूजा स्थल की सफाई रंगरोगन का काम अंतिम चरण में है. वहीं, सरना समिति कांके क्षेत्र के अध्यक्ष रंजीत टोप्पो के अगुवाई में कांके सरना मैदान व कांके चौक में विशाल सरना झंडा बदली कार्यक्रम संपन्न हुआ. इसके पूर्व पहान महादेव मुंडा द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ सरना समिति के पदधारी व ग्रामीणों ने मानव जाति प्राणी, वनस्पति जगत, जीव जंतु, पेड़ पौधा, नदी नाला पहाड़ पर्वत में रहने वाले सभी के लिए सुख समृद्धि, शांति, स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना कर सरना झंडा बदली किया गया.मौके पर महासचिव बिनोद सांगा, भूगोल उरांव, फूलमणी टोप्पो, डॉ. प्रकाश उरांव, सूरज टोप्पो, कैलाश टोप्पो, संजय उरांव, दीपक उरांव और रमेश लिंडा सहित कई लोग मौजूद थे.

### कल से तीन दिवसीय मजलिस -ए -गम

**रांची।** अंसार नगर स्थित मस्जिद ए जफरिया में हजरत अली दामाद ए रसूल के शहादत दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय मजलिस ए गम का आयोजन 29 मार्च से किया जाएगा. मजलिस में मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी खिताब फरमायेंगे. इसका आयोजन मेहंदी इमाम की ओर से किया गया है. अंतिम दिन 31 मार्च को मजलिस के बाद ताबूत व आलम निकल जायेगा. जिसमें हजरत अली की शहादत की याद में नोहा खानी वह मातम होगा, मजलिस में मर्सिया खानी अता इमाम की ओर से किया जायेगा.

### आदिवासी संगठनों ने शुरू की सरहुल की तैयारी, कार्यक्रम तय

# 10 अप्रैल को उपवास, 11 को सरहुल की शोभायात्रा

बसंत मुंडा। रांची



**उपवास करेंगे**

- शोभायात्रा की तैयारी को लेकर धुमकुड़िया भवन में हुई बैठक
- आदिवासी पारंपरिक वेशभूषा में शोभायात्रा में शामिल होंगे
- रांची में 1970 में पहली बार शोभायात्रा निकाली गई थी

रांची में सरहुल शोभायात्रा को लेकर विभिन्न आदिवासी संगठनों ने तैयारी शुरू कर दी है. इसबार सरहुल की शोभायात्रा 11 अप्रैल को निकाली जाएगी. 10 अप्रैल को सरना धर्मावलंबी उपवास पर रहेंगे. शोभायात्रा की तैयारी को लेकर बुधवार को केंद्रीय सरना समिति का बैठक केंद्रीय धुमकुड़िया भवन करमटोली में हुई. इस मौके पर फूलचंद तिर्की ने कहा कि आदिवासी समाज पारंपरिक वेशभूषा, वाद्ययंत्र के साथ शोभायात्रा में शामिल होंगे. रांची में पहली बार 1970 में हातमा सरना स्थल से सिरमटोली तक कार्तिक उरांव और डॉ. रामदयाल मुंडा के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गई थी. आज प्रत्येक टोला से जुलूस में समाज के लोग शामिल होते हैं. इस वर्ष सरहुल शोभायात्रा में शामिल होने वाले आदिवासी अगुवा को प्रोत्साहित भी किया जाएगा. जुलूस में शामिल होने वाले के लिए बस, लाइट, शौचालय की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी. शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा हो, इसके लिए सरकार से मांग की जाएगी.

रांची के मुख्य पाहन जगलाल पाहन ने कहा कि तीन दिवसीय प्रकृति पर्व सरहुल मनाया जाना है. 10 को सरना धर्मावलंबी उपवास, 11 को सरहुल शोभायात्रा एवं 13 अप्रैल को घरों में फूलखोंसी कार्यक्रम होगा. शोभायात्रा दिन एक बजे हातमा सरना स्थल से सिरमटोली सरना तक जाएगी. लाखों आदिवासी समाज सिरमटोली में माथा टेकेंगे और अपने घर परिवार की खुशहाली की कामना करेंगे. मौके पर अनिल उरांव, अजय लिंडा, प्रमोद एक्का, विनय उरांव, जादव उरांव, बना मुंडा, मीरा टोप्पो, उषा खलखो, नगिया टोप्पो, राधा हेमरोम, रोदनी मुंडा समेत अन्य शामिल थे.

## रूढ़ पूजा पद्धति आदिवासियों की पहचान : सोमा



**रांची।** सरहुल शोभायात्रा की तैयारी को लेकर बुधवार को नगड़ी में जनजाति सुरक्षा मंच की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता सोमा उरांव ने की. उन्होंने कहा कि सरहुल पूर्वजों की देन है. इसे बचाकर रखना आदिवासी समाज की जिम्मेदारी है. आदिवासियों की पहचान और पूजा अनुष्ठान रूढ़ि प्रथा पद्धति से होते हैं. सरना पूजा स्थल पर मुर्गे की बलि देने की प्रथा है. इसे बरकरार रखना है. आदिवासियों की पहचान सफेद झंडे से होती है. आज यह झंडा विलुप्त हो रहा है. जनजातियों की पहचान, रूढ़िप्रथा और कस्टम से चलता है. जनजाति सुरक्षा मंच के अध्यक्ष ने कहा कि आदिवासी समाज सामाजिक व्यवस्था व रूढ़िवादी प्रथा को मानता है. धार्मिक पहान, पुजार, बैग, नायके को सम्मान करना चाहिए. पाहन के नेतृत्व में ही पूजा अनुष्ठान संपन्न कराने की जरूरत है.

उन्होंने कहा कि उपवास के दिन खेती-बाड़ी में कुदाल चलाना वर्जित रहेगा. पाहन अमावस्या की रात में गांव में मिट्टी का प्रवेश कराएगा. 9 अप्रैल को बोड़ेया में खेती-बाड़ी और जमीन में जोत-कोड़ नहीं होगा. 10 अप्रैल को लोग उपवास करेंगे और मछली केकड़ा पकड़ने नदी, तालाब में जाएंगे. 10 अप्रैल को सरना स्थल में विशेष पूजा पाठ होगा. 11 अप्रैल को पाहन विधिवत तरीके से घर-घर जाकर फूलखोंसी कार्यक्रम करेगा. जनजाति सुरक्षा मंच के लोगों ने सरकार से मांग की है कि सरकार सुरक्षा के साथ ही अन्य व्यवस्था करें, ताकि सरहुल शोभायात्रा शांति पूर्वकव भय मुक्त होकर मनाया जाए. मौके पर विमल पाहन , संदीप उरांव, हिंदुवा उरांव, मेघा उरांव, संनी उरांव, जय मंत्री उरांव, लोरया उरांव, डॉ. बुटन महली समेत अन्य शामिल थे.

### 30 मार्च को राज्य के कई जिलों में बारिश के आसार

**रांची।** झारखंड का मौसम फिर बदलने वाला है. बारिश, वज्रपात होने के साथ तेज हवा चलने वाली है. इसे लेकर अलर्ट जारी किया गया है. इसका प्रभाव कई जिलों में देखने को मिलेगा. यह जानकारी रांची एयरपोर्ट स्थित मौसम केंद्र ने बुधवार को दी. राज्य में अगले 3 से 4 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है. मौसम केंद्र के मुताबिक 28 व 29 मार्च को आसमान साफ रहेगा. राज्य के पश्चिमी, दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भागों में कुछ स्थानों पर 30 मार्च को बारिश होने की संभावना है. इसका असर गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, कोडरमा, हजारीबाग, बोकारो, रामगढ़, लोहरदगा, रांची, सिमडेगा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां जिलों में पड़ने की संभावना है.

**नन्हे रोजेदार**

### आठ साल की माहिरा ने रखे हैं आठ रोजे



**रांची।** हिंदपीढ़ी तिवारी तालाब , सैयद कुदरतुल्ला लेन निवासी इमरान हसन की आठ साल की बेटी माहिरा हसन रोजा रख रही है . बच्ची ने आज अपने आठ रोजे पूरे किये हैं . यह एंजेल वर्ल्ड स्कूल की कक्षा तीन की छात्रा है . माहिरा बड़ों की तरह रोजा पूरी पाबंदी के साथ रख रही है . नमाज व कुरआन की तिलावत भी करती है . बच्चे के इस जज्बे से पूरा घर परिवार खुश है .

### पांच साल की वानिया ने रखा पहला रोजा



**रांची।** पांच साल की नन्हीं बच्ची वानिया फातिमा ने अपना पहला रोजा रखा है . आजाद बस्ती फूल बागान निवासी नकी इमाम की बेटी वानिया ने अपना पहला रोजा रखा है . वानिया ने अपने बड़ों की राह पर चलते हुए अपना पहला रोजा आज पूरा किया है . बच्ची की वालदा ( अम्मी ) ने कहा कि उसे कुछ सूरतें और दुआ भी याद है और अरबी भी पढ़ती है . बच्ची के रोजा रखने से घर परिवार के सारे सदस्य काफी खुश हैं . आस पड़ोस एवं दूर के रिशतेदारों ने बच्ची के मां-बाप को इस छोटी उम्र में रोजा रखने के लिये मोबारकबाद दी है .

# पुण्य गुरुवार : यीशु के अंतिम भोज की स्मृति में आराधना आज

संवाददाता। रांची

खीस्तीय विश्वासी कलीसिया के पुण्य गुरुवार के दिन सभी गिरजाघरों में विशेष आराधना होती है. यह आराधना यीशु मसीह के क्रूस में बलिदान होने से पूर्व अंतिम भोज की स्मृति में की जाती हैं. यह दिन यीशु ख्रीस्त के प्रेम और बलिदान की अमर गाथा की है.

खीस्तीय विश्वासी पुण्य गुरुवार की महत्वपूर्ण घटनाएं याद करते हैं. उन महत्वपूर्ण घटनाओं में प्रमुख है पैर धोने की क्रिया अर्थात प्रेम की आज्ञा-यीशु ने अपने शिष्यों को एक आज्ञा दी "एक दूसरे को प्यार करो जैसे मैंने तुम्हें प्यार किया". यीशु ने अपने शिष्यों के पैर धोकर प्रेम, नम्रता और सेवा का अद्भुत पाठ पढ़ाया. यीशु ख्रीस्त ने संदेश दिया कि सच्चे दिलवाले मानव की सेवा ही सबसे उत्तम सेवा है. पवित्र यूखारिस्त ( परम प्रसाद / प्रभुभोज ) की स्थापना- यीशु ने अपने शरीर और रक्त को रोटी और दाखरस के रूप में अर्पित किया, जिसे प्रत्येक पुरोहित दैनिक और विशेषकर प्रत्येक रविवार को संपन्न करता है. इसे पवित्र मिस्सा या पवित्र यूखारिस्त के जन्मदिन के रूप में भी मनाया जाता है. पवित्र पुरोहिताई की स्थापना - प्रभु ने अपने शिष्यों को आज्ञा दी कि वे उनकी स्मृति में यह क्रिया करते रहें.

**फादर सुशील टोप्पो ने दिया संदेश**



पवित्र बृहस्पतिवार का दिन ख्रीस्तीय विश्वासियों के लिए एक पवित्र दिन होता है . इस दिन को वे प्रभु यीशु के अंतिम भोज की पावन स्मृति को मनाते हैं . इस दिन, प्रार्थना और धर्मविधि के केंद्र में तीन महत्वपूर्ण घटनाएं होती हैं, जो यीशु ने अपनी मृत्यु के एक दिन पूर्व संपन्न की थीं . ये घटनाएं न केवल हमारे हृदय को छूती हैं, बल्कि हमारे जीवन को भी गहराई से प्रभावित करती हैं . आनंद - प्रभु ने पवित्र यूखारिस्त की स्थापना की जिसके माध्यम से यीशु ने खुद को मानव जाति के लिए दे दिया . दु :ख- पवित्र यूखारिस्त की स्थापना के बाद, यीशु ने कलवारी पर अपनी बलि चढ़ा दी, जिससे हर पवित्र यूखारिस्त ख्रीस्त के क्रूस का बलिदान बन गया . यही वजह है कि सभी ख्रीस्तीय के जीवन में मिस्सा पूजा का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान होता है . कैथोलिक कलीसिया की शिक्षा भी यही है कि 'पवित्र यूखारिस्त सभी ख्रीस्तीय जीवन का स्रोत है .

### प्राचीन मंदिर परिसर में भक्तों ने की हनुमान जी की विशेष आरती

# हनुमान मंदिर में लगा हनुमान ध्वजा

संवाददाता रांची



महावीर चौक स्थित प्राचीन श्री हनुमान मंदिर में मंगलवार को पुजारी शारदा मिश्रा द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हनुमान का ध्वजा लगाया गया. इस कार्यक्रम का आयोजन श्री महावीर मंडल, रांची के पदाधिकारियों एवम श्री राम भक्तों के सदस्यों की ओर से किया गया.

इस अवसर पर झंडा पूजन सभी श्री राम भक्तों ने किया. इसके साथ ही मंदिर परिसर में श्रद्धालु भक्तों ने हनुमान जी की विशेष आरती की. पूजन के बाद मंदिर परिसर में श्री हनुमान ध्वजा को सभी भक्तों ने मिलकर लगाया. इस अवसर पर श्री महावीर मंडल के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू ,उपाध्यक्ष राजा सेनगुप्ता, मंत्री दीपक ओझा, किशोर साहू, राजीव रंजन मिश्रा, सह मंत्री गोपाल सोनी, उदय रविदास, कोषाध्यक्ष प्रमोद सारस्वत, प्रचार मंत्री मुन्ना शर्मा, रोशन अग्रवाल, गोपाल पारीक, शंकर प्रसाद, विनोद कुमार, विष्णु प्रसाद लीलू, शंकर साहू, नरेश ठाकुर, विजय गुप्ता, सुरेंद्र राय, अन्नू कुमार, प्रेम चौधरी, नितिन सिरमोर, राजीव पांडेय, राजीव चौधरी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे. पहली मंगलवारी को प्राचीन हनुमान मंदिर में श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के कई रामभक्त अखाड़ाधारी आये. उन्होंने वीर बजरंगबली संग ध्वजा का पूजन किया. इस अवसर पर श्री महावीर मंडल के पदाधिकारी द्वारा प्रत्येक झंडाधारियों, अखाड़ाधारियों को माला पहनकर उनका स्वागत किया गया. भगवान को बुंदिया का भोग लगाकर प्रसाद बांटा गया.

### रांची के पुरुलिया रोड स्थित संत मरिया महागिरजाघर में क्रिज्म बलिदान मिस्सा कार्यक्रम संपन्न

# पुरोहित और विश्वासी एक -दूसरे के पूरक हैं

संवाददाता । रांची



राजधानी के पुरुलिया रोड स्थित संत मारिया महागिरजाघर में मंगलवार को नए महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आइंद की अगुवाई में क्रिज्म मिस्सा बलिदान संपन्न हुआ. क्रिज्म मिस्सा कैथोलिक कलीसिया में सभी पुरोहितों के लिए एकता, धर्माध्यक्ष के प्रति आज्ञाकारिता व समर्पण का प्रतीक है. मौके पर 300 से अधिक पुरोहितगण उपस्थित थे.

रांची के सभी पुरोहितों ने आर्चबिशप विंसेंट आइंद के समक्ष अपने पुरोहिताई कर्त्तव्यों का नवीनीकरण किया. पवित्र समारोह में पवित्र तेलों की आशीष की गई. बता दें कि (तीन प्रकार के पवित्र तेल) कैथोलिक कलीसिया में प्रत्येक वर्ष पस्का पर्व के पहले पुण्य सप्ताह में तीन प्रकार के पवित्र तेलों में आशीष की जाती हैं. जिनमें दीक्षार्थियों का तेल, पवित्र विलेपन का तेल और बीमारों का तेल शामिल है. मौके पर पवित्र तेलों को फादर अमित डुंगडुंग, फादर बिपिन टोपनो और फादर असीम मिंज ने महाधर्माध्यक्ष के सम्मुख प्रस्तुत किया. यह अनुष्ठान प्रत्येक धर्मप्रांत के महागिरजाघर में संपन्न होती है. आर्चबिशप विंसेंट आइंद ने अपना कार्यभार संभलने के बाद पहली बार रांची के सभी पुरोहितों के साथ क्रिज्म मिस्सा संपन्न किया. इस मौके पर आर्चबिशप विंसेंट आइंद ने (धर्मोपदेश) संदेश में कहा कि, सही मायने में सभी पुरोहितों का आज जन्मदिन है, क्योंकि आज ही दिन में पुरोहितों का संस्कार प्रभु ने स्थापित किया. साथ ही उन्होंने कहा कि पुरोहित एवं विश्वासी एक दूसरे के पूरक हैं. सभी पुरोहितों से प्रार्थना करने की बात कही. क्रिज्म मिस्सा पर रांची के नए आर्चबिशप विंसेंट आइंद के अलावा फादर आनंद डेविड खलखो, फादर मनोज, फादर प्रसन्न तिर्की, फादर वीरेंद्र खलखो, फादर प्रफुल तिग्गा, फादर अंजलुस एक्का, फादर विनय केरकेट्टा, फादर जॉर्ज मिंज, फादर बिपिन तोपनो एवं ख्रीस्त विश्वासी मौजूद थे.

**चिकित्सा**

### एचसीजी कैंसर सेंटर के हेड एंड नेक ऑन्कोलॉजिस्ट हैं डॉ. गणेश

# ठीक हो सकता है गले का कैंसर : डॉ. गणेश

संवाददाता। रांची



**रहें जागरूक**

- गांठ जैसी समस्या आगे चलकर गंभीर हो सकती है
- सही समय पर पहचान कर बीमारी से बचा जा सकता है

गले के कैंसर को लेकर फैली भ्रांतियां, इसके लक्षण, रोकथाम और इलाज से जुड़ी हर पहलू पर बात करते हुए एचसीजी कैंसर सेंटर, रांची के सीनियर कंसल्टेंट और हेड एंड नेक ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. गणेश अग्रवाल ने कहा कि हमारा गला हमारे शरीर के एक अहम प्रवेश द्वार के रूप में काम करता है.

यह खाने-पीने, सांस लेने, स्वाद लेने और बात करने के लिए एक विशेष अंग के रूप में काम करता है. यह संचार और पोषण दोनों के लिए आवश्यक है, लेकिन गले में किसी तरह की समस्या इन सभी सुविधाओं में बाधक बन सकती है. गले में लगातार होने वाली खराश, कर्कशता या गांठ जैसी समस्याएं आगे चलकर बड़ी और गंभीर बीमारी का रूप ले सकती है. गले में खराश व अन्य समस्याएं कई कारणों से हो सकती है, पर सही समय पर संभावित कारणों की पहचान कर आप गले का कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बच सकते हैं. गले का कैंसर, जिसे हेड एंड नेक कैंसर भी कहा जाता है, वाइस बॉक्स, गला, टॉन्सिल और जीभ तक को प्रभावित करता है. यह तब होता है जब मुंह या गले में कोशिकाएं असामान्य रूप से बढ़ने लगती हैं और नियंत्रण से बाहर हो जाती हैं. समय के साथ यह बीमारी इतनी गंभीर होती चली जाती है कि जिससे मरीज की जान भी जा सकती है.

गले के कैंसर के कई कारक हो सकते हैं, जैसे तंबाकू या शराब का सेवन, असंतुलित आहार और ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी). गले के कैंसर के निदान व उपचार के लिए प्रभावी उपकरण और विकल्प उपलब्ध हैं. सबसे पहले इसकी पहचान के लिए जांच कराना जरूरी है. शारीरिक जांच में एक्स-रे, सीटी स्कैन और बायोप्सी जैसे जांच शामिल हैं. इसके बाद कैंसर के स्टेज व मरीज की शारीरिक स्थिति के अनुसार सर्जरी, रेडिएशन थेरेपी, टारगेट थेरेपी व कीमोथेरेपी सहित विभिन्न विकल्पों के साथ इलाज किया जा सकता है.

### 31 मार्च तक बन सकते हैं अग्रवाल सभा का सदस्य

**रांची।** अग्रवाल सभा के सत्र 2022-24 के लिए आजीवन सदस्यता प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 मार्च है. अग्रवाल सभा के मंत्री मनोज चौधरी, सदस्यता अभियान के संयोजक अजय खेतान एवं जितेश अग्रवाल ने कहा कि रांची जिला के समस्त अग्रवाल समाज के सभी लोग जो अग्रवाल सभा के सदस्य नहीं बने हैं, वे 31 मार्च तक आजीवन सदस्यता शुल्क 2500 रुपए जमा करा कर रांची अग्रवाल सभा की आजीवन सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं. सदस्यता फॉर्म महाराजा अग्रसेन भवन में भी उपलब्ध है. उक्त जानकारी देते हुए अग्रवाल सभा के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने कहा कि अग्रवाल सभा के सदस्य बनने की तिथि के मात्र चार दिन रह गए हैं. जो सदस्य नहीं बन सके हैं, इसका लाभ उठा सकते हैं.

# द लॉस्ट गर्ल में विवेक का है संगीत

संवाददाता। रांची




रांची के करमटोली स्थित प्रेस क्लब में बुधवार को रांची के संगीतकार विवेक अस्थाना की बॉलीवुड फिल्म "द लॉस्ट गर्ल" की म्यूज़िक का प्रदर्शन किया गया. "द लॉस्ट गर्ल" सिनेमाघरों में पांच अप्रैल को आएगी. बता दें कि इसमें रांची के विवेक अस्थाना ने संगीत दिया है और बॉलीवुड में अपनी सफलता का परचम लहराया है. इस फिल्म के टीजर को सात लाख लोगों ने देखा है.

एडमेक इंडिया मीडिया, एआर फिल्म्स और एआर स्टूडियोज द्वारा निर्मित फिल्म द लॉस्ट गर्ल का म्यूजिक पैनोरमा म्यूजिक कंपनी द्वारा रिलीज़ किया गया है. इसके गाने बहुत पसंद किए जा रहे हैं. इस फिल्म की कहानी जीवन के संघर्ष पर आधारित है. इसमें मुख्य पात्र सुहानी है. इसका किरदार प्राची बंसल ने अदा किया है, जो 1984 के भीषण सिख दंगे में अपने मां बाप से बिछड़ जाती है. वह भूखे प्यासे कई दिनों तक फुटपाथ पर रहती है. 15 साल के कठिन संघर्ष के बाद वह अपने मां बाप का पता लगाती है. वह पूरे समाज के लिए एक प्रेरणा बनती है. द लॉस्ट गर्ल समाज में महिला सशक्तिकरण के जज़्बात को बढ़ाने का संदेश देती है. इस फिल्म का संगीत विवेक अस्थाना ने दिया है. छायांकन फारूक खान का है. सैकंड यूनिट डायरेक्टर प्रभात ठाकुर, गीतकार अपूर्वा आशीष हैं. आवाज नेहा राजपाल और वीना जोशी ने दी है और कॉस्ट्यूम सिमी रानोलिया ने डिजाइन की है.

### फैक्ट्री कैंपस में माचिस, पशु आहार बनाने की भी फैक्ट्री, कुछ मीटर की दूरी पर ही पेट्रोल पंप भी डरे हुए

# दाना फैक्ट्री में आग, एक करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान

**संवाददाता । पुटकी**


मंगलवार को 12 बजे धनबाद बोकारो सड़क से सटे पुटकी थाना क्षेत्र के चिरुडीह गांव के निकट मेसर्स बी एस प्रसाद कंपनी के प्लास्टिक की दाना फैक्ट्री के एक बड़े गोदाम में भीषण आग लग गयी. फैक्ट्री मालिक झरिया निवासी भोलानाथ माथुरी ने कहा कि आगजनी में एक करोड़ रुपये से ज्यादा की क्षति का अनुमान है. घटना के वक्त वह घर पर थे. घटना की सूचना फोन पर सूचना मिली. आग लगने से कीमती दाना बनाने की मशीन, प्लास्टिक का 25 टन कचड़ा, निर्मित दाना 30 टन, गोदाम भवन और अन्य सामग्री जल व खाक हो गयी.



**आग पर नियंत्रण होने से बड़ी घटना टल गई :** फैक्ट्री कैम्पस में माचिस,पशुआहार बनाने की भी फैक्ट्री व गोदाम संचालित है.जो बाल बाल बच गए. गोदाम के कुछ मीटर की दूरी पर ही पेट्रोल पंप भी है. आग पर नियंत्रण हो जाने से एक बड़ी घटना टल गई. दो बड़े गोदाम व एक छोटा कमरा पूरी तरह बर्बाद हो गए. छोटे कमरे को खोलकर काफी देर बाद एक गैस सिलेंडर बाहर निकाला गया. राज्य सरकार के धनबाद, झरिया, सिंदरी, टाटा जामाडोबा व बीसीसीएल की आठ फायर ब्रिगेड के वाहन व 30 से ज्यादा कर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से करीब 12 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया. तेज हवा के कारण आग तेजी से फैली तथा एक के बाद दूसरे गोदाम और उसके बगल के छोटे ऑफिस को चपेट में ले लिया. तीसरे गोदाम तक आग पहुंच गई थी, लेकिन दमकल कर्मियों ने उसे बचा लिया.

#### आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी

आग लगने से करीब छह हजार स्क्वायर फुट में बने गोदाम के शेड आग की धधक से नीचे गिर पड़े. इससे जल पर प्लास्टिक के कचड़े को बुझाने में दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी. दमकल कर्मियों के साथ पुटकी के अंचलाधिकारी विकास आनंद व थाना प्रभारी मनोहर करमाली पूरी टीम के साथ आग बुझाने की प्रक्रिया में लगे रहे. वाहनों के रास्ते प्रवर्तित कर दिए



### खतरे में जान : धनबाद में 95 % दवा दुकानों में विशेषज्ञ नहीं हैं

# फार्मासिस्ट नहीं, पर बेच रहे दवा

## फार्मासिस्ट ही डॉक्टर का प्रिस्क्रिप्सन देखकर दवा देने के लिए अधिकृत

**राजा गुप्ता । धनबाद**

देश की कोयला राजधानी धनबाद में 30 लाख की आबादी की जिंदगी की सुरक्षा 1853 दवा दुकानों पर है. सामान्य बीमारी हो या फिर गंभीर बीमारी, इन दवा दुकानों द्वारा उपलब्ध करायी गईं दवाओं से ही लोग स्वस्थ होते हैं और जिंदगी की रफ्तार आगे बढ़ाते हैं. अगर यही दवा दुकानदार लाखों की आबादी की जिंदगी से खिलवाड़ करने लगें, तो लोग भला क्या करें. जी हां हम बात कर रहे हैं 1853 दवा दुकानों से लोगों को दवा देनेवालों के बारे में.

आम लोगों की नजरों में तो ये लोग फार्मासिस्ट हैं, लेकिन हकीकत में ये फार्मासिस्ट नहीं हैं, बल्कि आम व्यक्ति हैं. इन्हें थोड़ा बहुत अंग्रेजी लिखना- पढ़ना आता है और कुछ दिन दवा दुकानों में काम कर दवाओं का नाम जान जाते हैं. फिर ये लोग 10 से 12 हजार की तनख्वाह पर किसी भी दवा दुकान में काम करते , जबकि नियमतः यह गैरकानूनी है. दुकानदार भी जानते हैं कि ऐसे अपराध पर कड़ी कार्रवाई हो सकती, इसके बावजूद वे बेखौफ दवाईयां की बिक्री करते हैं. दवा धंधे में 25 से 50 फीसदी तक का फायदा है. कई कंपनियों की कफ सिरप में 75 से 89 फीसदी फायदा होता है. दुकानदार औषधि प्रसाधन सामग्री अधिनियम - 1940 का खुलेआम उल्लंघन कर रहे हैं. औषधि विभाग के पदाधिकारी पर बिना फार्मासिस्ट के संचालित दवा दुकानों पर कार्रवाई करने की जिम्मेवारी है, लेकिन ड्रग इंस्पेक्टर की कमी का बहाना बना विभाग भी चुप्पी साधे रहता है. लेकिन सच्चाई ये है कि औषधि विभाग के जिन गिने-चुने अफसरों पर जांच व कार्रवाई की जिम्मेवारी होती है, उन्हें दवा दुकानदार सेट किये रहते हैं और मामला ले-जेकर ऐसे ही चलता रहता है.



- फार्मासिस्ट के डिग्री के दस्तावेज पर दुकानदार जारी करा लेते हैं लाइसेंस
- दवा दुकानों का यह गोरखधंधा वर्षों से ऐसे ही फल-फूल रहा है

#### तीन दुकानों का लाइसेंस हो चुका है रद्द

कभी कभार कंपनी के प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय के पदाधिकरियों से शिकायत कर कार्रवाई कराते हैं. उसके बाद कुछ दुकानों पर कार्रवाई होती है. लाइसेंस भी निरस्त होता है. पिछले साल धनबाद में तीन दुकानों का लाइसेंस निरस्त किया गया था. कोयलांचल में 95 फीसदी दवा दुकानों में फार्मासिस्ट नहीं हैं. फिर भी जीवन रक्षक दवाएं बिक रही हैं. लोगों का कहना है कि फार्मासिस्ट को ही चिकित्सक का प्रिस्क्रिप्सन देखकर दवा देने का अधिकार है. दुकान में काम करनेवाला आम व्यक्ति ही प्रिस्क्रिप्शन देखकर दवाएं दे देता है. लोगों का कहना है कि फार्मासिस्ट की डिग्री पर ही दुकानदारों को लाइसेंस मिलता है, लेकिन दुकानदार विभाग के पदाधिकारियों से सेटिंग कर फार्मासिस्ट की डिग्री के दस्तावेज पर रांची जाकर ड्रग लाइसेंस जारी करा लेते हैं.

#### एक फार्मासिस्ट की डिग्री से दो-तीन दुकानों का जारी करा लेते हैं लाइसेंस

जानकारी के अनुसार दुकानदार एक फार्मासिस्ट की डिग्री की कॉपी से दो से तीन दुकानों का लाइसेंस जारी करा लेते हैं. जबकि नियमतः एक फार्मासिस्ट की डिग्री की कॉपी से एक ही दुकान का लाइसेंस जारी करने का नियम है. लाइसेंस जारी करते समय फार्मासिस्ट का होना अनिवार्य है. पूर्व में धनबाद में जांच में कई मामले पकड़े जा चुके हैं, जिसमें एक फार्मासिस्ट की डिग्री की कॉपी दो से तीन दुकानदारों के पास है, जिससे उसने लाइसेंस जारी करा लिया है. वह फॉर्मासिस्ट किसी दवा दुकान में काम भी नहीं करता है. दो-तीन दवा दुकानों को डिग्री की कॉपी देकर हर महीने 20 से 30 हजार रुपये वसूल लेता है.

#### आजीवन कारावास और 10 लाख तक जुर्माना का है प्रावधान

विभाग के अनुसार औषधि प्रसाधन सामग्री अधिनियम -1940 के खिलाफ जाकर दवा का कारोबार करने पर दुकान मालिक पर एफआईआर करने, लाइसेंस निरस्त करने, दुकान सील करने, आजीवन कारावास व उसके साथ दस लाख रुपये के जुर्माने का भी प्रावधान है. जबकि अब तक किसी भी दुकानदार के खिलाफ ऐसी कार्रवाई नहीं की गयी है. दुकानदार को बिल भी देने का नियम है, लेकिन ज्यादातार दुकानों में बिल नहीं दिया जाता, बल्कि सादे कागज या दवा के लिफाफे पर हिसाब जोड़कर पैसा वसूल लिया जाता है. वहीं दूसरी ओर दवा के थोक कारोबार में फार्मासिस्ट रखने का नियम नहीं है. यहां सक्षम कर्मी काम कर सकता है, जो दवाओं का नाम जानता है.

### डीआईजी ने बॉर्डर इलाके का औचक निरीक्षण किया

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के आने वाले बंगाल बॉर्डर दुलमी गांव के डांगडुंग पुल के समीप जाकर पुलिस उप महानिरीक्षक रांची के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया .इस दौरान इन्होंने बॉर्डर पर मौजूद पदाधिकारी और पुलिस बल को 24 घंटे सीमा से आवाजाही करने वाले प्रत्येक वाहनों की जांच करने एवं मादक पदार्थ, शराब,कैश,अन्य सामग्री जो चुनाव को प्रभावित करती है ऐसी वस्तुओं पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिए . मौके पर सिल्ली डीएसपी रणवीर सिंह, सोनाहातू थाना प्रभारी चंदन कुमार, सिल्ली थाना प्रभारी मोहित कुमार, और मुरी ओपी प्रभारी कुंदन सिंह मौजूद थे.

### टुंगरी शिव मंदिर में पहली बार विवाह हुआ संपन्न

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बुधवार के दिन खेदाडीह निवासी भूदेव महतो उम्र 52 वर्ष एवं जतरा निवासी रमणी कुमारी उम्र 45 वर्ष दोनों ने भोलुआ टुंगरी पहाड़ पर शिव मंदिर में गांव वालों के समक्ष शादी रचाई. दोनों के परिवार वालों ने उनको आशीर्वाद देकर जीवन खुशहाली पूर्वक बिताने का कामना किया. बताते चले की भोलुवा टुंगरी पहाड़ पर देव महादेव की मंदिर स्थापित किया गया है. ग्रामीणों का कहना है कि हमारे गांव के शिव मंदिर में पहली बार शादी विवाह संपन्न कराया गया.

## ब्रीफ खबरें

### सड़क दुर्घटना में सिल्ली के युवक की मौत

**सोनाहातू।** जमशेदपुर सड़क के विरदीडीह मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में सिल्ली के एक युवक का मौत हुआ है. घटना मंगलवार रात 8 बजे के आसपास की है. 23 वर्षीय युवक सुनील कुमार महतो सिल्ली थाना क्षेत्र के सुंडिल गांव निवासी था.जो जमशेदपुर में एक एनजीओ में काम करता था. होली पर्व सम्पन्न होने के बाद मंगलवार को जमशेदपुर जाने के लिये घर से मोटरसाइकिल से 4 बजे के आसपास निकला था.अज्ञात वाहन के टक्कर से मोटरसाइकिल से गिर गया होगा जिससे तत्काल घटनास्थल में ही मौत हो गया. सोनाहातू पुलिस शव को कब्जे में लेकर बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेजा.

### सरहुल पूजा समिति का किया गया गठन

**इटकी।** केंद्रीय सरना समिति इटकी के तत्वाधान में सरहुल पूजा समिति का गठन कर झखरा सरना स्थल में मंगलवार को एक बैठक हुई. जिसका अध्यक्षता भोला उरांव ने कि जिसमें सरहुल पूजा समिति के अध्यक्ष बीरा उरांव और उपाध्यक्ष विजय उरांव, सचिव सुरज उरांव, कोषाध्यक्ष अजय उरांव एवं कार्यकारी अध्यक्ष श्रीनाथ उरांव को चुना गया. बैठक में पूजा 11 अप्रैल और शोभा यात्रा 12 अप्रैल को तय किया गया. बैठक में सुधीर उरांव, सुका उरांव, बिदेश्वर उरांव, बेलबरन, मुन्ना कुजूर सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे.

### मांडर में कुएं से युवक का शव बरामद,पुलिस जांच में जुटी

**मांडर।** मांडर थाना क्षेत्र के पुंगी मोड़ के निकट लछु उरांव के कुएं से बुधवार को युवक का शव बरामद किया गया .शव की पहचान पुंगी के ही 30 वर्षीय वासुदेव उर्फ बुधु महतो के रूप में की गई.मिली जानकारी के अनुसार गांव के एक सज्जन कुएं के पास से गुजर रहे थे. तभी उसकी नजर कुएं के अंदर तैर रही लाश पर पड़ी .उन्होंने तत्काल इसकी सूचना ग्रामीणों और स्थानीय थाना को दी.सूचना पाते ही ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए और शव को रस्सी लगाकर बाहर निकाला.घटना की जानकारी मिलते ही मांडर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया .

### बचरा बसंत विहार कॉलोनी में नमाजे तरावीह का समापन

## नमाजे तरावीह में देश व राज्य की खुशहाली की दुआ मांगी



**संवाददाता । पिपरवार**

सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बसंत विहार कॉलोनी में रमजान के मौके पर चल रहे नमाज ए तरावीह का मंगलवार की रात को समापन किया गया.चतरा जिला के लावालौंग के मझडीहा से आये हुए हाफिज नेहाल अख्तर के द्वारा मुकम्मल तरावीह पढ़ाई गई.जानकारी के अनुसार सोमवार 11 मार्च की रात से रमजान का चांद दिखने के साथ ही बसंत विहार कॉलोनी में नमाजे तरावीह की शुरुआत की गई थी,जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुए.बंसत विहार कालोनी मे रहने वाले सीसीएल कर्मियो एंव उनके आश्रितो के लिए प्रत्येक वर्ष कालोनी मे तरावीह की नमाज आयोजित की जाती है.तरावीह के समापन पर मिलाद उन नबी कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें रमजान महीने में तरावीह की नमाज की विशेषता पर प्रकाश डाला गया. इस मौके पर नात शरीफ व तकरीर भी पेश किया गया.अंत मे क्षेत्र एवं राज्य की अमन-चैन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई.इस मौके पर पुरनाडीह पीओ शकील अख्तर,मगध खान प्रबधंक मो. अकरम, सिविल अधिकारी असलम आजाद, इस्लाम अंसारी, अब्दुल कुदुस, आबिद हुसैन, असलम आजाद, जसउद्दीन अंसारी, मुस्तकीम अंसारी, खुर्शीद आलम, अमजद अली, मो. मन्जुर, मो. नेजाम, जसीक अंसारी, रियाज अंसारी, मो. कलामउदीन, जमाल खान, दिलनवाज अंसारी, शाकिरउद्दीन अंसारी, कूदूस खान, जावेद अख्तर, मो. आशिक,मो. फारूक, खुर्शीद खान सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे.

### सड़क हादसे में युवक की मौत,दो लोग घायल

**मांडर।** मांडर बाजार टांड़ निवासी 21 वर्षीय मनोज उरांव और टांगर निवासी राजूराम व अनुज उरांव बाइक से कहीं जा रहे थे. इसी दौरान सामने से आ रही एक अन्य बाइक से सीधी टक्कर हो गयी. इस हादसे में मनोज और अनुज को प्राथमिक उपचार के लिए रेफरल अस्पताल मांडर ले जाया गया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया.इसी दौरान रास्ते में ही मनोज की मौत हो गई, मनोज झारखंड से बाहर रहकर कहीं काम किया करता था. होली के दौरान वह छुट्टी मनाने घर आया था.

### नरकोपी में 12 को निकलेगी विशाल सरहुल शोभायात्रा

**बेड़ो।** नरकोपी आदिवासी सरना विकास सभा के बैनर तले नरकोपी सरना भवन में सरहुल पर्व को लेकर समाजसेवी सह पूर्व सरवा पंचायत मुखिया विरेन्द्र उरांव की अध्यक्षता में बैठक हुई. बैठक के दौरान 12 अप्रैल को नरकोपी में भव्य सरहुल शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया. सरहुल को लेकर आयोजित बैठक के दौरान सरहुल पूजा एवं सरहुल शोभायात्रा की रणनीति बनाई गई. बैठक के दौरान समाजसेवी बोदहा उरांव, महेश उरांव, नारायन उरांव, दिलीप उरांव, लालू उरांव, रविन्द्र साहू (सिंगलू), बिहारी उरांव व सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## खेत का पटवन करने के दौरान करंट लगने से किसान की मौत

**संवाददाता । लापुंग**

लापुंग थाना क्षेत्र के देवगांव पंचायत अंतर्गत सरसा निवासी किसान 36 वर्षीय प्रेम कुमार भगत का करंट की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई . उसकी मौत की खबर से अफरातफरी मच गई. पारिवारिक सूत्रों के अनुसार मंगलवार की सुबह लगभग 8:30 बजे घघारी सड़क किनारे झरिया तालाब के पास गरमा धान की रोपनी करने गए प्रेम कुमार भगत अचानक करंट की चपेट में आने से खेत में ही छटपटाने लगे तभी घघारी जा रहे श्रद्धालुओं की नजर प्रेम कुमार भगत पर पड़ी. उन्होंने दौड़कर तार में प्रवाहित करंट की चपेट से प्रेम को अलग करने का प्रयास किया. लेकिन तब तक देर हो चुकी थी. खबर मिलने पर प्रेम कुमार भगत के दोस्त दशरथ तिर्की भी घटनास्थल पहुंचे.उन्होंने लापुंग पुलिस प्रशासन को घटना की सूचना दी. सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा किया.

फिर शव को अपने कब्जे में लेकर रिम्स पोस्टमार्टम करने के लिए रिम्स भेज दिया. पोस्टमार्टम के बाद जब शव घर पहुंची तो प्रेम कुमार भगत की पत्नी वीणा तिर्की उर्फ वीणा देवी का रो रोकर हाल बेहाल हो गया. दोनों बेटे क्रमशः कौशिक कुमार भगत एवं सतीश कुमार भगत भी शव से



लिपटकर रोने लगे इससे माहौल और भी गमगीन हो उठा. देर शाम लगभग छह बजे गांव के मसना में ही मिट्टी संस्कार किया गया. घटना की सूचना पाकर देवगांव पंचायत के पूर्व मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि संतोष तिर्की, मुखिया दुर्गा उरांव, समाजसेवी दशरथ कुमार तिर्की, घघारी बाबा धाम प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकमल गोप, चंदर भगत, शिरडी साईं ग्राम विकास केंद्र के प्रबंधक मनोज उरांव, सचिव सत्येंद्र भगत, अध्यक्ष संतोष चौरसिया के साथ सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर दुःख व्यक्त किया और परिजनों को ढांढस बंधाया. पंचायत की पंचायत समिति सदस्य पूनम टोप्पो ने भी प्रेम के आश्रित परिवार को ढांढस बंधाया.

### चतरा, हजारीबाग व रामगढ़ में 13 हत्या, लूट, लेवी और आर्म्स एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं

# सब जोनल कमांडर राजेश गंझू सहित पांच गिरफ्तार

**संवाददाता । हजारीबाग**

जेजेएमपी के सब जोलन कमांडर राजेश गंझू उर्फ बंधन सहित पांच उग्रवादियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया. हथियार और कारतूस के साथ उग्रवादियों को पुलिस ने पकड़ा. बता दें कि 14 मार्च को बड़कागांव के बलोदर गांव में पुल और सड़क निर्माण कंपनी के साइट पर उग्रवादियों ने वाहनों में आग लगायी थी और फायरिंग की थी. एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि उग्रवादी संगठन टीपीसी के धर्मवीर के नाम से लेवी मांगी जा रही थी. पुलिस की टीम उसे तलाश रही थी. इसी दौरान कुख्यात राजेश उर्फ बंधन गंझू, पिता स्व. जानकी गंझू बेंदी, कटकमदाग पुलिस के हत्थे चढ़ गया. राजेश पर चतरा, हजारीबाग, रामगढ़ में 13 से अधिक मामले दर्ज हैं. इनमें अपहरण, हत्या, फिरौती, लेवी, रंगदारी, आगजनी, लूट व हथियार से संबंधित मामले दर्ज हैं.

**14 मार्च की रात लेवी को लेकर निर्माण कंपनी के वाहनों में आग लगाने और फायरिंग का आरोप**



#### जेजेएमपी छोड़कर राजेश ने आपराधिक गिरोह बनाया : एसपी

एसपी ने बताया कि राजेश जेजेएमपी छोड़कर एक आपराधिक गिरोह तैयार कर लिया था. अपने गुर्गों की मदद से ठेकेदार, दुकानदार, होटल संचालक, बस मालिक आदि से लेवी की मांग कर पैसे वसूलता था. कंपनी के वाहनों को लेवी के लिए जलाने का प्रयास भी इसी के इशारे पर की गयी थी. पुलिस ने दो देसी कटठा, 303 बोर राइफल के सात कारतूस, धमकी को लेकर फेंका जाने वाला पर्चा के अलावा धमकी देने में प्रयोग किया जाने वाला मोबाइल सहित अन्य सामग्री बरामद की है.

## न्यूज अपडेट

### इटकी में लोगों ने जमकर खेला रंग,खूब की मस्ती



**इटकी।** इटकी सहित आस पास के गांवो के लोगों ने दो दिनों तक जमकर खेला होली व होली के रंग में डूबे रहे ग्रामीण . इटकी सहित कई अन्य गांवो में डोल उत्सव का आयोजन भी किया गया. मौके पर जगन्नाथ मंदिर में स्थापित राधा-कृष्ण सहित अन्य प्रतिमाओं को झूला पर रखकर झूलाया गया .इससे पूर्व भगवान को पूजा अर्चना कर गुलाल- अबीर अर्पण किया गया. इटकी में पं सुंदर श्याम तिवारी व मकुंदा गांव में पं शत्रुघ्न पांडेय के नेतृत्व में पूजा अर्चना की गयी.

### होली के रंग में डूबा रहा कांके,सांसद ने दी बधाई



**कांके।** होली के रंग में डूबा रहा कांके और आसपास के गांव. लोगों ने रंगों के पर्व पर जमकर एक दूसरे को रंग लगाया. फिल्मी गीतों पर लोगों ने जमकर मस्ती की.बोड़ेया गांव के बोड़ेया मदन मोहन मंदिर में होली धूमधाम से संपन्न हुई. लोग एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी. रांची के सांसद संजय सेठ मदन मोहन मंदिर में दर्शन कर लोगों को होली की बधाई दी. उन्होंने कहा कि यह उत्सव रंगों का है .

### डकरा में डीजे की धुन पर लोगों ने की मस्ती



**डकरा।** रंगों का त्योहार होली डकरा कोयलांचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. इस अवसर पर कॉलोनियों से लेकर सड़कों तक होली की उमंग दिखी. होली पर पूरे दिन लोग रंग,गुलाल और अबीर एक दूसरे को लगाकर होली के खुमार में सराबोर रहे. बच्चों ने कुर्ता फाड़ होली का मजा उड़ाया. रविवार की रात्रि क्षेत्र के दर्जनों जगहों में होलिका दहन कार्यक्रम हुआ. जिसके कारण सोमवार और मंगलवार को दोनों दिन होली की धूम रही. प्रशासन की ओर से चौक चौराहों में शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात थे.

### पत्रकार जयप्रकाश के निधन पर विधायक ने जताया शोक



**ओरमांझी।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने वरिष्ठ पत्रकार श्री जय प्रकाश गुप्ता के निधन पर दुख जताया है. बुधवार को उनके ओरमांझी अंचल मैदान स्थित आवास जाकर शोक सभा में विधायक ने कहा कि उनका असमय साथ छोड़ देना समाज व परिवार के लिए बहुत बड़ी क्षति है. और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना भी की. उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि भगवान दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं उनके परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें.

### धवईयाटांड में युवाओं ने खेली मटका फोड़ होली



**पिपरवार।** पिपरवार में होली के त्यौहार के दूसरे दिन धवईयाटांड में मटका फोड़ का आयोजन किया गया. होली त्यौहार को लेकर पिपरवार के ग्रामीण क्षेत्रों में मटका फोड़ कार्यक्रम की प्रथा काफी लंबे समय से चली आ रही है.इसे लेकर बुधवार को घवईयाटांड में मटका फोड कार्यक्रम सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया.

### लापुंग में घर घर जाकर लोगों को रंग लगाया



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के दर्जनों गांवों में धूमधाम से मनाई गई रंगों का त्यौहार होली. कहीं सोमवार तो कहीं मंगलवार को खेली गई होली. ककरिया में निकली हुड़दंग होली की टोली. घर घर जाकर लोगों को रंग लगाया.कोंयसारा,पोकटा, सेमला, फतेहपुर, ककरिया, दोलैचा, लालगंज, सुकुरहुटू,देवगांव,महुगांव, गुदगुद बोकरन्दा,बड़काकुरा सहित दर्जनों गांवों में रंगों का महापर्व होली के दौरान लोगों ने एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी.

### लूटकांड के फरार आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**बुढ़मू।** थाना क्षेत्र अंतर्गत उलातु गांव निवासी वर्षो से लूटकांड में फरार वारंटी जलेंदर गंझू,( उम्र - 35) वर्ष, पिता मोगल गंझू को बुढ़मू पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है, एवं अन्य वारंटीयों की धरपकड़ के लिए अभियान जारी है, विदित हो कि चुनाव के मद्देनजर उक्त कार्रवाई की जा रही है. जिससे शांतिपूर्ण रूप से लोकसभा चुनाव सम्पन्न हो सके.



### पिपरवार में हर्षोल्लास से रंगों का पर्व होली संपन्न

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र में होली 25 और 26 मार्च को आपसी भाईचारगी और धूमधाम से मनाया गया. कोयलांचल क्षेत्र के बहेरा, कल्याणपुर, बेती ,किचटो, बचरा, दक्षिणी बचरा, उतरी राय बमने पंचायत सहित सभी ग्रामीण क्षेत्रों में रंगों का त्योहार होली में युवाओं बच्चों की टोलियों के द्वारा क्षेत्र के सभी चौक चौराहा पर डीजे के धुन पर नाचते गाते हुए एक दूसरे को रंग अबीर गुलाल लगाकर होली मनाया गया .कोयलांचल में होली को लेकर मांस विक्रेता एवं शराब की दुकानों पर काफी भीड़ देखी गई . इस दौरान पिपरवार पुलिस के द्वारा होली के हुडदंगियों के द्वारा किसी भी आपात स्थिति से निपटने को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे इस दौरान क्षेत्र के सभी संवेदनशील स्थानों पर पिपरवार पुलिस द्वारा सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था के बीच रंगों का त्योहार होली मनाया गया . जबकि संध्याकाल में युवाओं एवं बच्चों के द्वारा बड़े बुजुर्गों को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी गई .

### ब्रीफ खबरें

## नाबालिग से यौनाचार के दो आरोपी गिरफ्तार

**हजारीबाग ।** बड़ा बाजार थाना पुलिस ने 14 वर्ष के नाबालिग छात्र के साथ अप्राकृतिक यौनाचार के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया. आरोपी सदर थाना क्षेत्र के निवासी हैं. घटना 25 मार्च की है. नाबालिग छात्र को दो युवक गली से उठाकर ले गए. जान मारने की धमकी देकर छात्र को तालाब के पास ले जाकर दोनों युवकों ने उसके साथ रात भर अप्राकृतिक यौनाचार किया. सुबह पीड़ित ने घर आकर परिजनों को जानकारी दी. परिजनों ने थाना को दी और पीड़ित छात्र को इलाज के लिए अस्पताल भेजा. पीड़ित की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है. पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल भी कराया है.

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक की मौत

**पाकुड़ ।** पाकुड़ शहर के बिजली विभाग के समीप जन वितरण प्रणाली के ट्रैक्टर से साइकिल सवार बुजुर्ग की धक्का लगने से मौके पर ही मौत हो गई. स्थानीय लोगों ने आक्रोशित होकर सड़क को जाम कर दिया . इसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची एवं जाम को हटाया तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सोना जोड़ी सदर अस्पताल भेज दिया. मृत व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है. पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है.

## अगलगी में लाखों के सामान खाक हुए

**साहिबगंज ।** उधवा प्रखंड राधानगर थाना क्षेत्र के दक्षिण बेगमगंज के गियासटोला गांव में मंगलवार की देर रात अचानक आग लगने से एक घर जलकर राख हो गया. घटना में नगदी सहित लाखों रुपए की संपत्ति का नुकसान होने का अनुमान है. हालांकि आग कैसे लगी इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है. जानकारी के अनुसार गियासटोला गांव के याराफात शेख की पत्नी चार बच्चों के साथ घर में सो रहे थे. तभी बुधवार रात करीब ढाई बजे उनके घर अचानक आग लग गई. शोरगुल होने पर ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गए. लोगों ने आग बुझाने की काफी कोशिश की पर असफल रहे.

## पुलिस ने 73 हजार किलो जावा महुआ नष्ट किया

**चौपारण ।** चौपारण से 17 किलोमीटर दूर टापू के रूप में बसे भगहर में होली के दिन उत्पाद विभाग और चौपारण पुलिस ने संयुक्त छापेमारी किया. यह जानकारी थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने दी. उन्होंने कहा कि हजारीबाग एसपी के निर्देश पर भगहर पंचायत में चल रहे अवैध रूप से संचालित महुआ शराब की भट्ठियों एवं अंग्रेजी शराब की तस्करी के खिलाफ छापेमारी की गई. कहा कि एसपी के निर्देशानुसार चुनाव से पूर्व महुआ शराब की भट्ठियों और अंग्रेजी शराब की तस्करी बंद होगा.

## 12 घंटे से लापता युवक का शव कुएं से बरामद

**केरेडारी ।** 12 घंटे से लापता युवक का शव कुएं से बरामद किया गया. घटना केरेडारी थाना क्षेत्र के चट्टीबरियातु पंचायत के पगार गांव का है. मृतक की पहचान पगार निवासी रामजीत महतो, 30 वर्ष के रूप में हुई है. मंगलवार सुबह आठ बजे घर से ढाई सौ मीटर दूर दिगेश्वर सिंह के कुएं से युवक का शव निकला गया. बताया जाता है कि मृतक अपने घर से सोमवार की देर शाम से ही लापता था. परिजनों ने अपने संबंधियों में काफी खोज की थी पर युवक कहीं नहीं मिला. फिर गांव में उसके साथ रहने वाले लोगों को पूछा गया.

### हथियार व ऑल्टो कार के साथ आरोपी गिरफ्तार, एक देसी पिस्तौल, जिंदा कारतूस भी बरामद

# राजमहल में होली पार्टी में हत्या का 24 घंटे के अंदर खुलासा

संवाददाता । साहिबगंज



जिले के राजमहल थाना क्षेत्र के मंगलहाट मलाहीटोला निवासी पांडव मंडल की हत्या का राजमहल पुलिस ने 24 घंटे के अंदर खुलासा कर लिया है. इस मामले को लेकर एसडीपीओ कार्यालय में एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर जानकारी दी. पुलिस ने हथियार व हत्या में प्रयुक्त ऑल्टो कार के साथ हत्या के आरोपी सुबेश मंडल को गिरफ्तार कर लिया. बता दें कि होली पार्टी के दौरान पैसे के लेनदेन को लेकर उत्पन्न विवाद में दोस्त ने ही उसे गोली मार दी थी.एसडीपीओ त्रिपाठी ने बताया कि पांडव मंडल की हत्या मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए सघन छापेमारी कर 24 घंटे के अंदर कांड का उद्भेदन किया गया.

**पैसे के लेनदेन पर विवाद :** इस मामले में पैसे के लेनदेन को लेकर उत्पन्न विवाद में सुबेश मंडल नामक युवक ने अपने ही दोस्त पांडव मंडल की हत्या कर दी है.वहीं पुलिस ने छापेमारी कर एक देसी पिस्तौल, जिंदा कारतूस के साथ सुबेश मंडल को गिरफ्तार कर लिया. हत्या के दौरान उपयोग में प्रयुक्त ऑल्टो कार को भी जब्त की गई है. छापेमारी दल में पुलिस इंस्पेक्टर श्यामलाल हांसदा, थाना प्रभारी गुलाम सरवर, सब इंस्पेक्टर पंकज कुमार दुबे, बिट्टू कुमार साहा, नितेश कुमार पांडे व ददन कुमार साहा शामिल थे.हत्या के नामजद अभियुक्त सुबेश मंडल ने अपने ही मित्र मृतक पांडव मंडल के नाम से बैंक से लोन लेकर मुर्गी फार्म खोला था. 40 हजार रुपए के लिए विवाद हुआ था. होली की पार्टी के बाद दोनों कार में बैठकर गाना सुन रहे थे. इसी दौरान पैसे की मांग को लेकर फिर विवाद हुआ और सुबेश ने उसे गोली मार दी. इससे पांडव मंडल की मौत हो गयी

## नहाने गए दो युवकों की तालाब में डूबने से मौत

**गोड्डा ।** होली में देखते ही देखते दो घरों की खुशियां मातम में बदल गई. घटना गोड्डा जिला के मेहरमा थाना अंतर्गत भगैया के समीप ग्राम हीरखुटहरी की है. मंगलवार को गांव में होली खेली जा रही थी. एक दूसरे को रंग अबीर लगाने के बाद दोपहर बाद सभी अपने अपने घर स्नान करने चले गए. गांव के ही दो युवक दीपांकर कुमार, रौशन कुमार भी अपने अन्य साथियों के साथ गांव के दुर्गा पोखर में नहाने चले गए. नहाने के क्रम में दीपांकर गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा. यह देख दूसरा साथी रौनक कुमार ने अपने डूबते दोस्त को बचाने के लिए गहरे पानी में चला गया. दोनों एक दूसरे को बचाने के क्रम में डूबते चले



गए. बाकी लड़कों ने यह देख कर तुरंत गांव आकर जानकारी दी. इस पर गांव वाले काफी संख्या में पहुंचकर पानी में दोनों को खोजने लगे. पहले एक लड़के को पानी से निकालकर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. बाद में दूसरे लड़के को भी खोज निकाला गया. मगर उसकी भी मौत हो चुकी थी. एक साथ दो युवकों की मृत्यु हो जाने की खबर के बाद पूरा गांव शोक में डूब गया. घटना की खबर पर मेहरमा पुलिस भी पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया. त्योहार की खुशियां पल भर में ही काफूर हो चुकी थी. स्थानीय विधायक दीपिका पाण्डेय ने भी पीड़ित परिवार से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की है.

### डुमरी रेफरल अस्पताल की घटना

# बंध्याकरण ऑपरेशन में महिला की मौत, लापरवाही का आरोप

संवाददाता । डुमरी (गिरिडीह)

डुमरी रेफरल अस्पताल में बंध्याकरण ऑपरेशन के बाद एक महिला की मौत की खबर है. इस मामले में डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया गया है. बताया गया कि ऑपरेशन के बाद चैनपुर के बेलवाटोगरी निवासी दुरलचंद महतो की पत्नी शोभा कुमारी की मौत हो गई. महिला का ऑपरेशन 16 फरवरी को रेफरल अस्पताल के डॉ. आशीष कुमार ने किया था. तबीयत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उसे एसएनएमएमसीएच धनबाद और वहां से रिम्स रांची रेफर कर दिया गया था. रिम्स में इलाज के दौरान 25 मार्च को उसने अंतिम सांस ली. गुस्साए परिजनों व ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों के साथ शव को रांची से लाकर सोमवार को रेफरल अस्पताल डुमरी के मुख्य द्वार पर रखकर जोरदार प्रदर्शन किया.

### एसडीओ ने परिजनों और ग्रामीणों से बातचीत की

सूचना पाकर एसडीओ मोहम्मद शहजाद परवेज, एसडीपीओ सुमित प्रसाद अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और आंदोलन कर रहे परिजनों व ग्रामीणों से बातचीत की . कई दौर की वार्ता के बाद सरकारी प्रावधान के अनुरूप चार लाख रुपए मुआवजा व नकद एक लाख रुपए की अतिरिक्त राशि देने पर सहमति बनी . प्रशासन की ओर से परिजनों को नकद 50 हजार रुपये तत्काल दिया गया और 50 हजार रुपए शीघ्र देने की बात कही . इसके बाद आंदोलन समाप्त किया गया . वार्ता में सीओ शशिभूषण वर्मा, रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ . राजेश महतो, डुमरी थाना के इंस्पेक्टर मनोज कुमार, निमियाघाट थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह आदि शामिल थे .




**दो दिन बाद फूलने लगा था महिला का पेट**

परिजनों ने बताया कि ऑपरेशन के अगले दिन महिला अपने घर चली गई . दो दिन के बाद महिला का पेट फूलने लगा . परिजन उसे लेकर रेफरल अस्पताल पहुंचे . जांच में डॉक्टरों ने पाया कि ऑपरेशन के दौरान महिला की मल और पेशाब की नाली कट गई थी . डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच, धनबाद रेफर कर दिया . वहां ले जाने पर उसे रिम्स, रांची रेफर कर दिया गया था .

## पलामू पुलिस ने बरामद किया 58 लाख का गांजा



संजीत यादव । मेदिनीनगर

त्योहारी सीजन में पलामू पुलिस ने अलग-अलग मामलों में करीब 58 लाख का गांजा, कई नशीली दवाएं,एक देसी रिवाल्वर के अलावा एक देशी कट्टा बरामद किया है. साथ ही एक महिला सहित आठआरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा. जो कार्रवाई पलामू पुलिस ने की है, उन सभी का मामलों का एक-एक कर पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने खुलासा किया है.

**ब्राउन शुगर तस्करी के आरोप में तीन गिरफ्तार : गुमला ।** रायडीह थाना परिसर में होली पूर्व हुई शांति समिति की बैठक में सदस्यों द्वारा उठाए गए सवाल पर पुलिस ने गंभीरता से लिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए ब्राउन शूगर के कारोबार में संलिप्त तीन युवकों को गिरफ्तार किया है. एसडीपीओ अमिता लकड़ा ने रायडीह थाना में प्रेस वार्ता में बताया कि मोटरसाइकिल और स्कूटी में कुछ युवकों द्वारा ब्राउन सुगर का पुड़िया नेकर गुमला से रायडीह की ओर आने की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी. इसकी जानकारी एसपी को दी गई और एसपी के निर्देश पर छापामारी दल का गठन किया गया. गठित दल के अधिकारी व जवानों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के वासुदेव कोना ग्राम के पहाड़ी रास्ते से आ रहे स्कूटी व मोटर साइकिल सवार को रोक कर पूछताछ की.


### चुनाव को लेकर बंगाल-झारखंड सीमा के चेकपोस्ट का एसपी ने औचक निरीक्षण किया

# असामाजिक तत्वों पर रखें नजर

संवाददाता । साहिबगंज

बरहरवा प्रखंड में लोकसभा चुनाव को लेकर बंगाल-झारखंड सीमा पर विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस कप्तान गौरव कुमार ने मंगलवार को फुटानी मोड़, लाधो पाडा सहित कई स्थानों पर स्थापित चेक नाका का औचक निरीक्षण किया.वहीं निरीक्षण के क्रम में गौरव कुमार ने चेक नाका पर प्रति नियुक्त सेक्टर मजिस्ट्रेट खनन विभाग के मजिस्ट्रेट तथा वहां पर मौजूद एसएसबी के जवानों से क्षेत्र में विधि व्यवस्था की जानकारी ली. साथ ही नियमित रूप से वाहन चेकिंग करने तथा आपराधिक गतिविधि पर नाकेल कसने के लिए असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया.

**हर दिन हो वाहनों की चेकिंग :** निरीक्षण के दौरान उन्होंने चेक नाका पर मौजूद पुलिस पदाधिकारी शिशिर यादव एवं रामप्रसाद चौधरी, एसएसबी के जवानों को प्रत्येक दिन वाहनों की चेकिंग कर संबंधित रजिस्टरों का नियमित रूप से संधारण करने की बात कही. साथ ही इसकी सूचना विभाग के आला अधिकारी को देने सहित कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए.वहीं श्री कुमार ने बताया कि ड्यूटी पर तैनात सभी विभाग के पदाधिकारी एवं जवानों को यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी प्रकार से क्षेत्र में कोई आपराधिक गतिविधि न होने पाए . उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना आप सभी का प्रमुख दायित्व है, इसमें कोताही बरतने पर किसी भी पदाधिकारी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी.



**ड्यूटी की सराहना की**

इस दौरान फुटानी मोड चेक नाका पर पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए पुलिस कप्तान ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जिला प्रशासन कटिबंध है .इसी उद्देश्य से बंगाल झारखंड की सीमा से लगे बरहरवा,कोटालपोखर तथा राधानगर थाना क्षेत्र मे जिला प्रशासन की ओर से स्थापित किए गए सभी चेकनाका का निरीक्षण किया जा रहा है .निरीक्षण के क्रम में उन्होंने चेक पदाधिकारी तथा एसएसबी के जवानों की ड्यूटी की सराहना की .इस दौरान उनके साथ राजमहल एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठी, एएसआई शिव कुमार यादव,थाना प्रभारी बरहरवा सुमित कुमार सिंह, एएसआई सी . यादव, एसएसबी के सब इंस्पेक्टर सुखदेव राज,कांस्टेबल नेल्सन इंदौर,धनंजय कुमार गुप्ता, उमेश कुमार यादव, बरहरवा थाना के सब इंस्पेक्टर मौजूद थे .

## ईचागढ़ में कुएं से मिला बच्चे का शव, सड़क हादसे में युवक घायल

**चांडिल ।** रंगों का पावन पर्व होली के दौरान क्षेत्र में कहीं खुशी तो कहीं गम देखा गया. होली के दौरान जब समूचा क्षेत्र हर्षोल्लासपूर्वक एक-दूसरे को रंग लगाकर पर्व मना रहे थे, उसी समय ईचागढ़ थाना क्षेत्र से हृदयविदारक घटना घटी. ईचागढ़ थाना क्षेत्र के धुंधाडीह गांव के पास खेत में स्थित कुएं से छह वर्षीय बच्चे का शव बरामद किया गया. शव की पहचान लाबा निवासी कर्ण गोप के छह वर्षीय पुत्र हाराधन गोप के रूप में हुई. बताया गया कि हाराधन गोप शनिवार को खेलने के लिए घर से निकला था और वापस नहीं लौटा था. देर शाम तक घर वापस नहीं लौटने पर घरवाले उसको खोजने लगे. बच्चा कहीं नहीं मिलने पर कर्ण गोप ने ईचागढ़ थाना में बच्चे की गुमशुदगी का रिपोर्ट दर्ज कराया था. इसके बाद मंगलवार को खेत के बीच स्थित कुएं से बच्चे का शव बरामद हुआ.

**सड़क दुर्घटना में युवक घायल :** खूंटी निवासी विकास गोराई दोस्तों के साथ होली खेलने गया था. होली खेल कर बाइक से घर लौटने के दौरान रुगड़ी गांव के पास गिर गया. इससे उसे गंभीर चोटें आई हैं. पुलिस के सहयोग से उसे एमजीएम में भर्ती कराया गया है.

### एसएनएमएमसीएच में आग लगने के बाद 27 दिनों तक बंद रहा डायलिसिस यूनिट

# आज से 15 मरीजों की डायलिसिस सदर अस्पताल को मिलेगी राहत

संवाददाता । धनबाद

एसएनएमएमसीएच में एक मार्च को आग लगने के बाद 27 दिनों तक डायलिसिस यूनिट बंद रहा. 27 मार्च बुधवार को दो मरीजों का डायलिसिस ट्रायल के तौर पर शुरू हुआ. विधिवत 28 मार्च से यह शुरू होगा. तीन शिफ्ट में रोजाना 15 मरीजों का डायलिसिस होगा. एक शिफ्ट में पांच मरीज का डायलिसिस किया जाएगा.

किडनी संक्रमित रोगियों का एसएनएमएमसीएच के डायलिसिस यूनिट में रोजाना 15 मरीजों का वर्षों से डायलिसिस हो रहा था, लेकिन एक मार्च को डायलिसिस यूनिट के केमिकल गोदाम में अचानक आग लगने से लगभग एक करोड़ की संपत्ति का नुकसान हो गया. जिसकी विभागीय जांच चल रही है. पहले शॉर्ट सर्किट से आग लगना बताया गया, फिर केमिकल गोदाम में बिजली का कनेक्शन नहीं होने से अगलगी पर संदेह जताया है. दोनों रिपोर्ट अस्पताल प्रबंधन की ओर से मुख्यालय भेज दी गई है. आग लगने से आरओ प्लांट और लाखों का केमिकल जल गया था. केमिकल मंगाने व आरओ प्लांट लगाने में 26 दिन लग गए। एसएनएमएमसीएच में डायलिसिस यूनिट शुरू होने से कचहरी रोड स्थित सदर अस्पताल के डायलिसिस यूनिट को राहत मिलेगी.



### सदर में 27 दिनों में 810 मरीजों की डायलिसिस हुई

एसएनएमएमसीएच के डायलिसिस सेंटर में एक मार्च को भीषण आग लगने के बाद सदर अस्पताल के डायलिसिस सेंटर में 27 दिनों में 810 मरीजों का डायलिसिस हो चुका है . यहां रोजाना 30 मरीजों का डायलिसिस किया जा रहा है . सदर अस्पताल के डायलिसिस सेंटर में दिन-रात स्वास्थ्य कर्मी मरीजों का उपचार कर रहे हैं . 8 के बदले 12-12 घंटे ड्यूटी कर रहे हैं . डायलिसिस सेंटर के कर्मियों का कहना है कि 15 के जगह 30 मरीजों का डायलिसिस हो रहा है . किडनी रोग से ग्रसित मरीज डायलिसिस की सेवा से संतुष्ट है . सुबह से लेकर देर रात तक मरीजों का यहां डायलिसिस होता है . एसएनएमएमसीएच में डायलिसिस शुरू होने के बाद मरीजों के साथ-साथ यहां के कर्मियों को भी राहत मिलेगी . धनबाद जिला के अलावा गिरिडीह, जामताड़ा, देवघर, पाकुड़ समेत अन्य जिलों के मरीज सदर अस्पताल व एसएनएमएमसीएच में डायलिसिस कराने पहुंचते हैं .

**प्लेसमेंट** | पढ़ाई के दौरान विद्यार्थी करेंगे इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग, जॉब में मिलेगी प्राथमिकता

# अरका जैन विश्वविद्यालय ने तीन कंपनियों के साथ एमओयू किया

मुख्य संवाददाता । जमशेदपुर

झारखंड के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में से एक अरका जैन विश्वविद्यालय का इटली की कंपनी री-फलेक्सन इंडिया लिमिटेड, सिग्मा एचटीएस और होटल अल्कोर के साथ एमओयू विश्वविद्यालय के प्रांगण में हस्ताक्षर के साथ संपन्न हुआ.

विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ अमित कुमार श्रीवास्तव एवं री-फ्लेक्सन इंडिया लिमिटेड के एमडी राजीव सिंह दुग्गल ने एमओयू पर हस्ताक्षर किये. एमओयू के अनुसार अब अरका जैन विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग और बीबीए के विद्यार्थी फैक्ट्री में जा कर इंटर्नशिप ट्रेनिंग कर सकेंगे और उन्हें प्लेसमेंट में भी प्राथमिकता दी जाएगी. एमओयू के अनुसार इंटर्नशिप के दौरान अरका जैन विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग के विद्यार्थी री-फ्लेक्सन इंडिया लिमिटेड और सिग्मा एचटीएस में जा कर वहां की कार्य प्रणाली, उत्पादन, मार्केटिंग और इंडस्ट्री के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करेंगे. इससे उन्हे प्लेसेंट मे प्राथमिकता दी जाएगी. बीबीए के विद्यार्थी होटल अल्कोर मे जा कर वहां की कार्यशैली का अध्ययन करेंगे और हॉस्पिटलिटी इंडस्ट्री में उन्हें अच्छे अवसर प्राप्त होंगे. विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ अमित कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि हमारे विद्यार्थी पढ़ाई के दौरान इंडस्ट्री की कार्य प्रणाली को समझ पाएंगे और डिग्री कम्पलीट होने पर उन्हें नौकरी के अच्छे अवसर मिल पायेंगे.

उद्योगपति राजीव सिंह दुगल ने कहा कि अरका जैन विश्विद्यालय झारखंड मे बेहतरीन शैक्षणिक माहौल उपलब्ध करा रहा है. इससे यहां के विद्यार्थियों के लिए अच्छे जॉब के मार्ग प्रशस्त होंगे.



## होली में एक सप्ताह के दौरान 15 करोड़ की शराब पी गए शौकीन

संवाददाता । धनबाद

होली पर्व पर कोयलांचल में शौकीन एक सप्ताह के दौरान 15 करोड़ की शराब पी गए. 25 और 26 को थी होली, लेकिन एक दिन ही 25 मार्च को ड्राई डे रहा. 25 को छोड़ दो दिन पहले और दो दिन बाद यानि चार दिन जमकर शराब बिकी. धनबाद के शहरी, कोलियरी व ग्रामीण इलाकों में नकली व मिलावटी शराब का भी खूब कारोबार हुआ. पिछले साल की तरह इस बार भी पांच करोड़ का ही लक्ष्य था. शराब पीने वालों की संख्या इस बार काफी बढ़ गई और बिहार से भी कई लोग रिश्तेदारों के घर पहुंचे थे. जिसके कारण इस बार शराब का कारोबार बेहतर रहा. लक्ष्य से तीन गुना शराब अधिक बिकी है.



अधिकारियों का अनुमान था कि पिछले साल एक सप्ताह में 12 करोड़ की शराब बिकी थी, इस बार उससे अधिक बिकेगी. होली से पहले तीन दिन में 10 करोड़ की शराब बिकने का अनुमान था, जो उससे अधिक बिकी. पिछले साल तीन दिन में 8 करोड़ 50 लाख का कारोबार हुआ था.

**खूब बिकी नकली और मिलावटी शराब :** जानकारों का कहना है कि कई सरकारी दुकानों और अवैध तरीके से विभिन्न इलाकों में नकली और मिलावटी शराब की बिक्री जमकर हुई.

# आतंकवाद, रूस और यूक्रेन

आतंकवाद से निपटने में दुनिया को जिस तरह के समन्वित प्रयास करने की जरूरत है, उसका सर्वत्र अभाव दिखता है. दुनिया जैसे जैसे आर्थिक संकट का शिकार हो रही है और विश्व की बड़ी ताकतों के बीच प्रतिस्पर्धा तेज हो रही है, आतंकवादी संगठन भी विभिन्न ताकतों के द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे हैं. हाल ही में रूस में हुई बड़ी आतंकी कार्रवाई बताती है कि दुनिया अभी भी आतंकवाद से सुरक्षित नहीं है और दुनिया के देशों का आंतकवाद विरोधी अभियान भी एकजुट कदम उठाने में कारगर नहीं हो पा रहा है. मास्को में पिछले हफ्ते हुए खूंखार आतंकवादी हमले ने रूस के रुख में अचानक अति आक्रामकता ला दी है. इस कारण अब यूक्रेन युद्ध एवं पश्चिमी देशों के साथ चल रहे रूस के टकराव में बड़ा परिवर्तन आने की आशंका पैदा हो गई है. एक संगीत कॉन्सर्ट के दौरान हुए हमले में तकरीबन डेढ़ सौ लोग मारे गए. अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों ने तुरंत इसके लिए आईएसआईएस को दोषी ठहरा दिया. उधर एक बयान भी सामने आया, जिसे आईएसआईएस का बताया गया और जिसमें इस आतंकवादी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी ली. मगर रूस ने इस पर यकीन करने से इनकार किया है. हमले के अगले ही दिन इसमें शामिल रहे चार आतंकवादियों समेत कुल 11 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया. रूस ने कहा है कि उनसे पूछताछ और अपनी अन्य जांच के आधार पर यह तय करेगा कि हमलावरों को निर्देश कहां से मिला. चूंकि आतंकवादी यूक्रेन भागने की कोशिश करते समय पकड़े गए, इसलिए रूस में आम राय यही है कि घटना के पीछे यूक्रेन का हाथ है और इसकी साजिश में संभवतः पश्चिमी एजेंसियां भी शामिल रही हैं. इसीलिए रूस ने यूक्रेन पर हमलों में अचानक तेजी ला दी है. राजधानी कीव पर दागी गई मिसाइलों में सोमवार को भारी क्षति पहुंची. यह पहली बार है, जब क्रेमलिन के प्रवक्ता जारी घटनाक्रम को युद्ध कहकर संबोधित किया है. वरना, रूस 24 फरवरी 2022 को शुरू हुए हमलों को विशेष सैनिक कार्रवाई कहता रहा है. रूस के रुख में आए इस बदलाव से युद्ध के और व्यापक रूप लेने और धीरे-धीरे उसके नए क्षेत्रों में फैलने की आशंका पैदा हो गई है. यह एक खतरनाक स्थिति है. यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब ऐसे हालात बन रहे हों, कोई ऐसी शक्ति या एजेंसी नहीं है, जो मध्यस्थ की भूमिका निभाकर आग को ठंडा कर सके. चाहे यूक्रेन हो या फिलस्तीन- यही जाहिर हुआ है कि संयुक्त राष्ट्र की भूमिका निष्प्रभावी हो चुकी है. ऐसे में दुनिया के तीसरे विश्व युद्ध की तरफ जाने की चर्चा हर रोज अधिक तेज होती जा रही है. इस बीच विश्व का विवेकशील जनमत लाचार दिख रहा है. व्लादिमीर पुतिन द्वारा रूस के पांचवीं बार राष्ट्रपति बनने के महज़ पांच दिनों के भीतर ही देश की राजधानी मॉस्को में भीषण आतंकी हमला हुआ. पिछले लगभग 25 वर्षों में रूस में अनेक आतंकी हमले हुए हैं. रूस समेत सभी अंतरराष्ट्रीय समुदाय को शांत रहने तथा विवेकपूर्ण कदम उठाये जाने की आवश्यकता है.

> राजधानी कीव पर दागी गई मिसाइलों में सोमवार को भारी क्षति पहुंची. यह पहली बार है, जब क्रेमलिन के प्रवक्ता जारी घटनाक्रम को युद्ध कहकर संबोधित किया है. वरना, रूस 24 फरवरी 2022 को शुरू हुए हमलों को विशेष सैनिक कार्रवाई कहता रहा है.

## सुभाषित

**आयुषः क्षण एकोऽपि सर्वरत्नैर्न न लभ्यते।**
**नीयते स वृथा येन प्रमादः सुमहानहो ॥**


आयु का एक क्षण भी सारे रत्नों को देने से प्राप्त नहीं किया जा सकता है, अतः इसको व्यर्थ में नष्ट कर देना महान असावधानी है. यह तो स्पष्ट है जीवन का जो बहुमूल्य क्षण बीत जाता है, उसे किसी भी कीमत पर वापस नहीं लौटाया जा सकता. इसलिए क्षण का महत्व समझना चाहिए.

# ये जो पब्लिक है, अब सच जान चुकी है

**महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस कहते हैं कि क्या राहुल गांधी कांग्रेस को मिले चुनावी बॉन्ड लौटाएंगे? यह तो इस तरह की बात हुई कि सत्ता में रहते हुए कानून से खिलवाड़ करते हुए भाजपा ने चुनावी बॉन्ड लिए, तो यह उसका अधिकार था, लेकिन दूसरे दलों की यह हिम्मत कैसे हुई? है ना अजीब तर्क! जब देश भाजपा के इस कृत्य से अपने को शर्मसार महसूस कर रहा है, ऐसी स्थिति में भी भाजपा खुद को बेगुनाह साबित करने में और आरोप—प्रत्यारोप से अपने को अलग नहीं कर रहा है.**



• देश-काल



निशिकांत ठाकुर

लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद सभी राजनीतिक दलों के लिए वर्ष 2024 प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है. इसलिए इस बार का चुनाव साम-दाम-दंड-भेद के द्वारा इस पार या उस पार की लड़ाई पर आधारित होगा. कौन दल जीतकर केंद्र में सरकार बनाएगा, इस संबंध में जो कोई भी अभी कुछ सोच रहे हैं या होंगे, उसे मात्र कयास कह सकते हैं, क्योंकि इस देश की भाग्य विधाता जनता अपना निर्णय तो आखिरी समय में लेती है. आश्चर्य तो इस बात का है कि जिस केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा ने बड़े—बड़े धन कुबेरों से चंदा लिया, उसे किसी ने स्वेच्छा से 'दान' दिया या नहीं दिया, यह भी जांच का अहम विषय हो गया है . ऐसा इसलिए, क्योंकि चुनाव आयोग की सूची से और खोजी पत्रकारों ने जो राज खोला है, उसमें कई व्यवसायियों के लिए कहा गया है कि सरकार द्वारा पहले ईडी, इनकम टैक्स और सीबीआई से छापा डलवाया गया, उन्हें जेल में बंद किया गया, फिर जब उन्होंने चुनावी बॉन्ड खरीद कर सत्तारूढ़ को दिया, तो फिर बदले में ऐसे उद्योगपतियों को अरबों रुपये का ठेका दे दिया गया, उन्हें उपकृत किया गया. अब चुनावी बॉन्ड के खुलासे के बाद जम्मू कश्मीर के पूर्व गवर्नर सत्यपाल मल्लिक की यह बात बिल्कुल सच प्रतीत होती है कि उन्हें तीन सौ करोड़ रुपये रिश्वत देने की पेशकश की गई थी. वैसे, अपनी इसी ईमानदारी के कारण उन्हें सत्ता से दूर कर दिया गया और उन पर सीबीआई का छापा भी डलवाया गया. आज यह चर्चा का विषय बना है कि सरकार ने अपनी झेंप मिटाने के लिए पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मल्लिक के यहां छापा डलवाया और उन्हें सरकारी सारी सुविधाओं से वंचित कर दिया गया. ऐसे देश में यह भी एक जुमला बन गया है कि भाजपा ऐसी वाशिंग मशीन है, जिसमें जो समा गया, उसके वारे—न्यारे हो गए. लेकिन, जिसने जरा भी मुंह खोलने अथवा विरोध करने का साहस दिखाया, वे जेल में ठूंस दिए गए.

देश के गृहमंत्री अमित शाह कहते हैं कि बीस हजार करोड़ रुपये के बॉन्ड में साढ़े छह हजार करोड़ ही भाजपा को मिले हैं. तो ऐसे में सवाल यह है कि बाकी चौदह हजार करोड़ कहां से और किसे मिले? वे कहते हैं कि इसकी परत खुली, तो कई दल मुंह नहीं दिखा पाएंगे. गृहमंत्री ने कहा कि भाजपा के प्रभाव क्षेत्र और सांसदों की संख्या तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस जैसे कई दलों को जितना मिला है, वह भाजपा के मुकाबले बहुत अधिक है. महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस कहते हैं कि क्या राहुल गांधी कांग्रेस को मिले चुनावी बॉन्ड लौटाएंगे? यह तो इस तरह की बात हुई कि सत्ता में रहते हुए कानून से खिलवाड़ करते हुए भाजपा ने चुनावी बॉन्ड लिए, तो यह उसका अधिकार था, लेकिन दूसरे दलों की यह हिम्मत कैसे हुई? है ना अजीब तर्क! जब देश भाजपा के इस कृत्य से अपने को शर्मसार महसूस कर रहा है, ऐसी स्थिति में भी भाजपा खुद को बेगुनाह साबित करने में और आरोप—प्रत्यारोप से अपने को अलग नहीं कर रहा है. जब भरी अदालत में चुनावी बॉन्ड के कुतर्क को रद्द कर दिया गया, फिर ऐसी स्थिति में यह कैसे कहा जा सकता है कि भाजपा दागदार नहीं है? क्योंकि कहा यह जाता है कि सत्तारूढ़ भाजपा ने देश को जिस तरह से हिंदू-मुसलमानों के बीच बांटा, बेरोजगारी बढ़ी, काले धन को चुनावी बॉन्ड के रूप परिवर्तित किया, यह सच देश की जनता जान चुकी है. उसके बाद भी उसी सत्तारूढ़ दल का यह कहना कि उनकी पार्टी से अधिक चंदा दूसरे दल को मिला है. आज देश की जनता यह भी देख रही है कि जिसके हाथ में सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स विभाग है, वह दूसरे पर आरोप लगाकर अपने को दोष मुक्त कैसे कर रहा है.

अब दूसरी ओर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी चुनावी चंदे को लेकर पिछले सप्ताह भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधा. उन्होंने इस योजना को दुनिया का सबसे बड़ा 'जबरन वसूली रैकेट' बताया. कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि योजना के जरिये एकत्र धन का इस्तेमाल सियासी दलों को बांटने और विपक्षी सरकारों को गिराने के लिए किया गया. चुनावी बॉन्ड को लेकर विपक्ष पूरी तरह से हमलावर है. एक तरफ राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल इस मामले में एसआईटी गठित करने की बात कह रहे हैं, तो दूसरी तरफ कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने चुनावी बॉन्ड को स्वतंत्र भारत का सबसे बड़ा घोटाला बताया है. साथ ही यह भी कहा है कि चुनाव आयोग द्वारा साझा किया गया डेटा अधूरा है. जो भी हो देश में अभी सुप्रीम कोर्ट की इन्हीं टिप्पणियों को लेकर सत्तारूढ़—विपक्ष एक—दूसरे पर हमलावर है और एक से एक विश्लेषण कर दूसरे दल को नीचा दिखाने का हर तरह से प्रयास किया जा रहा है. लेकिन, हां जनता अब सब समझ चुकी है वह मौके की तलाश में है. सच तो यह है कि चुनावी बॉन्ड मामले में देश के सभी जागरूक नागरिक अब यह समझ चुके हैं कि सत्ता जिसके हाथ में हो, तो वही कदाचार को बढ़ा या घटा सकता है. ऐसी स्थिति में जब पिछले लगभग दस वर्षों में सत्तारूढ़ भाजपा शासन करती रही, फिर ऐसी स्थिति में विपक्ष कैसे कदाचार कर सकता है! यदि फिर भी वह इसमें लिप्त है, तो निश्चित रूप से इसके लिए भी केंद्र में सत्तारूढ़ ही जिम्मेदार है, क्योंकि पिछले दस वर्षों में सत्तारूढ़ होने के बावजूद चुनावी बॉन्ड रूपी सबसे बड़ा भ्रष्टाचार कैसे होता रहा? लेकिन, जब सत्तारूढ़ ही भ्रष्टाचार में लिप्त हो जाए, तो फिर इस देश को कौन बचा सकता है, विचार तो इस पर किया जाना चाहिए. उद्देश्य केवल इतना है कि चाहे जिस तरह हो सत्ता पर तो काबिज होना है. देखिए, सुप्रीम कोर्ट की इस सख्ती के बाद अब क्या होता है.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## ध्येय और निष्ठा

एक वृद्ध संन्यासी हिमालय की पहाड़ियों में कहीं रहता था. वह बड़ा ज्ञानी था और उसकी बुद्धिमत्ता की ख्याति दूर -दूर तक फैली थी. एक दिन एक महिला उसके पास पहुंची और अपना दुखड़ा रोने लगी, "बाबा, मेरा पति मुझसे बहुत प्रेम करता था, लेकिन वह जबसे युद्ध से लौटा है, ठीक से बात तक नहीं करता" "युद्ध लोगों के साथ ऐसा ही करता है", संन्यासी बोला. "लोग कहते हैं कि आपकी जड़ी-बूटी इंसान में फिर से प्रेम उत्पन्न कर सकती है, कृपया आप मुझे वह जड़ी-बूटी दे दीजिए", महिला ने विनती की. संन्यासी ने कुछ सोचा और फिर बोला, "देवी, मैं तुम्हे वह जड़ी-बूटी ज़रूर दे देता, लेकिन उसे बनाने के लिए एक ऐसी वस्तु चाहिए, जो मेरे पास नहीं है" "आपको क्या चाहिए मुझे बताइए, मैं लेकर आऊंगी!", महिला ने आग्रह किया. "मुझे बाघ की मूंछ का एक बाल चाहिए!", संन्यासी ने बताया. अगले ही दिन महिला बाघ की तलाश में जंगल में निकल पड़ी, बहुत खोजने के बाद उसे नदी के किनारे एक बाघ दिखा, बाघ उसे देखते ही दहाड़ा, महिला सहम गयी और तेजी से वापस चली गयी. अगले कुछ दिनों तक यही हुआ, महिला हिम्मत कर के उस बाघ के पास पहुंचती और डर कर वापस चली आती. महीना बीतते-बीतते बाघ को महिला की मौजूदगी की आदत पड़ गयी और अब वह उसे देख कर सामान्य ही रहता. अब तो महिला बाघ के निकट जाकर उसे परेशान करते कीट मक्खियों को दूर करती, सहलाती. बाघ को भी उसकी उपस्थिति रास आने लगी. उसने हिम्मत दिखाते हुए बाघ की मूंछ का एक बाल भी निकाल लिया. फिर क्या था, वह बिना देरी किये संन्यासी के पास पहुंची और बोली, "मैं बाल ले आई बाबा!!" संन्यासी ने बाल लेकर उसे जलती हुई अग्नी में झोंक दिया. "अरे! ये क्या बाबा, आप नहीं जानते, इस बाल को लाने के लिए मैंने कितना कठिन श्रम किया और आपने इसे जला दिय?", महिला घबराते हुए बोली. "अब तुम्हें किसी जड़ी-बूटी की ज़रूरत नहीं है", संन्यासी बोला. "जरा सोचो, तुमने बाघ को किस तरह अपने वश में किया!, जब एक हिंसक पशु को धैर्य, मनोबल और प्रेम से जीता जा सकता है तो भला एक इंसान को नहीं ? तुमने धैर्य, सहनशीलता, ध्येय समर्पण व पुरुषार्थ से लक्ष्य सिद्ध करने का पाठ न केवल पढा, बल्कि उसे प्रायोगिक सिद्ध भी कर लिया है.

# धनबल से कैसे मुक्त हो चुनावी प्रक्रिया!

• सियासत

कल्याणी शंकर

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चार प्रमुख समस्याओं की पहचान की है जो भारत के स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों को प्रभावित करती हैं. ये हैं : बाहुबल, धनबल, गलत सूचना और आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन. वे नये नहीं हैं. 2014 में अपने अभियान के दौरान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति के अपराधीकरण को समाप्त करने और काले धन के उपयोग को नियंत्रित करने का वायदा किया था. हालांकि, सवाल यह है कि क्या आदर्श आचार संहिता के अनुचित उपयोग को रोकना और धन और बाहुबल के उपयोग को नियंत्रित करना संभव है? एक चुनाव निगरानी संस्था एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने पाया है कि भाजपा, कांग्रेस, टीएमसी, एनसीपी, राजद, आप, सीपीआई (एम) और वाईएसआरसीपी सहित कई प्रमुख भारतीय राजनीतिक दलों ने आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है. वर्तमान संसद सदस्यों के पास रुपए 29,251 करोड़ की संपत्ति है और उनकी औसत संपत्ति रुपए 38.33 करोड़ है. रिपोर्ट में पाया गया कि भारत में 44 प्रतिशत केंद्रीय मंत्रियों का आपराधिक रिकॉर्ड है और 25 प्रतिशत सांसदों के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले हैं. कुल सांसदों में से 53 अरबपति और 475 करोड़पति हैं. धन और बाहुबल के बढ़ते प्रयोग से भारतीय लोकतंत्र को खतरा है. राजनेताओं ने अपने काम के लिए बाहुबलियों का उपयोग करना शुरू कर दिया, लेकिन 1980 के दशक के बाद से, इन अपराधियों ने कार्यालय के लिए दौड़ना शुरू कर दिया है. राजनीतिक दलों को भी यह आसान लगता है, क्योंकि वे अपने अभियानों के लिए फंडिंग करते हैं और लोग डर के मारे उन्हें वोट देते हैं. अपराध और राजनीति के बीच सांठगांठ एक स्थायी मुद्दा है, जो जल्द ही खत्म नहीं होगा. यह कड़ी देश के लोकतंत्र और शासन व्यवस्था पर असर डालती है. दोनों कारकों के बीच संबंध उच्च लागत वाले चुनावों और मतदाता रिश्वत की ओर ले जाता है. जिनके पास वित्तीय संसाधन हैं, वे अपने पैसे का उपयोग राजनीति में अपना रास्ता खरीदने और प्रतिस्पर्धी बनने के लिए करते हैं. सर्वोच्च न्यायालय के एक फैसले के तहत मार्च 2003 से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को स्व-शपथ हलफनामे में अपने आपराधिक आरोपों, वित्तीय स्थिति, वैवाहिक स्थिति, आय के स्रोत और मात्रा, धन और शिक्षा के बारे में जानकारी देनी होगी. हालांकि, कुछ उम्मीदवारों को अपनी शिक्षा और संपत्ति के बारे में अधिक सुसंगत जानकारी देने की आवश्यकता है.चुनाव आयोग ने चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों को मिलने वाली फंडिंग के नियमों में बदलाव किया है. नये नियमों में नकद दान की सीमा को 20,000 रुपये से घटाकर 2,000 रुपये करना और गुमनाम चुनावी बांड (जिसे अब सर्वोच्च न्यायालय ने असंवैधानिक करार दिया है) योजना के तहत योगदान शुरू करना शामिल किया था. हालांकि, कंपनियां अभी भी एक निश्चित राशि तक धन के स्रोत का खुलासा किए बिना राजनीतिक दलों को दान दे सकती हैं. पारदर्शिता बढ़ाने के लिए कानून नकद दान की संख्या को सीमित नहीं करता है. सर्वोच्च न्यायालय ने इस साल चुनावी बांड की बिक्री पर रोक लगा दी. सरकार ने 2018 में बांड प्रणाली शुरू की थी. व्यक्ति या कंपनियां इन बांडों को 1,000 रुपये से एक करोड़ रुपये तक के मूल्य पर खरीद सकती थी, जिसमें अधिकतम राशि की कोई सीमा नहीं थी. पिछले पांच विधानसभा चुनावों में 6,128 करोड़ रुपये के चुनावी बांड बेचे गये, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर चिंताएं बढ़ गईं. भाजपा और कांग्रेस समेत केवल कुछ ही पार्टियों को फायदा हुआ और भाजपा की हिस्सेदारी अच्छी खासी रही. भारत में कई समितियों, जैसे गोस्वामी, वोहरा और इंद्रजीत गुप्ता समिति, विधि आयोग, संविधान की समीक्षा के लिए राष्ट्रीय आयोग, भारत का चुनाव आयोग और प्रशासनिक सुधार आयोग ने चुनाव सुधारों का प्रस्ताव दिया है. उन्हें तत्काल लागू किया जाना चाहिए.समितियों ने सरकारी पदों पर अवांछित लोगों के प्रवेश की समस्या के समाधान के उपाय प्रस्तावित किये हैं. हालांकि, इन सुझावों को अभी भी लागू करने की आवश्यकता है. चुनाव आयोग ने चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों के पालन के लिए एक आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) स्थापित की है. हालांकि, पार्टियां चुनाव आयोग की फटकार के डर के बिना खुलेआम एमसीसी की अवहेलना कर रही हैं. एमसीसी को लागू करने और राजनीतिक दलों से पालन करना सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग को अधिक शक्ति की आवश्यकता है.

> भारत में कई समितियों, जैसे गोस्वामी, वोहरा और इंद्रजीत गुप्ता समिति, विधि आयोग, संविधान की समीक्षा के लिए राष्ट्रीय आयोग, भारत का चुनाव आयोग और प्रशासनिक सुधार आयोग ने चुनाव सुधारों का प्रस्ताव दिया है. उन्हें तत्काल लागू किया जाना चाहिए.समितियों ने सरकारी पदों पर अवांछित लोगों के प्रवेश की समस्या के समाधान के उपाय प्रस्तावित किये हैं.

# मनरेगा को खत्म करने की साजिश

• सामयिकी

विक्रम सिंह

हाल ही में अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के वर्किंग पेपर नंबर 107 में ग्रामीण भारत में नागरिकों की क्रय शक्ति में नकारात्मक रुझान का जिक्र किया है. इसमें कहा गया है कि "भारतीय श्रम ब्यूरो द्वारा प्रकाशित ग्रामीण मासिक वेतन सूचकांक के साथ मुद्रास्फीति के आंकड़ों के आधार पर, वित्त मंत्रालय ने हाल के वर्षों में ग्रामीण भारतीय मजदूरी की क्रय शक्ति में नकारात्मक रुझान देखा है. इस प्रकार, मंत्रालय ने अपने आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 में, अप्रैल और नवंबर 2022 के बीच बढ़ी हुई मुद्रास्फीति के कारण वास्तविक ग्रामीण मजदूरी (यानी, मुद्रास्फीति के लिए समायोजित ग्रामीण मजदूरी) में नकारात्मक वृद्धि पर प्रकाश डाला."हालांकि ग्रामीण भारत में लोगों की लगातार कम होती क्रय शक्ति को जानने के लिए हमें आइएलओ की जरुरत नहीं है. यह हमारे देश के ग्रामीण नागरिकों के जीवन में साफ़ झलकता है. लेकिन आइएलओ के इसी वर्किंग पेपर में ग्रामीण भारत के बारे में एक और तथ्य उजागर किया गया है जो महत्वपूर्ण है. इसमें उल्लेख किया गया है कि "मनरेगा की शुरुआत और विस्तार के साथ, न्यूनतम वेतन नियमों का अनुपालन बढ़ा है, औपचारिक और आकस्मिक ग्रामीण मज़दूरों के बीच वेतन अंतर कम हो गया है, और ग्रामीण क्षेत्रों में जेंडर वेतन गैप कम हो गया है. ऐसा प्रतीत होता है कि अन्य फैक्टर्स के अलावा मनरेगा ने इन पॉजिटिव परिवर्तनों मं महत्वपूर्ण योगदान दिया है."यह प्रमाण है ग्रामीण भारत में आजीविका और आर्थिकी में मनरेगा के महत्व का.

हालांकि देश की सरकार इन तथ्यों के वावजूद मनरेगा के महत्व को कमतर आंकती है और इसके प्रभावी कार्यान्वयन के खिलाफ ही नीतियां बनाती है. सरकार में बैठे लोगो और अफसरशाही को ग्रामीण कामगारों की आजीविका के लिए मरेगा का महत्व न पता हो ऐसा समझना गलत होगा लेकिन उनकी प्राथमिकता जनता का जीवन नहीं है अपितु अपने कॉर्पोरेट दोस्तों के वर्गीय हित और मुनाफे हैं.संसदीय समिति की रिपोर्ट यह स्वीकार करते हुए भी कि 'आवश्यकता के आधार पर संसाधनों की पूर्ति की जा सकती है' सिफारिश करती है कि वर्ष के शुरुआत में अनुमानित बजट में ही फंड में कटौती करने से मनरेगा कार्यान्वयन के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर व्यापक प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है. इसलिए कमेटी यह महसूस करती है कि जमीनी स्तर पर इस योजना के सुचारू कार्यान्वयन के लिए फण्ड की कमी एक बहुत बड़ी बाधा है. मनरेगा के लिए शुरू में ही उपयुक्त बजट का प्रावधान किया जाना चाहिए जिसका आधार पिछले वर्ष के खर्चे का चलन हो सकता है. गौरतलब है कि प्रतिवर्ष मनरेगा पर आवंटन का लगभग तीस प्रतिशत हिस्सा पिछले वर्ष की देनदारियों में ही चला जाता है.इस रिपोर्ट के अनुसार फण्ड की कमी के साथ जो दूसरा बड़ा कारण मनरेगा को प्रभावित करता है वह है फण्ड जारी करने में देरी. मनरेगा का समुचित कार्यान्वयन पूरी तरह राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को पर्याप्त धनराशि समय पर जारी करने पर निर्भर करता है.

केंद्र सरकार फण्ड जारी करने में देरी के लिए अलग अलग कारण (बहाने) पेश करती है जिनमे कुछ वाजिव भी हो सकती है जैसेराज्यों के द्वारा समय पर सूचनाएं मुहैया न करवाना या फिर मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों को लागू न करना. हालांकि इसका एक कारण मनरेना कार्यान्वयन को अत्यधिक केंद्रीकृत करना भीहै. खैर इस बाबत संसदीय कमेटी का आंकलन बहुत महत्वपूर्ण है. कमेटी ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि केंद्र सरकार से मनरेगा के लिए फण्ड जारी करने में देरीके कारण चाहे कुछ भी हो लेकिन' इसके पीड़ित तो गरीब और वंचित लाभार्थी ही है'. राज्यों और केंद्र सरकार में इसी तरह की तकरार और तकीनीकी उलझनों में गांव का गरीब ही प्रभावित होता है जैसा कि पश्चिम बंगाल में देखने को मिल रहा है. भ्रष्टाचार के नाम पर गत वर्षो से राज्य के लिए मनरेगा का बजट रोक दिया गया है लेकिन भ्रष्टाचार को रोकने व उसकी जड़ो को ख़तम करते का कोई भी प्रयास न तो केंद्र सरकार और न ही राज्य की तृणमूल सरकार ने किया है. सब जानते है इस भ्रष्टाचार की जड़ें राजनीति की ज़मीन में गड़ी है जिसमे भाजपा और तृणमूल दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता अपनी लाभ की खेती करते हैं. सबसे महत्वपूर्ण सवाल तो मनरेगा पर संसदीय समिति ने उठाया है.

> मनरेगा के लिए शुरू में ही उपयुक्त बजट का प्रावधान किया जाना चाहिए जिसका आधार पिछले वर्ष के खर्चे का चलन हो सकता है. गौरतलब है कि प्रतिवर्ष मनरेगा पर आवंटन का लगभग तीस प्रतिशत हिस्सा पिछले वर्ष की देनदारियों में ही चला जाता है.इस रिपोर्ट के अनुसार फण्ड की कमी के साथ जो दूसरा बड़ा कारण मनरेगा को प्रभावित करता है वह है फण्ड जारी करने में देरी.

## मीडिया में अन्यत्र

# वैश्विक व्यापार और आशावाद

**संयुक्त** राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (अंकटाड) की वैश्विक व्यापार रिपोर्ट का मार्च संस्करण पिछले सप्ताह जारी किया गया. उसमें अनुमान जताया गया कि वर्ष 2023 में जहां वैश्विक व्यापार में एक लाख करोड़ डॉलर की कमी आई , वहीं यह भी कहा गया कि 2024 में यह रुझान बदल जाएगा.अंकटाड ने इस दावे का समर्थन करते हुए कहा कि चालू कैलेंडर वर्ष की पहली तिमाही में वस्तु एवं सेवा व्यापार में मामूली बढ़ोतरी देखने को मिली है. इस वृद्धि के कारकों में वैश्विक मुद्रास्फीति में कमी और वैश्विक वृद्धि की मजबूती शामिल हैं.भारत के लिए यह अच्छी खबर है. घरेलू वृद्धि में व्यापार की हिस्सेदारी बढ़ाने की आवश्यकता है. कई निर्यात आधारित क्षेत्र बाहरी वृद्धि के रुझानों को लेकर खासे संवेदनशील हैं और आने वाले दिनों में बेहतर ऑर्डर बुक देखने को मिल सकती हैं.गोल्डमैन सैक्स के एक हालिया विश्लेषण में कहा गया कि भारत से संचालित सूचना प्रौद्योगिकी और सूचना प्रौद्योगिकी समर्थित सेवा कंपनियों के राजस्व में वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 9 से 10 फीसदी की वृद्धि देखने को मिल सकती है. ऐसा दबी हुई मांग और जेनरेटिव आर्टिफिशल इंटेलिजेंस जैसे तकनीकी नवाचारों की बदौलत हो सकता है.वैश्विक व्यापार के समक्ष मौजूदा व्यापक जोखिमों को भी कम करके नहीं आंका जाना चाहिए. अंकटाड कई जोखिमों को चिह्नित करता है, उनमें से कुछ पर भारतीय नीति निर्माताओं को सावधानीपूर्वक नजर रखनी चाहिए. 2024 के दौरान कुछ समय तक नौवहन मार्गों के बाधित बने रहने की आशंका है.यमन में स्थित हूती विद्रोहियों द्वारा पोतों पर हुए हमलों में ज्यादा जानें भले नहीं गईं लेकिन उन्होंने लाल सागर से गुजरने वाले मार्ग का जोखिम और बीमा राशि दोनों में इजाफा कर दिया है जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र से भूमध्यसागर की ओर होने वाले समुद्री व्यापार को प्रभावित कर रहा है. अंकटाड ने जिंस कीमतों में अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव को भी एक संभावित समस्या के रूप में पेश किया.दो वर्ष पहले रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण ने ईंधन बाजार में उथलपुथल मचा दी थी. इसने कई जिंसों की आपूर्ति श्रृंखला के लिए भी दिक्कत पैदा कर दी थी जिसमें कृषि जिंस शामिल थीं. युद्ध कच्चे माल की लागत और व्यापार को प्रभावित कर रहा है और इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती है.रूसी तेल पहुंचाने वालों पर नए सिरे से प्रतिबंध लगाए हैं. **(बिजनेस सटैंडर्ड)**



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### शम/शमा/शमी

**जिस** रोज से देखा है तुझको हम शमा जलाना भूल गये. दिल थाम के बैठे रहते हैं कहीं आना जाना भूल गये. यह गाना आपने जरूर सुना होगा. इसे पड़ोसन फिल्म के लिए किशोर कुमार ने गाया है. सुविधा के लिए आपको इसका मुखड़ा भी बता दूं-मेरे सामने वाली खिड़की में एक चांद का टुकड़ा रहता है. यह गाना जिस दिन पहली बार सुना था, शमा का मतलब अच्छी तरह समझता था, क्योंकि इससे बने कई गाने सुने थे. जैसे शमा रह जाएगा, परवाना जला जाएगा... ये शमा, शमा है ये प्यार का, किसी के इंतजार का...शमा अरबी मूल का संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसका मतलब है मोम युक्त बत्ती, जो प्रकाश के लिए जलायी जाती है, मोमबत्ती. शमा रखने के पात्र का शमादान कहा जाता है,जिसका मतलब है एक विशेष प्रकार का पात्र या आधार, जिसमें मोमबत्तियों को रख कर जलाया जाता हे, दीवट. यह शब्द अरबी और फारसी दोनों भाषाओं में प्रयोग में आनेवाला संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इससे थोड़े अंतर से बनने वाला शब्द है शमी. इसे अगर कोई शमा की पत्नी या स्त्रीरूप मान ले तो गलत होगा, क्योंकि ऐसा नहीं है. शमी संस्कृत तत्सम संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है और इसका अर्थ है एक प्रकार का विशेष वृक्ष जिसकी लकड़ी को रगड़ने पर आग निकलती है. एक प्रकार का पवित्र वृक्ष, सफेद कीकर, शिंबा, बागुजी. आपने कई लोगों के मुंह से सुना होगा कि शनि ग्रह के प्रकोप से बचने के लिए घर में शमी का पौधा रखना चाहिए. विशेषण के रूप में शमी का मतलब है आत्मसंयमी, शांत. शम तत्सम संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसका अर्थ है चित्त की एक अवस्था, एक स्थायी भाव, मोक्ष, मुक्ति, निर्वाण, अंतःकरण, इंद्रियों को वश में रखना, छुटकारा, निवृत्ति, काव्य शास्त्र के अनुसार शांत रस का स्थायी भाव, क्षमा, उपचार, हाथ, हस्त. इससे बना शब्द है शमन और अर्थ है तृप्ति, शांति, दमन, दोष को दबाने की क्रिया, बलि, नाश, अनाज.

# अब तो कर ले नमस्कार

• तीर-तुक्का

रमेश जोशी

तोताराम आया और बैठने से पहले ही बोला- अब तो कर ले नमस्कार. हमने कहा- अब यही शेष रह गया है कि हम छोटे भाई को आते ही उठकर नमस्कार करें. लेकिन तू कौन-सा रोज आते ही हमारे चरणस्पर्श करता है. हम तो बालसखा हैं. इन सब औपचारिकताओं से मुक्त हैं. बोला- यही तो खराबी है तुझमें. किसी की सुनना नहीं, बस अपनी ही हांके जाना. अरे, नमस्कार मुझे नहीं; चमत्कार को नमस्कार कर. चमत्कार को नमस्कार तो दुनिया सदा से करती आई है. हमने कहा- किस किस को नमस्कार करें. यह देश तो है ही चमचाकारों का.लेकिन हमारे यहां फिर भी कबीर और दयानन्द सरस्वती जैसे सुधारक संत हुए हैं, जिन्होंने ऐसे अंधविश्वासों और मूर्तिपूजा का विरोध किया है. ऐसे प्रगतिशील इतिहास वाले समाज को तू क्यों अंधविश्वासों में धकेलना चाहता है? तोताराम, एक झूठ को स्वीकार कर लेने से फिर और झूठों का ऐसा अंबार खड़ा हो जाता है कि उसके सामने सारे समाज का सामान्य विवेक नष्ट हो जाता है. जब मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठित हो गए हैं, वे मुस्कुरा रहे हैं तो फिर मंजन भी करेंगे, खाना, कलेवा, स्नान, शयन भी करेंगे. बोला- हां, करते क्यों नहीं ? तभी तो पूजा में इस प्रकार सभी विधिविधान हैं. जगन्नाथ भगवान तो साल में एक बार बीमार भी होते हैं. उन 15 दिनों में भगवान 56 भोग नहीं खाते. केवल काढ़ा पीते हैं. हमने कहा- तो फिर इस अवधि में उनके भक्तों को भी केवल काढ़ा पीना चाहिए. बोला- ऐसा कैसे हो सकता है. भक्त तो बेचारे भौतिक जीव हैं. उनके साथ तो सभी सांसारिक सत्कर्म और खटकर्म लगे ही रहते हैं. बोला- अब भी चुनाव प्रभु ही तो लड़ रहे हैं. वही तो चेहरा हैं. मोदी जी तो निमित्त मात्र हैं. उनके भरोसे ही तो मोदी जी 400 पार कह रहे हैं. मैं तो सोचता हूं कहीं 600 पार न हो जाएं. एक तो 24 घंटों जागने वाले, दूसरे विष्णु अवतारी, तीसरे चमत्कारी मोदी जी और चौथे प्रभु-कृपा. कुछ भी मुमकिन है. लेकिन रामलला ने एक छोटी सी लीला क्या दिखा दी तू उसकी आड़ में फेंटेसी पर फेंटेसी पेले जा रहा है. इससे ज्यादा समय तेरे पास बचा भी नहीं है. वैसे मैं अपनी चमत्कार वाली बात पर अब भी कायम हूं. आने दे राम नवमी जब 'सूर्य तिलक' होगा और सारा विश्व रामलला के चमत्कार को नमस्कार करेगा.



# लाइफ लाइन



# खांस-खांस कर हैं बेहाल!

**आजकल चारों ओर सुनिए तो खांसी से लोग परेशान हैं. एक बार सर्दी ज़ुकाम हुआ नहीं कि खांसी छूटने का नाम ही नहीं लेती. कोविड के बाद यह कुछ ज्यादा ही देखने को मिल रहा है. आइए इसपर प्रकाश डालते हैं.**

### ये हैं प्रमुख वायरस

प्रमुख वायरसेस जो सर्दी–जुकाम कराते हैं उनके नाम हैं इन्फ्लुएंजा वायरस, राइनो वायरस, एडिनो वायरस, कोरोना वायरस (कोविड–19 स्ट्रेन से अलग) इत्यादि. बहुत से सांस के एलर्जी वाले पेशेंट (एलर्जिक रायनाइटिस या अस्थमा वाले) जो अपनी दवाओं पर स्टेबल रहते हैं, यदि वायरल इन्फेक्शन से गुजरते हैं तो उनकी बीमारी (एलर्जी) उखड़ जाती है और लक्षण तेज हो जाते हैं जिसमें खांसी सबसे प्रमुख है. कोविड–19 के बाद भी ऐसा ही हुआ. रांची का वातावरण एलर्जिक है क्योंकि यहां पराग यानी पॉलेन्स की मात्रा बहुत अधिक है. इसी तरह जिन स्थानों पर एलर्जिक एटमॉस्फीयर है वहां ज्यादा सर्दी खांसी होती है.



डॉ एके श्रीवास्तव
कंसलटेंट फिजीशियन, छाती व गहन रोग विशेषज्ञ

सर्दी-खांसी या ज़ुकाम-नज़ला जिसे कॉमन कोल्ड भी कहते हैं, आजकल काफ़ी ज्यादा देखने को मिल रहा है. उचित उपचार के अभाव में यह जल्दी ठीक भी नहीं होती. पोस्ट वायरल कफ़ यानी वायरल के बाद तक होने वाली खांसी बहुत लंबी चल सकती है. यहां तक कि 8 हफ़्ते तक रह सकती है. जुकाम का कारण आमतौर पर वायरल इन्फेक्शन होता है. कुछ लोगों में यह एलर्जी के कारण होता है. इसमें अपर रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट का सूजन या इन्फेक्शन (यू आर टी आई) होता है. अपर रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट नाक से लेकर साइनसेस, तालु, गला, यूस्टेचियन ट्यूब, मिडिल इअर, टॉन्सिल्स एवं कंठ तक होता है. इन सभी या कुछ पार्ट्स के सूजन के कारण लक्षण देखने को मिलते हैं.

### गंभीर हो सकती है खांसी

मग़र यदि आपकी खांसी करीब 2 हफ़्ते से है और छूट नहीं रही तो डॉक्टर से मिलना अनिवार्य है. क्योंकि दो हफ़्ते की खांसी कॉम्प्लिकेशन की ओर इशारा करती है. यानी ब्रोंकाइटिस, निमोनिया इत्यादि भी हो सकता है. याद रखें दो हफ़्ते से ऊपर की खांसी होने पर हमारे जैसे देश में टी बी को भी नकारा नहीं जा सकता. इसलिए इसे बिल्कुल भी अनदेखा न करें. अपने चिकित्सक से परामर्श अवश्य करें तथा उचित जांच कराएं ताकि कारण स्पष्ट हो सके कि आपकी खांसी पोस्ट वायरल कफ़ ही है या फिर कुछ और.

## कोविड से संबंध

कोविड–19 के बाद से यू आर टी आई ज्यादा कॉमन हो गया है. इसका कारण कुछ विशेषज्ञ मानते हैं कि जिनको कोविड हो चुका है उनके रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट हाइपरसेन्सिटिव हो गए हैं. ज़रा सा एक्सपोज़र हुआ नहीं कि लक्षण शुरू. कुछ लोगों का मानना है कि कोविड के वैक्सीन लेने के बाद लोगों के रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट हाइपरसेन्सिटिव हो गए हैं. कोविड के बाद लोगों की इम्युनिटी भी कम हुई है. इसलिए भी लोग जल्दी बीमार पड़ रहे हैं. कोविड–19 वायरस भी बार बार म्यूटेशन कर यानी अपना रूप बदल कर सर्वाइव करने की कोशिश कर रहा है. कोविड–19 के म्युटेटेड स्ट्रेन से भी इन्फेक्शन सम्भव है जो कि बीच बीच में वेव बम्प्स देखने को मिलता है. जिनको मॉडरेट या सीवियर कोविड हो चुका है उनके फेफड़े ऐसे ही अभी कमज़ोर (फाइब्रोटिक) हैं. यदि कोई रेस्पिरेटरी इन्फेक्शन होता है तो खांसी बढ़–चढ़ कर अपना रूप दिखाने लगती है.

इन दिनों एच1एन1 इन्फ्लूएंजा यानी स्वाइन फ्लू भी फैला हुआ है. स्वाइन फ्लू एक खतरनाक वायरल इन्फेक्शन है जो सीवियर निमोनिया करवाता है. इसके लक्षण करीब करीब किसी भी वायरल फीवर या फ्लू जैसे ही हैं. जिसमें तेज बदन दर्द के साथ बुख़ार आना, सर्दी/खांसी/गले में दर्द या खराश, कमज़ोरी इत्यादि जो अधिकतर लोगों को होती है और वे उभर भी जाते हैं, मग़र कुछ लोगों में यह निमोनिया का रूप ले लेता है. यह निमोनिया बहुत तेजी से प्रोग्रेस करता है और रेस्पिरेटरी फेलियर करवाता है. इसके उपचार में ओसेल्टामिविर और स्टेरॉइड्स की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है.

## उपचार

- नज़ले यानी सर्दी वाले लक्षण (जैसे नाक बहना या गले में खिचखिच होना कान में खुजली होना) के लिए आप मोन्टीलुकास्ट–लीवोसेट्रीज़िन का कॉम्बिनेशन एक बार रात में 5–10 दिनों के लिए ले सकते हैं. कोल्ड प्रीपरेशन टेबलेट्स जैसे लेमोलेड/एक्टिफेड/ सूमो कोल्ड/सिनारेस्ट इत्यादि हो सके तो अवॉयड करें.
- बुख़ार, बदन दर्द, सरदर्द इत्यादि के लिए सबसे उचित पेरासिटामोल 500 या 650 एमजी है क्योंकि यह सबसे सेफ़ है. निमोसुलाइड या पेन किलर्स अवॉयड करने चाहिए. हां यदि लक्षण अधिक है या पेरासिटामोल से आराम न मिल रहा हो तो आप मेफ़िनेमिक एसिड वाली कॉम्बिनेशन जैसे मेफ्टल फ़ोर्ट या फ़िर कॉम्बिफ्लेम ले सकते हैं. इन सभी को दिन में 3 बार तक लिया जा सकता है. याद रखें इन्हें कुछ खा कर ही लें, खाली पेट बिल्कुल नहीं.
- एन्टीबायोटिक्स की दरअसल आवश्यकता होती नहीं है क्योंकि अधिकतर सर्दी–खांसी–ज़ुकाम वायरल या एलर्जिक होते हैं. मग़र फ़िर भी जो कमज़ोर हैं जैसे शुगर के मरीज़, बुज़ुर्ग या जो स्टेरॉयड इत्यादि पे हैं उन्हें सेकेंडरी बैक्टीरियल इन्फेक्शन से बचने के लिए एंटीबायोटिक लेना चाहिए. इसके लिए आप अपने चिकित्सक से ही परामर्श करें. खुद से ओवर द काउंटर एंटीबायोटिक बिल्कुल न लें. ओवर द काउंटर एंटीबायोटिक के दुरुपयोग से पहले जो दवाइयां बहुत अच्छा काम करती थीं वी अब विफ़ल होती जा रही हैं जैसे एज़ीथ्रोमायसिन इत्यादि.
- खांसी के लिए कफ़ सिरप ले सकते हैं. किसी किसी कफ़ सिरप से थरथराहट, कम्पन, धड़कन, बेचैनी और घबराहट हो सकती है. इसीलिए सम्भल कर ही कफ़ सिरप लें. ओवर द काउंटर लेना हो तो अम्ब्रोक्सोल, गुणेफेनेसिन, लीवोसलबुटामोल वाली कॉम्बिनेशन प्रेफर करें. टरबुटालिन और फिनाइलएफरीन वाली अवॉयड करें. फिनाइलएफरिन से बीपी वाले मरीज़ में बीपी बढ़ सकता है. ओवर डोज़ न लें 10 एमएल दिन में 3 बार काफ़ी है. बाद की इर्रिटेटिंग खांसी के लिए आप कफ़ सप्रेसेंट जैसे डेक्सट्रोमेथोर्फ़न या लीवोक्लोपेरस्टिन वाली कफ़ सिरप ले सकते हैं. बेहतर होगा डॉक्टर की सलाह से ही कफ़ सिरप लें.
- अक्सर लोग सबसे बड़ी गलती यह करते हैं कि सपोर्टिव ट्रीटमेंट नहीं लेते जो सबसे महत्वपूर्ण हैं. वायरल इलनेस से लड़ने के लिए तीन चीज़ें बहुत आवश्यक हैं–हाइड्रेशन, न्यूट्रिशन और रेस्ट. यानी आप खूब पानी पीजिए और तरल पदार्थ का सेवन कीजिए. डाइट का ख्याल रखें हालांकि ऐसे में भूख कम लगती है या खाने की इच्छा कम होती है. परंतु बैलेंस्ड हाई कैलोरी–हाई प्रोटीन एवं सुपाच्य भोजन बहुत आवश्यक है. पूरा आराम लें, अनावश्यक काम न करें, काम से छुट्टी ले कर घर पर रहें.
- इनके अलावे दो चीज़ें जरूरी है एक स्टीम लेना और दूसरा गरारा करना. स्टीम या भाप लेने से बहुत राहत मिलती है, कंजेशन दूर होता है, सर बिल्कुल हल्का लगता है. कारवोल प्लस, विक्स या अजवाइन–तुलसी डाल कर दिन में 2–3 बार अच्छे से भाप लें. गर्म पानी में एक चुटकी नमक डाल कर या फिर आयोडिन (बीटाडीन) से दिन में 2–3 बार गॉर्गल करें.
- इनके अलावे कुछ घरेलू नुस्खे अपनाएं. जैसे गर्म दूध में एक चुटकी हल्दी डाल कर पिएं. गर्म–गर्म सूप बना कर पिएं. कॉफ़ी और अदरक वाली चाय पिएं. तुलसी–कालीमिर्च–अदरक का काढ़ा बना कर पिएं. घी या शहद–गुड़–अदरक का मिश्रण भी फायदा करता है. लवंग चूसें, नीम्बू इत्यादि सिट्रिक फ्रूट का सेवन करें. धूप में बैठें, सरसो तेल में लहसुन पका कर शरीर में मालिश लें. अनुलोम–विलोम योग करें.
- मग़र यदि आपकी खांसी करीब 2 हफ़्ते से है और छूट नहीं रही तो डॉक्टर से मिलना अनिवार्य है क्योंकि दो हफ़्ते की खांसी कॉम्प्लिकेशन की ओर इशारा करती है. यानी ब्रोंकाइटिस, निमोनिया इत्यादि का भी चांस हो सकता है. याद रखें दो हफ़्ते से ऊपर की खांसी होने पर हमारे जैसे देश में टी बी को भी नकारा नहीं जा सकता. इसलिए इसे बिल्कुल भी अनदेखा न करें. अपने चिकित्सक से परामर्श अवश्य करें तथा उचित जांच कराएं ताकि कारण स्पष्ट हो सके कि आपकी खांसी पोस्ट वायरल कफ़ ही है या फिर कुछ और.

### डाउन सिंड्रोम

# स्पीच थेरेपी और ट्रेनिंग से जिंदगी होगी आसान



डॉ अनिताभ कुमार
एमडी (पीडिएट्रिक्स)

डाउन सिंड्रोम एक जेनेटिक स्थिति होती है, जिसमें व्यक्ति के अंदर एक अतिरिक्त क्रोमोजोम पाया जाता है और इस कारण वह कई तरह के शारीरिक-मानसिक विकारों से जूझता है. आमतौर पर एक बच्चा 46 क्रोमोजोम के साथ जन्म लेता है, 23 माता से और 23 पिता से और ये क्रोमोजोम जोड़े में मौजूद होते हैं. डाउन सिंड्रोम की स्थिति में 21वें क्रोमोजोम पर एक अतिरिक्त क्रोमोजोम मौजूद होता है. यह 21वें क्रोमोजोम की एक्स्ट्रा कॉपी होती है. इसलिए इसे ट्राइसॉमी 2 भी कहते हैं. इस तरह बच्चे के पास 47 क्रोमोजोम पाए जाते हैं. क्रोमोजोम की इस विसंगति के कारण पीड़ित बच्चा कई प्रकार की शारीरिक मानसिक चुनौतियों/परेशानियों से जूझता है. बच्चे के शारीरिक विकास में देरी होती है. चेहरे पर आंख, नाक, त्वचा सब असामान्य सी नजर आती है. अस्पष्ट और देर से बोलते हैं. उनका बौद्धिक विकास उम्र के हिसाब से देर से होता है.



### डाउन सिंड्रोम का कारण

इस बारे में अधिक शोध अब तक नहीं हुआ है और मुक्कमल तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता. हालांकि, कुछ शोध के मुताबिक 35 साल से अधिक उम्र में मां बनने पर बच्चे में इस तरह की समस्या की आशंका बढ़ जाती है.

### डाउन सिंड्रोम की पहचान

डाउन सिंड्रोम का पता जन्म से पहले मां के ब्लड टेस्ट और एम्नियोसेंटेसिस नाम के टेस्ट से लगाया जा सकता है. कई बार गर्भावस्था में इसकी जांच नहीं होने पर जन्म के बाद डाउन सिंड्रोम के बच्चों के चेहरे के आकार, नाक, आंख आदि से इनकी पहचान हो जाती है. एक अतिरिक्त क्रोमोजोम की उपस्थिति बच्चे के मानसिक और शारीरिक विकास को प्रभावित करती है और यह सामान्य से अलग हो जाते हैं. इस कारण सहज पहचान में आ जाते हैं.

### जब बच्चा हो डाउन सिंड्रोम से पीड़ित

- डाउन सिंड्रोम का कोई इलाज नहीं है. लेकिन इनके लिए विशेष शिक्षण व प्रशिक्षण की व्यवस्था है जो इससे पीड़ित लोगों को समझने में और उनके परिवार की मदद करने में सक्षम हैं.
- आमतौर पर बच्चे के इससे पीड़ित होने की जानकारी मिलते है माता–पिता हताश और कई बार अवसाद के शिकार हो जाते हैं. सबसे पहले अपनी इस स्थिति पर काबू पाएं.
- जबतक ये शारीरिक रूप से किसी अंग को प्रभावित न कर रहे हों, ये कोई गंभीर बीमारी नहीं है. इसे आराम से मैनेज किया जा सकता है.
- ऐसे बच्चों के स्कूल अलग भी होते हैं. अगर बच्चा मानसिक रूप से बहुत हद तक सामान्य है, तो उसका सामान्य स्कूल में भी दाखिला दिलाया जा सकता है.
- समय समय पर बच्चे के आंख, कान, हृदय जैसे अंगों का परीक्षण करवाते रहें. अच्छा खानपान रखें,
- किसी उपयुक्त चिकित्सक के संपर्क में रहें और नियमित जांच कराते रहें.
- पीड़ित बच्चे की स्पीच थेरेपी कराएं, जिससे वे सामान्य रूप से बात कर सकें.

### झारखंड के औषधीय वृक्ष

# झारखंड के ये उपयोगी वृक्ष शाल (सखुआ), देव सखुआ और राल



अनिल कुमार पाठक
पारंपरिक चिकित्सक


झारखंड में किसी जमाने में आय का मुख्य स्रोत शाल (सखुआ) वृक्ष था. शाल वृक्ष को हिंदी में सखुआ या शाल, बंगला में शालगाछ. अंग्रेजी में शालट्री, लैटिन में कहते हैं. झारखंड में कुछ लोग एक वृक्ष को देवसखुआ नाम से पुकारते हैं. मेरे व्यक्तिगत शोध के अनुसार देवसखुआ वृक्ष ही शालभेद (सर्जक) नामक वृक्ष है. शाल वृक्ष और शालभेद (सर्जक) के पत्तों में अंतर रहता है. शाल वृक्ष यानी सखुआ वृक्ष का पत्ता लगभग ओवल जैसा रहता है लेकिन शालभेद ( सर्जक) वृक्ष के पत्ते का आकृति बकरी के कान जैसी पतली व लम्बी होती है. इसलिए इसे अजकर्ण नाम से भी जाना जाता है. फल और मंजर (पुष्प) समान होता है पर अजकर्ण अर्थात देवसखुआ अर्थात शालभेद अर्थात सर्जक वृक्ष का मंजर (पुष्प) ज्यादा सुगंध वातावरण में फैलाता है.

चैत्र मास अर्थात मार्च माह में मंजर पुष्प आते हैं और गृष्म काल में फल प्राप्त होता है. इसका वृक्ष विशाल होता है तथा काष्ठ बहुत दृढ़ होता है. इसको इमारती लकड़ी के रूप में जाना जाता है. इसके फल से तेल प्राप्त होता है और आदिवासी गण इसके तेल को पारंपरिक रूप से निकाल कर उपयोग करते हैं.

शाल वृक्ष से प्राप्त गोंद को रॉल कहते हैं. रॉल को वायु को शुद्धि के लिए पवित्र भाव से जलाते हैं. इसका लेप उत्तेजक होता है. विशेष रुप में रॉल का लेप बना कर दर्दनाक दवा बनाया जाता है. दुखदाई स्थिति यह है कि झारखंड में शाल वृक्ष का वन होते हुए भी अब विशालकाय वृक्ष देखने को नहीं मिलता है. वन नंगा हो गया है. शालभेद अर्थात सर्जक अर्थात गजकर्ण वृक्ष विलुप्त हो गया है. इस लेख में जो शालभेद का वृक्ष देख रहे हैं इसके चारों तरफ हजारों एकड़ वन प्रदेश के क्षेत्र होते हुए भी उपेक्षित अवस्था में एकमात्र वृक्ष खड़ा है. यह वृक्ष मैकलुस्कीगंज के पास निंद्रा गांव (लातेहार जिला) में उपेक्षित अवस्था में खड़ा है. झारखंड में संरक्षण, संवर्धन पर कोई काम नहीं हुआ है. भारत सरकार को संरक्षण और संवर्धन पर संवेदनशीलता से ध्यान देने की आवश्यकता है.



शाल



देवसखुआ

**(औषधीय पौधा के खेती एवं संवर्धन संरक्षण के जानकार) सभी तस्वीर : अनिल कुमार पाठक**

## चटरपटर खाने के बाद बदहजमी! आजमाएं ये टिप्स..

होली मिलने-मिलाने, खाने-खिलाने का त्यौहार है. पुआ, गुझिया, दही बड़े, धुस्के जैसे व्यंजन तो खूब खाए होंगे. त्योहार के बाद भी कई दिनों तक साथ बैठ कर खाने-खिलाने का दौड़ चलता है. ऐसे में होली के बाद ओवरईटिंग के कारण पेट हो जाए खराब तो इन उपायों से पाएं राहत...

- अधिक खाने या तेल मसालेदार खाने के कारण अगर आपका पेट खराब हो गया है तो आप दही का सेवन करें. दही में मौजूद प्रीबायोटिक पेट में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया को खत्म कर हेल्दी बैक्टीरिया को बढ़ावा देते हैं. दही खाने से पेट को ठंडक भी मिलती है.
- ओवरईटिंग के कारण लूज मोशन हो रहा है तो केले का सेवन करें. इसमें मौजूद पेक्टिन जहां मल को बांधता है, वहीं इसकी पौष्टिकता कमजोरी को दूर करती है.
- होली के समय अगर अपच सा महसूस हो तो एक टाइम सेब के टुकड़े खाएं. इससे पाचन, कब्ज आदि की परेशानी दूर होती है.
- पेट खराब होने या पेट में जलन होने पर नारियल का पानी पी सकते हैं. इससे शरीर में पानी का स्तर मेंटेन रहेगा, आप हाइड्रेट रहेंगे. नारियल पानी पोटैशियम, सोडियम, मैग्निशियम, कैलशियम, फाइबर का एक बेहतरीन स्रोत है, इसलिए कमजोरी भी दूर होगी. पपीते का सेवन कर सकते हैं. पपीते में विटामिन सी होता है, इसके अलावा इसमें पपैन नाम का एंजाइम होता है, जो पाचन को सही करने में मदद करता है.



# डायबिटीज के मरीज हैं तो रोजे के समय रखें इन बातों का ध्यान



डॉ मनीषा घई
सीनियर कंसल्टेंट डाइटीशियन

**रमजान का पाक महीना चल रहा है. इस महीने में मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा रखते हैं. डायबिटीज के मरीजों के लिए रोजा रखना थोड़ा मुश्किल होता है. ब्लड शुगर बढ़ने की आशंका बनी रहती है. ऐसे में कुछ खास बातों का ध्यान रखकर रोजे के दौरान ब्लड शुगर लेवल को मेंटेन रखा जा सकता है. आइए जाने कि डायबिटीज के मरीजों को रोजे के दौरान किन-किन बातों का ख्याल रखना चाहिए.**

- रमजान के दौरान डायबिटीज के मरीज अगर रोजे रख रहे हैं तो शुरुआत से पहले ब्लड शुगर की जांच जरूर करें. ब्लड शुगर के अनुसार ही अपनी डाइट तय करें.
- अगर मरीज का शुगर 70 से कम हो या 300 से अधिक पहुंच जाए तो उसे तुरंत रोजा खोल लेना चाहिए.
- डायबिटीज के मरीजों को इफ्तार और सेहरी के वक्त मीठा जूस या एनर्जी का सेवन करने से बचना चाहिए.
- इफ्तार या सेहरी में हाई कार्बोहाइड्रेट युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन नहीं करें.
- सेहरी में फाइबर से भरपूर चीज खाएं. इससे बॉडी में दिन भर एनर्जी बनी रहेगी. अचानक से शुगर स्पीक भी नहीं होगा.
- सुबह जल्दी उठना, पांच समय नमाज, इफ्तार के दौरान मिलना–मिलाना...इन दिनों इन वजहों से स्लीपिंग पैटर्न बिगड़ जाता है. डायबिटीज के मरीज नींद पूरा लेना बेहद जरूरी है, अन्यथा ब्लड ग्लूकोज लेवल बढ़ जाता है.
- डायबिटीज की कोई नियमित दवा ले रहे हैं तो इसे छोड़े नहीं. सेहरी और इफ्तार के दौरान इसे जरूर लें.
- रमजान के महीने में एक्सरसाइज, योगा आदि नहीं छोड़ें.
- सेहरी और इफ्तार के वक्त खुद को ठीक से हाइड्रेट करें. कम पानी से भी ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है. नींबू पानी, छाछ, नारियल का पानी, खरबूजे, कम चीनी वाले ताजे फलों का रस आदि पर्याप्त मात्रा में लें.
- कई बार इफ्तार के वक्त जरुरत से अधिक खा लेते हैं. इससे ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है.





संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## आईपीएल 2024 : राजस्थान रॉयल्स व दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला आज, ऋषभ पंत पर रहेंगी नजरें

# सत्र की पहली जीत दर्ज करने उतरेगी दिल्ली की टीम

भाषा । जयपुर

दिल्ली कैपिटल्स गुरुवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल सत्र की पहली जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा तो सभी की नजरें कप्तान ऋषभ पंत पर टिकी होंगी. जबकि टीम को बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी. गंभीर कार दुर्घटना के कारण 453 दिन बाहर रहने के बाद पंत पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर में उनके नए घरेलू मैदान पर वापसी करते हुए सिर्फ 13 गेंद (18 रन) टिक पाए थे. पंत ने हालांकि विकेट के पीछे प्रभावित किया और जितेश शर्मा को स्टंप भी किया. अपने पहले मैच की शुरुआती घबराहट से उबरने के बाद पंत जल्द ही लय हासिल करने को बेताब होंगे क्योंकि उन्हें ट्रेंट बोल्ट, रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल जैसे अनुभवी गेंदबाजों का सामना करना है. मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने पहले मैच में डेविड वार्नर और मिशेल मार्श से पारी का आगाज कराने का विकल्प चुना था, जिससे कि यह जोड़ी पर्याप्त रन बनाकर मध्य क्रम में पंत के ऊपर से दबाव कम कर दे. ये दोनों हालांकि अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे और दबाव पंत पर आ गया. विकेटकीपर बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने हालांकि नाबाद 32 रन की तेजतर्रार पारी खेली, जिससे दिल्ली की टीम एक समय सात विकेट पर 138 रन बनाकर मुश्किल में घिरी होने के बावजूद नौ विकेट पर 174 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा करने में सफल रही. पोरेल का इस्तेमाल 'इंपेक्ट प्लेयर' के रूप में किया गया था, जिससे दिल्ली के पास एक गेंदबाज कम हो गया। समस्या उस समय और बढ़ गई जब इशांत शर्मा का टखना मुड़ गया. इस तेज गेंदबाज के कुछ मैचों से बाहर रहने की संभावना है.



### मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा

**टीमें**

**राजस्थान रॉयल्स**
संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, प्रसिद्ध कृष्णा, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान.

**दिल्ली कैपिटल्स**
ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश धुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्तवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा और शाई होप.

### कुलदीप व अक्षर की जोड़ी से होगी उम्मीदें

कुलदीप यादव और अक्षर पटेल की स्पिन जोड़ी से भी टीम को काफी उम्मीद होंगी. पिछले मैच में सवाई मानसिंह स्टेडियम की सूखी पिच पर राजस्थान रॉयल्स की जोस बटलर और यशस्वी जायसवाल की सलामी जोड़ी को लखनऊ सुपर जाइंट्स के गेंदबाजों के खिलाफ परेशानी का सामना करना पड़ा था. संजू सैमसन के नाबाद 82 रन की बदौलत हालांकि रॉयल्स की टीम 20 रन से जीत दर्ज करने में सफल रही. लगातार पांचवीं बार रॉयल्स के सत्र के पहले मैच में अर्धशतक जड़कर सैमसन ने आगामी टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में अपना दावा पेश किया है.



## मियामी ओपन : भारतीय दिग्गज रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार का प्रदर्शन शानदार

# बोपन्ना व एबडेन की जोड़ी सेमीफाइनल में


भाषा । मियामी गार्डन्स

भारत के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने मियामी ओपन के सेमीफाइनल में जगह पक्की की. बोपन्ना व एबडेन की जोड़ी ने नीदरलैंड के सेम वर्बीक और ऑस्ट्रेलिया के जॉन-पैट्रिक स्मिथ को हराकर साल के तीसरे पुरुष युगल सेमीफाइनल में जगह बनाई. इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीतने वाले बोपन्ना और एबडेन ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए 3-6 7-6 10-7 से जीत दर्ज की. दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी 44 साल के बोपन्ना को इस जीत से एटीपी युगल रैंकिंग में शीर्ष 10 में रहने और जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने में मदद मिलेगी. पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने की रैंकिंग पर विचार करने की कट ऑफ तारीख 10 जून है. बोपन्ना और एबडेन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने पहले सेट में काफी सहज गलतियां की लेकिन दूसरे सेट में अहम लम्हों पर अंक जीकर इसे जीता और मुकाबले को टाईब्रेकर में खींचा तथा फिर जीत दर्ज की. सेमीफाइनल में बोपन्ना और एबडेन की भिड़ंत स्पेन के मार्सेल ग्रेनोलर्स और अर्जेन्टीना के होरासियो जेबालोस तथा ब्रिटेन के लॉयड ग्लासपूल और नीदरलैंड के जीन जूलियन रोजर के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगी.



- पहली सेट गंवाने के बाद बोपन्ना-एबडेन ने की वापसी
- 3-6, 7-5, 10-7 से जीती बोपन्ना व एबडेन की जोड़ी

### दानिल मेदवेदेव व कार्लोस अल्कारेज क्वार्टर फाइनल में



▪ अलकारेज ने मुसेटी को 6-3, 6-3 से हराया

गत चैपियन दानिल मेदवेदेव ने अपने करियर का 350वां मुकाबला जीतते हुए डोमीनिक कोफर को सीधे सेट में हराकर मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लगातार चौथे साल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई. मेदवेदेव ने कोफर को मंगलवार को हुए मुकाबले में 7-6, 6-0 से हराया. शीर्ष वरीय कार्लोस अल्कारेज ने भी 23वें वरीय लोरेंजो मुसेटी के खिलाफ 6-3, 6-3 की आसान जीत के साथ अंतिम आठ में प्रवेश किया. क्वार्टर फाइनल में अल्कारेज की भिड़ंत 11वें वरीय ग्रिगोर दिमित्रोव से होगी. आठवें वरीय दिमित्रोव ने ह्युबर्ट हुरकाज को 3-6, 6-3, 7-6 से हराया. मेदवेदेव अंतिम आठ के मकाबले में 22वें वरीय निकोलस जैरी के खिलाफ उतरेंगे, जिन्होंने 22वें वरीय कास्पर रूड को सीधे सेट में 7-6, 6-3 से हराया.



▪ 350वां मैच जीता अपने करियर का मेदवेदेव ने

# शमी की भरपाई करना मुश्किल: मोहित

भाषा । चेन्नई

गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज मोहित शर्मा ने गत आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ यहां 63 रन की हार के बाद स्वीकार किया कि मोहम्मद शमी जैसे गेंदबाज की भरपाई करना काफी मुश्किल है. भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज शमी टखने की सर्जरी से उबर रहे हैं और आईपीएल से बाहर हो गए हैं. उनके बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला के साथ वापसी करने की उम्मीद है. वह इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की घरेलू श्रृंखला में भी नहीं खेल पाए थे. शमी जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले टी20 विश्व कप में भी नहीं खेल पाएंगे. मोहित ने कहा कि किसी भी टीम को शमी जैसे गेंदबाज की कमी खलेगी और आप उनकी भरपाई किसी अन्य खिलाड़ी से नहीं कर सकते. लेकिन चोट पर किसी का नियंत्रण नहीं है और आपको यह देखना होगा कि इसके साथ कैसे आगे बढ़ना है. उन्होंने कहा कि जहां तक गुजरात टाइटंस की बात है, स्पेंसर (जॉनसन) और अजमतुल्लाह (उमरजई) का यह पहला साल है. उन्होंने अब तक काफी क्रिकेट नहीं खेला है इसलिए हमें उनके साथ धैर्य रखना चाहिए और नतीजों पर बहुत अधिक ध्यान नहीं देना चाहिए. सुपरकिंग्स ने छह विकेट पर 206 रन का विशाल स्कोर बनाया जिसमें सलामी बल्लेबाजों रुतुराज गायकवाड़ (46) और रचिन रविंद्र (46) तथा शिवम दुबे (51) की अहम भूमिका रही. टाइटंस के गेंदबाजों ने काफी रन लुटाए जिसमें उमेश यादव ने दो ओवर में 27 रन दिए जबकि अफगानिस्तान के दिग्गज स्पिनर राशिद खान ने चार ओवर में 49 रन खर्च किए.



**खास बातें**

- मोहित ने कहा - शमी जैसे गेंदबाज की कमी खलेगी
- टखने की सर्जरी के कारण आईपीएल से बाहर हैं शमी

# उरुग्वे के क्लब कोलोन एफसी से जुड़े बिजय छेत्री

भाषा । चेन्नई



भारतीय डिफेंडर बिजय छेत्री इस साल के अंत तक उधार पर उरुग्वे के फुटबॉल क्लब कोलोन एफसी से जुड़ गए हैं. उनके इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लब चेन्नईयिन एफसी ने बुधवार को यह जानकारी दी. छेत्री इस तरह किसी लेटिन अमेरिकी क्लब से अनुबंध करने वाले पहले भारतीय फुटबॉलर बने. कोलोन क्लब मोंटेवीडियो में स्थित है. क्लब सेगुंडा डिविजन पेशेवर (दूसरा डिविजन) में खेलता है और अभी ग्रुप बी लीग तालिका में तीसरे स्थान पर चल रहा है. छेत्री ने कहा कि मैं अपने पेशेवर करियर में नई चुनौती का यह अवसर पाकर बहुत रोमांचित महसूस कर रहा हूं. मुझे उम्मीद है कि मैं अच्छा प्रदर्शन करूंगा और अपने खेल को बेहतर बनाऊंगा. कोलोन एफसी के भरोसे पर खरा उतरूंगा और भारतीय ध्वज को ऊंचा रखने के लिए अच्छा प्रदर्शन करूंगा.

## कोच इवानिसेविच से अलग हुए जोकोविच

लंदन । टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने 2018 से उनके कोच रहे गोरान इवानिसेविच से अलग होने का फैसला किया है. इवानिसेविच के साथ रहते हुए सर्बिया के खिलाड़ी जोकोविच ने 12 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं. जोकोविच रिकॉर्ड 24 खिताब के साथ पुरुष वर्ग में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले खिलाड़ी हैं. जोकोविच ने बुधवार को 'इंस्टाग्राम' पर लिखा कि उन्होंने 'कुछ दिन पहले से' इवानिसेविच के साथ काम करना छोड़ दिया था. जोकोविच ने लिखा कि कोर्ट पर हमारे रिश्तों में कई उतार-चढ़ाव रहे लेकिन हमारी दोस्ती हमेशा काफी मजबूत रही.

# शुभमन गिल पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

भाषा । चेन्नई

गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर यहां चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान टीम की धीमी ओवर गति के लिए बुधवार को 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया. आईपीएल के एक बयान में कहा गया कि आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए गिल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया. गिल की अगुवाई वाली टीम को टूर्नामेंट के मौजूदा सत्र में पहली हार का सामना करना पड़ा जब मंगलवार को यहां गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने उसे 63 रन से हरा दिया.पहली बार किसी आईपीएल फ्रेंचाइजी का नेतृत्व कर रहे गिल की अगुआई में टाइटंस ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपना पहला मैच छह रन से जीता था.

# हार्दिक की और अधिक हूटिंग होगी : तिवारी

भाषा । मुंबई

पूर्व भारतीय क्रिकेटर मनोज तिवारी को लगता है कि मुंबई इंडियंस एक अप्रैल को यहां जब अपना पहला घरेलू आईपीएल मैच खेलेगा तो कप्तान हार्दिक पंड्या को और अधिक हूटिंग का सामना करना पड़ सकता है.

तिवारी का हालांकि मानना है कि इस ऑलराउंडर के पास इस तरह की स्थिति से निपटने के लिए जरूरी धैर्य है. सत्र की शुरुआत से पहले मुंबई के कप्तान के रूप में रोहित शर्मा की जगह लेने वाले हार्दिक रविवार को जब अपनी पूर्व फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलने उतरे तो अहमदाबाद में प्रशंसकों ने उनकी हूटिंग की. मुंबई इंडियंस की टीम टाइटंस से छह रन से हार गई और अगले सप्ताह सोमवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपना पहला घरेलू मैच खेलेगी. तिवारी ने पीटीआई वीडियो को दिए साक्षात्कार में कहा कि आपको यह देखना होगा कि यहां मुंबई में उसका स्वागत कैसे किया जाता है. मुझे लगता है कि यहां उसकी थोड़ी अधिक हूटिंग होने वाली है क्योंकि एक प्रशंसक के रूप में, मुंबई या रोहित शर्मा के प्रशंसक के रूप में, किसी ने भी उम्मीद नहीं की थी कि कप्तानी हार्दिक को दी जाएगी.



- गुजरात के खिलाफ मैच में हुई थी हार्दिक की हूटिंग
- तिवारी ने कहा- हार्दिक पांड्या ने गजब का धैर्य दिखाया

# बाबर आजम को फिर कप्तानी सौंप सकता है पाकिस्तान

भाषा । लाहौर

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करने के लिए शान मसूद और शाहीन शाह अफरीदी की क्षमता पर भरोसा नहीं रह गया है और उसे लगता है कि पूर्व कप्तान बाबर आजम एक बार फिर टीम की कप्तानी के लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प हैं. पिछले साल भारत में एकदिवसीय विश्व कप के दौरान पाकिस्तान के ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाने के बाद बाबर ने सभी प्रारूपों में टीम की कप्तानी छोड़ दी थी. मसूद को जहां टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया तो वहीं शाहीन को टी-20 टीम का कप्तान बनाया गया. पीसीबी थिंक टैंक के सूत्रों ने कहा कि बोर्ड इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि कोई व्यावहारिक विकल्प उपलब्ध नहीं होने के कारण बाबर फिर से टीम का नेतृत्व करने के लिए सबसे अच्छा विकल्प हैं.


## क्रिकेट — आईपीएल में पहली बार बल्लेबाजी करते हुए युवा बल्लेबाज ने खेली थी प्रभावी पारी

# धौनी ने दी थी स्वाभाविक खेल खेलने की सलाह: रिज्वी

भाषा । चेन्नई

चेन्नई सुपरकिंग्स के बल्लेबाज समीर रिज्वी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ अपने पहले आईपीएल मैच में छोटी लेकिन तेज और प्रभावी पारी खेलने का श्रेय महेंद्र सिंह धौनी को दिया. उन्होंने कहा कि जब मैं बल्लेबाजी के लिए जा रहा था, तो धौनी ने उन्हें अपना स्वाभाविक खेल खेलने ही सलाह दी थी. टाइटंस के खिलाफ मंगलवार रात रिज्वी ने छह गेंद में 14 रन बनाए, जिसमें राशिद खान के खिलाफ दो छक्के भी शामिल हैं. रिज्वी ने कहा कि भैया (धोनी) ने मुझे उसी तरह खेलने को कहा जैसे मैं आम तौर पर खेलता हूं. उन्होंने कहा कि इसमें कुछ भी अलग नहीं है. कौशल समान है और यह सिर्फ मानसिकता से जुड़ा है. कभी दबाव मत लो या नर्वस मत हो और स्थिति के अनुसार खेलो. रिज्वी ने उस लम्हे को याद किया जब फ्रेंचाइजी ने आईपीएल सत्र से पहले नीलामी में उन्हें आठ करोड़ 40 लाख रुपये में खरीदा क्योंकि उन्हें लगता कि धोनी से मिलने का उनका सपना अंततः साकार होने वाला है. उन्होंने कहा कि जब मुझे सुपरकिंग्स द्वारा नीलामी के दौरान चुना गया तो मेरे लिए सबसे बड़ी खुशी यह थी कि भैया (धौनी) से मिलने का मेरा सपना पूरा हो जाएगा.

- आठ करोड़ 40 लाख में चेन्नई ने रिज्वी को खरीदा था
- रिज्वी ने गुजरात के खिलाफ छह गेंद में 14 रन बनाए थे



## 'इंपेक्ट प्लेयर' के कारण धौनी का बल्लेबाजी क्रम खिसका : हसी

चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने कहा कि 'इंपेक्ट प्लेयर' नियम ने चेन्नई के बल्लेबाजी क्रम को लंबा कर दिया है, जिससे महेंद्र सिंह धौनी इस आईपीएल में आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए आ रहे हैं. वर्ष 2023 सत्र से शुरू किया गया 'इंपेक्ट प्लेयर' नियम प्रत्येक फ्रेंचाइजी को पांच खिलाड़ियों को नामित करने की अनुमति देता है, जिनमें से एक मैच के दौरान स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में खेल सकता है. मंगलवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ सुपरकिंग्स की टीम छह विकेट पर 206 रन का विजयी स्कोर बनाने में सफल रही. हालांकि सात बल्लेबाजों के क्रीज पर उतरने के बावजूद धौनी के बल्लेबाजी के लिए आने का कोई संकेत नहीं मिलने के कारण उनके प्रशंसक थोड़े अधीर हो गए थे. हसी ने कहा कि यह निश्चित रूप से मुख्य कोच (स्टीफन) फ्लेमिंग का निर्देश है कि मुकाबले को आगे बढ़ाते रहें.

# कोच स्टिमक को हटाने की मांग

भाषा । कोलकाता

निचली रैंकिंग की अफगानिस्तान के खिलाफ 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर में भारत की 2-1 की शर्मनाक हार के बाद पूर्व फुटबॉल खिलाड़ियों ने मुख्य कोच इगोर स्टिमक को हटाने की मांग की है. भारत के करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री ने अपने 150वें मैच में 94वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागा लेकिन इसके बावजूद घरेलू टीम विश्व रैंकिंग में 158वें स्थान पर काबिज अफगानिस्तान से मंगलवार को गुवाहाटी में हार गयी. भारत के पूर्व डिफेंडर गौरमांगी सिंह का मानना है कि भारतीय ड्रेसिंग रूम में कुछ गड़बड़ है, जबकि पूर्व फॉरवर्ड दीपेंदु विश्वास ने इस शर्मनाक प्रदर्शन के लिए स्टिमक के टीम चयन की आलोचना की और उन्हें तत्काल बाहर करने की मांग की. अनुभवी सुब्रत भट्टाचार्य ने भी इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विदेशी कोचों ने कभी भारतीय टीम को गौरवान्वित नहीं किया. गौरमांगी ने कहा कि याद रखें कि ये वही खिलाड़ी हैं जिन्हें कतर के खिलाफ (विश्व कप क्वालीफायर 2022 में) ऐतिहासिक ड्रॉ के लिए प्रशंसा मिली थी. उन्होंने कहा कि पिछले साल इसी टीम ने सैफ चैंपियनशिप सहित तीन टूर्नामेंटों में जीत के साथ शानदार प्रदर्शन किया था. एक साल तक वे दमदार प्रदर्शन कर रहे थे, उन्हें सभी से तारीफ मिल रही थी. अचानक क्या हुआ? वही टीम है, वही खिलाड़ी हैं तो ऐसा क्या हुआ. अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) में भी चीजें ठीक नहीं है. अध्यक्ष कल्याण चौबे ने नवंबर में महासचिव शाजी प्रभाकरण को पद से हटा दिया.



**खास बातें**

- अफगानिस्तान से हार के बाद हटाने की मांग उठी
- आफगानिस्तान ने भारत को 2-1 से हराया था



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** सप्तम चंद्र से आय के द्वार खुलेंगे. कार्य के लिए समय अनुकूलता देगा. व्यापार के लिए स्थिति सुखद रहेगी. बहन का सहयोग मिलेगा. रिश्तों में मधुरता आएगी. जीवनसाथी का सहयोग और सांनिध्य मिलेगा.

**वृषभ** समय अच्छा है, पर मौसमी रोग से बचें. आमोद-प्रमोद का अवसर प्राप्त होगा. भागदौड़ रहेगी. स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें. यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद रहेगी. ऋण लेने से बचना चाहिए. हनुमानजी का पूजन ध्यान करें.

**मिथुन** सर्दी बुखार से स्वास्थ्य पर असर होगा. संतान के कार्य से लाभ होगा. शिक्षा में लाभ होगा.रचनात्मक प्रयास फलीभूत होंगे. पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी. रिश्तों में मधुरता आएगी. भागदौड़ रहेगी. संतान के दायित्व की पूर्ति होगी.

**कर्क** किसी से विवाद हो सकता है, पर धन की स्थिति सुखद रहेगी. गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी. संतान के दायित्व की पूर्ति होगी. भागदौड़ की स्थिति सुखद रहेगी. कोई नुकसान हो ऐसा कार्य नहीं करें. साथ ही सूर्य को अर्घ्य दें.

**सिंह** आय का अटका मामला ठीक होगा. किसी प्रकार के आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं. कोई ऐसा कार्य न करें, जिससे स्वास्थ्य एवं प्रतिष्ठा प्रभावित हो. किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा. शिवलिंग पर गंगाजल चढ़ाएं.

**कन्या** शाम में कोई पार्टी हो सकती है. पर खर्च पर नियंत्रण करें. पारिवारिक जीवन सुखमय होगा. आय होने से आर्थिक पक्ष मजबूत होगा. उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी. शासन सत्ता का सहयोग रहेगा. गणेश जी का ध्यान पूजन करें.

**तुला** कार्य होने से मानसिक संतुष्टि होगा. समय अनुकूल है. जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी. संबंधों में निकटता आएगी. गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी, लेकिन जीवनसाथी से तनाव मिल सकता है. लक्ष्मी माता को लाल फूल अर्पण करें.

**वृश्चिक** पैतृक सम्पति से लाभ होगा. आपके व्यवहार से आय और धन वृद्धि होगी. पारिवारिक जीवन सुखमय होगा. आर्थिक पक्ष मजबूत होगा. शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी. यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद रहेगी.

**धनु** पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी. किसी अपने से कोई लाभ होगा. साथ ही उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी. सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी. अपनों के सहयोग से आर्थिक पक्ष मजबूत होगा.

**मकर** कोई शुभ कार्य होने से मन खुश होगा. उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी. रिश्तों में मजबूती आएगी.आलस का त्याग करें. कार्य पर ज्यादा ध्यान दें. दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा. पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी.

**कुंभ** शासन सत्ता से सहयोग लेने में सफल होंगे.आपके अपने का विवाह सम्बंधी शुभ और सुखद समाचार मिलेगा. व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी. आर्थिक पक्ष मजबूत होगा. शनि चालीसा का पाठ और छाया दान करना चाहिए.

**मीन** किसी परिचित मित्र से सहयोग होगा. आपके अथक प्रयास से रिश्तों में मधुरता आएगी. राजनीतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी. स्वास्थ्य एवं प्रतिष्ठा के प्रति सचेत रहें. आपके मेहनत से धन आएगा. घी का दीपक विष्णु भगवान को दिखावें

## कुएं से लड़का-लड़की का शव बरामद

**मेराल।** थाना क्षेत्र के रजबन्धा गांव में बुधवार को एक कुएं से उसी गांव की एक लड़की के साथ एक लड़का का शव पुलिस ने बरामद किया है. मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है. सीडीपीओ नीरज कुमार ने बताया कि बुधवार की सुबह मेराल थाना प्रभारी को रजबन्धा गांव के एक कुएं में एक लाश होने की सूचना मिली. इससे पहले मंगलवार को कुएं के पास ही रोड पर एक अज्ञात मोटरसाइकिल बरामद किया गया था. तैरता हुआ शव को बाहर निकालने पर कुएं में एक और चप्पल मिला, शक होने पर पुनः कुएं की तलाशी ली गई तो पानी के अंदर दूसरा शव बरामद किया गया. हत्या या आत्महत्या के सवाल पर उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम तथा जांच के बाद ही मामले का खुलासा हो पाएगा. कुएं में एक साथ एक लड़का और एक लड़की का शव मिलने की सूचना पर एसपी दीपक कुमार पांडेय ने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर जाएजा लिया तथा ग्रामीणों से पूछताछ करने के बाद पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया. इस संबंध में मृतक की बहन चिन्ता देवी पति मुखला विश्वकर्मा ने मेराल थाना में आवेदन देकर कहा है कि मृतका के परिजनों द्वारा मेरे भाई की हत्या की गई है.

## शादी करने पहुंचे प्रेमी जोड़े को घरवालों ने पकड़ा

**धनबाद।** धनबाद के विनोद नगर में एक मंदिर में शादी करने पहुंचे प्रेमी-प्रेमिका को घरवालों ने रंगेहाथ पकड़ा, जिसके बाद जमकर हंगामा हुआ. दोनों पक्ष एक-दूसरे पर आरोप लगाने लगे, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और प्रेमी जोड़े को थाना ले गई. प्रेमिका का कहना है कि उसने धनसार के रहनेवाले प्रेमी लल्लू सिंह से पिछले साल सितंबर माह में ही कोर्ट मैरिज कर लिया है और दोनों मंदिर में शादी करने जा रहे थे.इसके बाद प्रेमिका परिवार वाले शादी का विरोध करने लगे. माता-पिता का कहना है कि अगर वह लल्लू से शादी करोगी तो दोनों की हत्या कर देंगे. जबकि वह प्रेमी के साथ रहना चाहती है. वहीं दूसरी ओर युवक लल्लू सिंह का भी कहना है कि वह युवती से तीन साल से प्यार करता है और वह उसे अपने साथ रखना चाहता है, लेकिन लड़की के घरवाले विरोध कर रहे हैं. पुलिस का कहना है कि लड़की गर्भवती है. वहीं लड़की के घरवाले का कहना है कि लड़की नाबालिग है.





### शुभम संदेश और लगातार.इन की पहल : पहली बार वोट कर रहे, क्या सोच रहे हैं युवा वोटर

# रोजगार की व्यवस्था हो, महंगाई कम करने की भी जरूरत

लोकसभा चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है, राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों की गतिविधियां तेज होती जा रही हैं. सभी पार्टियां अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर रही हैं. जिन्हें टिकट मिला है वे खुश हैं, जिन्हें नहीं मिला वे निराश हैं. इसी निराशा में कुछ दल बदल रहे हैं और कुछ निर्दलीय चुनाव लड़ने के लिए ताल ठोंक रहे हैं. चौक-चौराहों, गली-नुक्कड़ पर चाय की चुस्कियों के बीच चुनाव पर चर्चे छिड़े हुए हैं. पूरा माहौल राजनीति का हो गया है. युवा वर्ग राजनीति में खासा दिलचस्पी दिखा रहा है. झारखंड के युवा मतदाता भी देश की तकदीर और तस्वीर बदलने के लिए लोकतंत्र के महापर्व का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. झारखंड के 22,33,738 युवा वोटर पहली बार वोट डालेंगे. राज्य के 14 लोकसभा क्षेत्रों में इन युवा वोटरों के वोट निर्णायक होंगे. युवा वोटरों की चुनाव और देश की राजनीति को लेकर क्या राय है. हमने अपने सहयोगी न्यूज पोर्टल लगातार डाट इन में युवाओं की राय मांगी थी. सैकड़ों युवाओं ने हमें अपनी राय भेजी है. युवाओं की सोच उनके नजरिए को हम दैनिक शुभम संदेश में प्रकाशित कर रहे हैं.

### बेरोजगारी की समस्या दूर करना जरूरी : ऋतु राज



अपने झारखंड की स्थिति बहुत खराब है. चारों तरफ बस हत्या, लूट, डकैती, चोरी, दुष्कर्म, गुंडागर्दी हो रही है. सड़क दुर्घटना तो रोज होती है. चिकित्सा सुविधा भी नदारद है. यहां महिलाओं के लिए एक भी स्पेशल महिला अस्पताल नहीं है. घरेलू हिंसा के मामले भी बढ़े हुए हैं. इसकी मुख्य वजह शराब है. छात्रवृत्ति भी एक बहुत बड़ी समस्या है. बेरोजगारी की भी समस्या है. इसे दूर करना होगा. इन सबमें सुधार की जरूरत है.

### कानून व्यवस्था में सुधार लाना सबसे जरूरी है : विजय कुमार



आज समाज में जो अप्रिय घटनाएं बढ़ रही हैं, वो हमारे भारतीय समाज के लिए एक चुनौती है. हर तरफ घूसखोरी और भ्रष्टाचार का प्रकोप है. समाज में आपसी सहयोग, प्रेम और भाईचारे को लेकर समस्या पैदा हो गई है. कानून व्यवस्था चरमराई हुई है. कहने को तो बहुत सारी बातें हैं, लेकिन क्या करें इसी समाज में रहते हैं और यहां की हालत देखकर दिल बहुत दुखता है. लोगों का जीवन बहुत दयनीय हो गया है.

### युवाओं के रोजगार व महंगाई के मुद्दे पर वोट डालूंगा : ब्रज मोहन दिग्गी



इस बार मैं पहली बार लोकसभा चुनाव में वोट डालूंगा. मैं आज के युवाओं के रोजगार के मुद्दे, सही बदलाव, महंगाई से छुटकारा जैसे मुद्दों पर अपना वोट डालूंगा. आज के समय में संविधान और कानून असुरक्षित है. मैं सुरक्षा को लेकर वोट करूंगा, युवाओं के स्वतंत्र आवाज के लिए वोट करूंगा. सभी वर्गों में समानता, इज्जत, आपसी भाईचारा के लिए वोट डालूंगा.

### जो राज्य व देश के लिए काम करे, उसे वोट करेंगे : भरत महतो



मेरा वोट मेरा अधिकार. हम एक स्वतंत्र भारत के स्वतंत्र नागरिक हैं. हमपर वोट देने के लिए कोई दबाव नहीं बना सकता है. हम अपना वोट अपनी इच्छा से देंगे. हमें जो प्रत्याशी सही लगेगा और जो अपने राज्य और अपने देश के लिए काम करे, उन्हें ही वोट देना चाहिए. हमें किसी के बहकावे में नहीं आना चाहिए. चुनाव में कुछ लोग चंद पैसों के लिए अपना ईमान बेच देते हैं, लेकिन मुझे कोई लालच नहीं दे सकता.

### स्वास्थ्य व शिक्षा के बेहतर सुविधा होनी चाहिए : रोहित कुमार



देश के सभी सरकारी स्कूल व अस्पताल में निजी स्कूल व अस्पताल से बेहतर सुविधा होनी चाहिए. देश के मंत्रियों के लिए उनकी विशेषता के आधार पर शैक्षणिक योग्यता निर्धारित की जानी चाहिए या फिर पूरे देश में राष्ट्रपति शासन. कृषि, खाद्य पदार्थों, दवाइयों को जीएसटी मुक्त किया जाना चाहिए. न्यूनतम मजदूरी मिलनी चाहिए. स्वास्थ्य और भरण पोषण भत्ता सहित समुचित लाभ मिलना चाहिए.

### रोजगार के लिए नीतियां बनती हैं, फेल हो जाती हैं : प्रेम कुमार



झारखंड में राजनीति से ऊपर भ्रष्टाचार है. झारखंड को बचाना है. झुकने न दूंगा जैसे सभी स्लोगन बकवास हैं. युवा पीढ़ी दर-ब-दर भटक रहा है. रोजगार के लिए नियोजन और स्थानीय नीतियां बनती है, लेकिन सब फेल हो जाता है. यहां भ्रष्टाचार चरम पर है. राज्य का निर्माण सिर्फ लूट-खसोट के लिए किया गया है. किसी भी जनप्रतिनिधि की विकास में कोई भागीदारी नहीं है. बस उन्हें वोटबैंक की चिंता रहती है.

### युवाओं के लिए रोजगार की व्यवस्था करनी होगी : राज आलम



एक ऐसा झारखंड राज्जोय बने, जो अमन का प्रदेश हो, जो जाति और धर्म के भेदभाव से परे हो. युवाओं के लिए रोजगार हो. गांव-गांव में अच्छी सुविधाओं से लैस स्कूल-कॉलेज, अस्पताल हो, राज्य में किसी के साथ कोई भेदभाव न हो. हम एक ऐसी सरकार चाहते हैं, जो सभी वर्गों और तबके के साथ न्याय करे. राज्य का विकास करे.

### देश निर्माण के मुद्दे पर वोट करना चाहिए : अरिजीत जाना



मेरा वोट विकास के मुद्दों पर ही होगा.पहली बार वोट डालूंगा. ये मेरे लिए बड़ा पल होगा. मुझे अब केंद्र की सरकार चुनने का मौका मिल रहा है. केंद्र सरकार से गांव में विकास के जरूरत है. 18 साल की आयु पूरा करने वाले हर युवा को देश के निर्माण के लिए वोट करना चाहिए.

**लोकसभा चुनाव 2024**

**कुल मतदाता**
**16,69,806**

| महिला | पुरुष |
|---|---|
| 8,17,314 | 8,52,490 |

ट्रांसजेंडर : 02

### चतरा लोस में कोई भी स्थानीय नहीं बन पाया था सांसद

# पहली बार स्थानीय नेताओं के बीच टक्कर के आसार

**प्रवीण कुमार। रांची**

1957 में चतरा लोकसभा क्षेत्र का पहला चुनाव हुआ था. इस लोकसभा से कोई स्थानीय नेता संसद नहीं पहुंच पाया है. चतरा एक जिला के रूप में 1991 में अस्तित्व में आया. इससे पहले यह क्षेत्र हजारीबाग जिले का उपभाग हुआ करता था. चतरा लोकसभा सीट के अंतर्गत चतरा, लातेहर जिले का पूरा हिस्सा और पलामू जिले का कुछ हिस्सा आता है. चतरा लोकसभा में पांच (पांकी, लातेहार, सिमरिया, मनिका और चतरा) विधानसभा सीटें आती हैं. मौजूदा दौर में सिमरिया और पांकी सीट पर भाजपा का कब्जा है, वहीं चतरा पर राजद, मनिका पर कांग्रेस और लातेहार में झामुमो का विधायक है. 2024 लोकसभा चुनाव काफी रोचक हो चुका है. भाजपा ने इस सीट से कालीचरण सिंह को मैदान में उतारा है. जानकारी के अनुसार कालीचरण समर्थकों ने स्थानीय उम्मीदवार की मांग को लेकर कैंपेन चलाया था, जिसका फायदा उन्हें मिला है. भाजपा ने सुनील सिंह का टिकट काट कर कालीचरण सिंह को उम्मीदवार बनाया. वहीं दूसरी ओर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के रूप में सत्यानंद भोक्ता चुनाव की तैयारी में जुटे हुए हैं. भोक्ता चतरा विधानसभा से विधायक और वर्तमान सरकार में मंत्री भी हैं. भोक्ता ने मंत्री रहते कोरोना काल में प्रवासी मजदूरों के लिए काफी काम किया है. अगर इंडिया गठबधन से उन्हें टिकट मिलता है, तो माना रहा है कि राज्य में इंडिया गठबंधन के सबसे मजबूत उम्मीदवार भोक्ता होंगे.

#### 1957 में हुआ पहला चुनाव

1957 में चतरा लोकसभा क्षेत्र के लिए पहला चुनाव हुआ. इस सीट से पहली सांसद विजया राजे चुनी गईं. विजया राजे छोटानागपुर संथालपरगना जनता पार्टी की उम्मीदवार थीं. उन्हें कुल 66 % वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस के चपलेंदु भट्टाचार्य को 34 % वोट मिले थे.

#### 1662 में विजया राजे दोबारा बनीं सांसद

1962 में हुए चुनाव में विजया राजे फिर से चुनाव जीतीं. विजया राजे को इस बार 62.53% वोट मिले थे. वहीं कांग्रेस के त्रिभुवन नाथ को 37.47% वोट मिले थे.

#### 1967 में विजया राजे नी जीत की हैट्रिक लगाई

1967 के चुनाव में भी चतरा लोकसभा से स्वतंत्र पार्टी की उम्मीदवार विजया राजे विजयी हुईं थीं. उन्हें इस बार 32.9 % वोट मिले थे. जबकि कांग्रेस के एसपी भवानी को 22 % वोट मिले थे.

#### 1971 में कांग्रेस की हुई जीत

1971 के लोकसभा चुनाव में चतरा लोकसभा सीट से कांग्रेस ने जीत दर्ज की. कांग्रेस के शंकर दयाल सिंह ने इस बार विजया राजे को हरा दिया. शंकर दयाल सिंह को 42.5 % वोट मिले थे, जबकि जनता पार्टी की विजया राजे को 35.8 % वोट मिले थे.

#### 1977 में लोकदल की जीत

1977 में चतरा से भारतीय लोकदल ने जीत दर्ज की. लोकदल के सुखदेव प्रसाद वर्मा को 73.2 % वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस के शंकर दयाल सिंह को 21.7 % वोट मिले थे.

#### 1980 में फिर जीती कांग्रेस

1980 के लोकसभा चुनाव में यहां से फिर कांग्रेस पार्टी ने जीत दर्ज की. कांग्रेस के रंजीत सिंह को 38.2 % वोट मिले थे, जबकि जनता पार्टी के सुखदेव प्रसाद वर्मा को 22.8 % वोट मिले थे.




#### 1984 में भी कांग्रेस जीती

1984 के लोकसभा चुनाव में भी चतरा सीट पर कांग्रेस ने कब्जा जमाया. कांग्रेस के योगेश्वर प्रसाद योगेश को 55.02 % वोट मिले थे. इस बार इंडियन कांग्रेस से सुखदेव प्रसाद वर्मा ने चुनाव लड़ा था और उन्हें 14.2 % वोट मिले थे. इंदर सिंह नामधारी भाजपा के टिकट पर यहां से चुनाव लड़े थे, उन्हें 14.1 % वोट मिले थे.

#### 1989 में जनता दल ने सीट पर किया कब्जा

1989 के लोकसभा चुनाव में जनता दल के उम्मीदवार उपेंद्र नाथ वर्मा ने 48.6 % वोट के साथ जीत कर सीट पर कब्जा जमाया था, जबकि कांग्रेस के योगेश्वर प्रसाद योगेश को 31.9 % वोट मिले थे.

#### 1991 में भी जनता दल को मिली जीत

1991 के चुनाव में भी यहां से जनता दल ने जीत हासिल की. उनके उम्मीदवार उपेंद्र नाथ वर्मा को 34.7 % वोट मिले. भारतीय जनता पार्टी को 25.3 % वोट मिले थे.

#### 1996 में पहली बार जीती भाजपा

1996 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने चतरा लोकसभा सीट पर पहली बार जीत दर्ज की. भाजपा के धीरेंद्र अग्रवाल को कुल 42 % वोट मिले थे, जबकि जनता दल को 31.5 % वोट मिले थे.

#### 1998 में फिर जीती भाजपा

1998 के लोकसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी ने यहां से जीत दर्ज की. यहां से धीरेंद्र अग्रवाल को 43.9 फीसदी, जबकि राष्ट्रीय जनता दल के नागमणि को 37.4 फीसदी वोट मिले.

#### 1999 में राजद ने चतरा में लहराया परचम

1999 के चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल के नागमणि ने चतरा लोकसभा सीट पर जीत दर्ज की. राष्ट्रीय जनता दल को कुल 51.6 % वोट मिले थे, जबकि भाजपा को 38.6 % वोट मिले थे.

#### 2004 में भी राजद से धीरेंद्र अग्रवाल ने जीती सीट

2004 के हुए लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल के धीरेंद्र अग्रवाल यहां से विजयी हुए. धीरेंद्र अग्रवाल को कुल 27.9 % वोट मिले थे, जबकि जनता दल यूनाइटेड के इंदर सिंह नामधारी को 23.6 % वोट मिले थे. वहीं भाजपा के नागमणि को 22.9 % वोट मिले थे.

#### 2009 में इंदर सिंह नामधारी हुए विजयी

2009 के लोकसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार के तौर इंदर सिंह नामधारी यहां से विजयी हुए. इंदर सिंह नामधारी को कुल 22.9 % वोट प्राप्त हुए थे, जबकि धीरज प्रसाद साहू ने कांग्रेस से चुनाव लड़ा था, उन्हें कुल 19.4 % वोट मिले थे.

#### 2014 में भाजपा की हुई जीत

2014 के लोकसभा चुनाव में चतरा लोकसभा सीट पर भाजपा के सुनील सिंह ने जीत दर्ज की. 2014 में भाजपा को कुल 41.5 फ़ीसदी वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस को 16.5 % वोट प्राप्त हुए.

#### 2019 में फिर जीते थे सुनील सिंह

2019 के लोकसभा चुनाव में फिर से भाजपा ने इस सीट पर कब्जा जमाया. भाजपा के सुनील सिंह को 57 % वोट मिले थे. वहीं कांग्रेस के मनोज कुमार यादव को 16.02 % वोट मिले थे.

## अज्ञात वाहन ने महिला को कुचला, मौत

**चांडिल।** चांडिल थाना क्षेत्र के मुखिया होटल में टाटा रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर बुधवार की शाम हुई सड़क दुर्घटना में एक महिला की मृत्यु हो गई. मृतक महिला की पहचान पुरुलिया जिला के हेरोडीह की रहने वाली मूसरिया मालाकार के रूप में किया गया है. सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही चांडिल और चौका थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन शुरू की. वहीं पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लिया.

## पुलिस को चकमा देकर चोर फरार

**मझगांव।** मझगांव थाना क्षेत्र में चोरी की आतंक पिछले एक साप्ताह से फैला हुआ है. मंगलवार देर रात ग्रामीणों ने मो. लंबु नाम के युवक को चोरी करते हुए पकड़ा, जिसके बाद ग्रामीणों ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया. इसके बाद पुलिस उसे अस्पताल प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल ले गई, इसी दौरान लंबु पुलिस को चकमा देकर भाग निकला. फिलहाल पुलिस लंबु की गिरफ्तारी के लिए जगह-

## ताला तोड़कर नकद और गहनों की चोरी

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के परसुडीह थाना अंतर्गत कीताडीह गाड़ीवान पट्टी निवासी चंदू महाली के घर चोरों ने हाथ साफ कर दिया. चोरों ने चंदू महाली के घर के एक कमरे का दरवाजा तोड़ा और कमरे में प्रवेश कर गए. कमरे में रखे अलमीरा को तोड़ उसमें रखे नकद समेत गहनों की चोरी कर फरार हो गए. बुधवार सुबह चंदू को चोरी की जानकारी हुई. उन्होंने इसकी सूचना भाजपा नेता विमल बैठा को दी. विमल बैठा चंदू के आवास पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी ली. इस संबंध में चंदू ने परसुडीह थाना में भी लिखित शिकायत की है. चंदू ने बताया कि वह मंगलवार देर रात खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया था. सुबह उठा तो उसे चोरी की जानकारी हुई. चोरों ने घर के दुसरे कमरे में लगे ताले को तोड़ा और चोरी की. चोर अपने साथ 14,800 नकद समेत लगभग 1.50 लाख के गहने अपने साथ ले गए.

**कार्यक्रम** पारसनाथ में किया जाएगा राष्ट्रीय अधिवेशन का समापन

# मारवाड़ी महिला सम्मेलन का राष्ट्रीय अधिवेशन कल से

**संवाददाता। रांची**

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के सत्र 2022- 24 का समापन सम्मेद शिखर, पारसनाथ में 29 व 30 मार्च को होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन के रूप में होगा. इस अधिवेशन की मुख्य अतिथि बहुआयामी व्यक्तित्व की स्वामी प्रभाजी होंगी. जिन्होंने चित्रकला, मूर्ति कला, साहित्य एवं सेल्फ डिफेंस की तकनीकों के प्रशिक्षण में परचम फहराने के साथ तैराकी में दुबई की अन्तरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में गत वर्ष 76 वर्ष की आयु में चार गोल्ड मेडल जीते. अधिवेशन की विशिष्ट अतिथि साहित्यकार व्यंजना आनंद 'मिथ्या' होंगी.





राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल ने कहा कि इस अधिवेशन में विगत दो वर्षों में किए गए कामों की समीक्षा के साथ उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जायेगा. आगामी सत्र की राष्ट्रीय अध्यक्ष ओडिशा की अंजू सरावगी को पदस्थापित किया जायेगा. यह सारा कार्यक्रम पारसनाथ के विशाल "गुणायतन सभागार" में होगा, जिसमें पूरे भारतवर्ष से करीब 800 महिलाएं शामिल होंगी. सभी का स्वागत हल्दीघाटी की मिट्टी का तिलक लगाकर किया जायेगा.

उन्होंने बताया कि किन्नरों द्वारा प्रसाद व आशीर्वाद भी दिये जाएंगे. विभिन्न प्रदेशों की रैली निकलेगी, जिसमें स्लोगन के साथ उस प्रदेश की संस्कृति (गोपी नृत्य रूप में) की भी झलक होगी. शाम को विभिन्न प्रदेशों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम 'वीरांगना थीम' पर प्रस्तुत किया जायेगा. सभी बहनों के आवास एवं भोजन की व्यवस्था 'सिद्धायतन भवन' में की जा रही है. अगले दिन राष्ट्रीय परिषद की बैठक होगी, जिसमें सभी पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं आगंतुक बहनें शामिल होंगी. इस खुले मंच में प्रश्नों के उत्तर दिए जायेंगे एवं संविधान में जरूरी संशोधन पर भी चर्चा होगी. राष्ट्रीय सचिव रूपा अग्रवाल ने बताया कि इस अधिवेशन में 19 राज्यों की प्रदेश अध्यक्ष , पांच अंचल प्रमुख, चार सेवा प्रकल्प प्रमुख, छह विशेष समिति प्रमुख एवं 11 पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आ रही हैं.

### उल्लेखनीय कार्य

- सीमा पर सैनिकों को राखियां भेजीं- 6,07790,
- नवजात शिशु कन्याओं की माताओं का अभिनंदन- 20,054,
- वैवाहिक संबंध तय हुए- 900,
- विवाह कराए गए- 998,
- मृत्योपरांत देहदान 24,
- मृत्योपरांत नेत्रदान 294,
- रक्तदान 9635 यूनिट,
- त्वचा दान 2, अंगदान 6,
- किन्नरों का सम्मान 2898,
- स्वरचित पुस्तकों का प्रकाशन- 20,

# हथियार व गोली के साथ तीन गिरफ्तार

**संवाददाता। गढ़वा**



गढ़वा पुलिस ने सदर थाना क्षेत्र के हूर गांव से भारी मात्रा में हथियार और गोली के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अभियुक्तों में हूर गांव निवासी शुभम पासवान, राकेश चौधरी, नवादा गांव निवासी पप्पू चौधरी का नाम शामिल है. गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से चार देसी कट्टा, तीन सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल, 315 एम एम एक्शन राइफल साथ जिंदा गोली सहित दो खोखा बरामद किया गया है. इसकी जानकारी एसपी दीपक कुमार पांडेय ने गढ़वा थाना में प्रेस वार्ता आयोजित कर दी. एसपी श्री पांडेय ने बताया कि सोमवार की सुबह गुप्त सूचना मिली कि हूर गांव निवासी शुभम पासवान के पास हथियार छुपा कर रखा हुआ है. जिसका उपयोग आगामी लोकसभा चुनाव में लोगों को डराने धमकाने के लिए किया जाने वाला है. सूचना के आधार पर गढ़वा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शुभम पासवान के बिस्तर के नीचे से एक बोरे में छुपा कर रखा गया चार देसी पिस्टल, तीन सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल, दो मैगजीन तथा सात जिंदा गोली सहित दो खोखा बरामद किया. पूछताछ के दौरान शुभम ने बताया कि यह सभी हथियार उनके मालिक सत्येंद्र चौबे का है. अन्य एक राइफल मेरे दोस्त राकेश चौधरी के घर में छुपा कर रखा गया है. गठित टीम ने छापेमारी कर राकेश चौधरी के घर से राइफल बरामद किया. उक्त दोनों ने बताया कि यह हथियार पप्पू चौधरी से सत्येंद्र चौबे के द्वारा खरीदा गया है.

जैसे ही पप्पू चौधरी की गिरफ्तारी पिछले दिन हुई थी. इसके बाद सत्येंद्र चौबे उक्त सभी हथियार को डर से हमारे यहां छुपा दिया था. उसने बताया कि 315 एम एम राइफल से सत्येंद्र चौधरी के द्वारा अपने शादी में फायरिंग किया गया था.



**पुडुचेरी ।** आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार वी. वैथिलिंगम ने बुधवार को पुडुचेरी में जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल करते हुए, साथ में कई कांग्रेसी नेतागण.



**पश्चिम त्रिपुरा ।** भाजपा उम्मीदवार बिप्लब कुमार देब ने आगामी लोस चुनाव के लिए त्रिपुरा के सीएम माणिक साहा, हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी, पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर के सामने नामांकन पत्र दाखिल किया.



**नागपुर ।** भाजपा उम्मीदवार नितिन गडकरी ने बुधवार को नागपुर में सीएम एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की उपस्थिति में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया.



**बीकानेर ।** कांग्रेस उम्मीदवार गोविंद राम मेघवाल (बीच में) बुधवार को बीकानेर में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद विजय चिन्ह दिखाते हुए.

## ब्रीफ खबरें

### मिजोरम में 43.4 लाख रुपये की हेरोइन जब्त

**आइजोल ।** मिजोरम के चंफाई जिले में 43.4 लाख कीमत की हेरोइन जब्त की गई है और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है. असम राइफल्स ने एक बयान में यह जानकारी दी. गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए असम राइफल्स तथा मिजोरम आबकारी एवं स्वापक नियंत्रण विभाग की एक संयुक्त टीम ने सोमवार को भारत-म्यांमा सीमा के नजदीक जोटे गांव में छापेमारी की और 62 ग्राम हेरोइन जब्त की. बयान में कहा गया कि इस सिलसिले में एक को गिरफ्तार किया गया है.

### 60 स्थानों पर लोकायुक्त ने की छापेमारी

**बेंगलुरु ।** भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी लोकायुक्त ने बुधवार को कर्नाटक में राज्य सरकार के 13 अधिकारियों से जुड़े 60 स्थानों पर छापेमारी की. आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी. बेंगलुरु, बिदर, रामनगर, उत्तर कन्नड, उडुपी, कोडागु, मैसूर और विजयपुरा जिलों में छापेमारी जारी है. छापेमारी की कार्रवाई में लोकायुक्त के करीब 130 अधिकारी शामिल हैं जिनमें 13 पुलिस अधीक्षक (एसपी), 12 पुलिस उपाधीक्षक (डीवाईएसपी) और 25 पुलिस निरीक्षक हैं.

### घोटाले से जुड़े मामले में ईडी ने की छापेमारी

**चंडीगढ़ ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अमरूद बागानों के मुआवजे से संबंधित कथित घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में बुधवार को पंजाब में कई स्थानों पर तलाशी ली. ईडी ने पंजाब सतर्कता ब्यूरो की उस प्राथमिकी पर संज्ञान लेने के बाद मामला दर्ज किया था जिसमें ग्रेटर मोहाली क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहित भूमि पर अमरूद बागानों के मुआवजे के रूप में जारी किए गए लगभग 137 करोड़ रुपये के गबन का आरोप लगाया गया है.

### गो तस्करी के आरोप में चार लोगों को पीटा

**जयपुर ।** राजस्थान के अलवर जिले में गो तस्करी के आरोप में चार लोगों की कथित तौर पर पिटाई करने का मामला सामने आया है. पुलिस के अनुसार घटना अलवर के खुशखेड़ा थाना इलाके में बुधवार सुबह करीब तीन बजे हुई और चारों लोग हरियाणा के रहने वाले हैं. खुशखेड़ा थानाधिकारी वीरेंद्र यादव ने कहा कि गश्ती अधिकारी को सूचना मिली कि कुछ स्थानीय लोगों ने एक पिकअप वाहन पकड़ा है जिसमें गायों की तस्करी की जा रही है.

## केंद्रीय मंत्री गडकरी ने नागपुर लोस सीट से किया नामांकन दाखिल, कहा-

# राजग सत्ता बरकरार रखेगा

**एजेंसी । नागपुर**

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को महाराष्ट्र के नागपुर लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया और विश्वास जताया कि राजग सरकार केंद्र में सत्ता में बनी रहेगी. नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले गडकरी ने शहर में एक रोड शो निकाला. इस दौरान उनके साथ उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता प्रफुल्ल पटेल मौजूद रहे. पर्चा दाखिल करने से पहले एक सभा को संबोधित करते हुए, गडकरी ने कहा, लोगों के आशीर्वाद से, राजग सरकार पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सत्ता बरकरार रखेगी. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री फडणवीस और अजित पवार के नेतृत्व में महाराष्ट्र में बड़े पैमाने पर विकास होगा. उन्होंने कहा, हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को 'विश्व गुरु' बनाना है और इसे एक खुशहाल एवं समृद्ध राष्ट्र में बदलना है.

**पीलीभीत निर्वाचन क्षेत्र**

### भाजपा उम्मीदवार जितिन प्रसाद ने भरा पर्चा



**पीलीभीत (उप्र) ।** उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद ने पीलीभीत से भाजपा के उम्मीदवार के रूप में बुधवार को नामांकन दाखिल किया. पार्टी ने प्रसाद को मौजूदा सांसद वरुण गांधी की जगह पर प्रत्याशी बनाया है. पीलीभीत के सांसद वरुण गांधी को भाजपा ने टिकट नहीं दिया है, वह बुधवार को पीलीभीत में नहीं थे, और तमाम अटकलों के बावजूद उन्होंने अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया. प्रसाद के वकील सरोज कुमार बाजपेयी ने बताया, प्रसाद ने जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष हिंदी भाषा में चार सेटों में नामांकन पत्र जमा किया है. उन्होंने अपनी कुल चल और अचल संपत्ति 15 करोड़ रुपये दिखाई है.



### कांग्रेस उम्मीदवार वैथिलिंगम ने नामांकन पत्र दाखिल किया

**पुडुचेरी ।** पुडुचेरी से मौजूदा सांसद और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष वी. वैथिलिंगम ने बुधवार को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पुडुचेरी निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. वैथिलिंगम केंद्र शासित प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हैं. उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी ए कुलोथुंगन को अपना नामांकन पत्र सौंपा. बुधवार को नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन था. उनके साथ पुडुचेरी के कांग्रेस विधायक एम. वैथियानाथन और इंडिया के घटक दलों के नेता भी मौजूद थे. पुडुचेरी के वर्तमान गृहमंत्री ए. नमस्सिवायम से 74 वर्षीय वैथिलिंगम का मुकाबला होगा. नमस्सिवायम ने सोमवार को पुडुचेरी से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था. अन्नाद्रमुक के उम्मीदवार जी. तमिजवेंधन और एनटीके की उम्मीदवार आर. मेनका ने भी उसी दिन अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था. पुडुचेरी में एक लोकसभा सीट है. राजनीतिक पर्यवेक्षकों के अनुसार, पुडुचेरी की इस एकमात्र लोकसभा सीट पर दोनों राष्ट्रीय दलों भाजपा और कांग्रेस में सीधा मुकाबला है.

## द्रमुक के दयानिधि मारन और तमिलनाडु भाजपा प्रमुख ने नामांकन पत्र दाखिल किए

**चेन्नई ।** तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के सांसद तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री दयानिधि मारन और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने राज्य में 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए. मारन ने चेन्नई मध्य सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. वह इसी सीट से सांसद है. वहीं, अन्नामलाई कोयंबटूर से चुनाव लड़ रहे हैं. उनके साथ भाजपा की महिला मोर्चा प्रमुख और विधायक वनथी श्रीनिवासन समेत अन्य लोग मौजूद थे. मारन ने अपने हलफनामे में घोषित किया है कि उनके पास 7.81 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्तियां हैं जिनमें बैंक जमा और निजी कंपनियों के शेयर शामिल हैं. उन्होंने कहा कि विरासत में मिली अचल संपत्ति का मूल्य 59,000 रुपये है. उन्होंने कहा कि उन पर और उनकी पत्नी दोनों पर सरकारी बैंकों का कोई बकाया नहीं है और



उन पर कोई देनदारी भी नहीं है. उनके खिलाफ लंबित मामलों में कथित तौर पर पात्रता से अधिक टेलीफोन सुविधाओं का उपयोग करने और बीएसएनएल तथा एमटीएनएल को 1.79 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने के आरोप में सीबीआई द्वारा दर्ज एक मुकदमा शामिल है. मारन ने कहा कि उन्हें किसी भी आपराधिक मामले में दोषी नहीं ठहराया गया है.

### राकांपा में शामिल हुए शिवाजीराव अधलराव

**पुणे ।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने शिवसेना छोड़ कर राकांपा में शामिल हुए शिवाजीराव अधलराव पाटिल को शिरूर लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है. पाटिल त्रिपक्षीय महायुति गठबंधन के उम्मीदवार होंगे. इस चुनाव में पवार ने रायगढ़ लोकसभा सीट से मौजूदा राकांपा सांसद सुनील तटकरे को फिर से पार्टी का उम्मीदवार बनाने का ऐलान भी किया. पुणे जिले की अंबेगांव तहसील के मंचर गांव में हुई पार्टी की बैठक में शिवाजीराव अधलराव पाटिल अजीत पवार के नेतृत्व वाली राकांपा में शामिल हुए थे. मंचर गांव शिरूर लोस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आता है. पवार ने कहा, मैं राकांपा में अधलराव पाटिल और अन्य नेताओं का स्वागत करता हूं. मुझे विश्वास है कि चुनाव के दौरान महायुति उम्मीदवारों को जिताने का काम करेंगे.

**शिवसेना (यूबीटी)**

## 16 प्रत्याशियों की सूची जारी

**एजेंसी । मुंबई**


उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को 16 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी कर दी, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री अनंत गीते को रायगढ़ और अरविंद सावंत को दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया गया है. पार्टी ने सभी पांचों निवर्तमान सांसदों को फिर से मैदान में उतारा है जो 2022 में संगठन के विभाजन के बाद पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे के साथ थे. इन सांसदों में अरविंद सावंत, राजन विचारे, विनायक राउत, ओमराजे निंबालकर और संजय जाधव हैं. महाराष्ट्र में सत्ता-साझेदारी समझौते को लेकर अविभाजित शिवसेना के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से अलग होने के बाद सावंत ने केंद्रीय मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था. विचारे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गृह क्षेत्र ठाणे का प्रतिनिधित्व करते हैं. शिवसेना (यूबीटी) ने छत्रपति संभाजीनगर से पार्टी के दिग्गज नेता चंद्रकांत खैरे को मैदान में उतारा है. खैरे 2019 में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के उम्मीदवार इम्तियाज जलील से हार गए थे. पार्टी ने मुंबई उत्तर-पूर्व से निवर्तमान सांसद संजय पाटिल को प्रत्याशी घोषित किया है. पाटिल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायक भी रह चुके हैं लेकिन वह बाद में शिवसेना में शामिल हो गए थे.

**हुक्का बार में छापेमारी**

## 'बिग बॉस' विजेता मुन्नवर समेत 14 लोग किए गए गिरफ्तार

**एजेंसी । मुंबई**

दक्षिण मुंबई में पुलिस की छापेमारी के दौरान हुक्का पीते हुए पाए जाने के बाद स्टैंड-अप कॉमेडियन और 'बिग बॉस - 17' के विजेता मुनव्वर फारुकी सहित 14 लोगों को हिरासत में लिया गया.



एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई पुलिस की समाज सेवा शाखा ने बोरा बाजार इलाके में स्थित एक हुक्का बार में मंगलवार रात करीब 10.30 बजे छापेमारी शुरू की जो बुधवार सुबह पांच बजे तक जारी रही.

उन्होंने बताया कि हुक्का बार में छापेमारी के दौरान स्टैंड-अप कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी और अन्य लोग वहां हुक्का पीते हुए पाए गए. हमारे पास उनके इस कृत्य का एक वीडियो भी है. जिसके बाद हमने फारुकी सहित अन्य लोगों को हिरासत में ले लिया, लेकिन बाद में उन्हें जाने दिया गया क्योंकि उनके खिलाफ लगाई गई धाराएं जमानती हैं. उन्होंने कहा कि पुलिस को सूचना मिली थी कि हुक्का बार में कुछ लोग हर्बल हुक्के की आड़ में तंबाकू वाले हुक्के पी रहे थे. अधिकारी ने कहा कि फारुकी और अन्य पर भारतीय दंड संहिता की धारा 283 और 336 के साथ सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया.

**जम्मू कश्मीर के पुंछ में विस्फोट**

### पूछताछ के लिए दो संदिग्ध हिरासत में

**पुंछ/जम्मू ।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में एक अस्पताल के पास हुए विस्फोट के सिलसिले में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है. अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी. मंगलवार देर रात पुंछ शहर में जिला अस्पताल के समीप एक धार्मिक स्थल से सटी गली में हाथ से बनी देसी विस्फोटक सामग्री से विस्फोट किया गया, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई. पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा, हमें पुंछ अस्पताल के पास एक इलाके से कम तीव्रता के विस्फोट जैसी आवाज की सूचना मिली है. विस्फोट की सही-सही प्रकृति का पता लगाने के लिए मामले की आवश्यक जांच शुरू कर दी गई है. अधिकारियों के अनुसार, पूछताछ के लिए दो संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है.

**केजरीवाल की गिरफ्तारी पर टिप्पणी का मामला**

## भारत ने अमेरिकी राजनयिक के सामने कड़ा विरोध जताया

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

भारत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिकी विदेश विभाग के एक अधिकारी की टिप्पणी को लेकर बुधवार को अमेरिका की एक वरिष्ठ राजनयिक को तलब किया और कड़ा विरोध दर्ज कराया. भारतीय विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने अमेरिकी मिशन की कार्यवाहक उप प्रमुख ग्लोरिया बर्बेना को साउथ ब्लॉक स्थित कार्यालय में तलब किया था. बैठक 30 मिनट से ज्यादा चली. अमेरिकी विदेश विभाग के एक अधिकारी ने कहा था कि वाशिंगटन मुख्यमंत्री केजरीवाल के लिए निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध



कानूनी प्रक्रिया के लिए प्रोत्साहित करता है. भारतीय विदेश मंत्रालय ने बाद में एक बयान में कहा, हम भारत में कुछ कानूनी कार्यवाही के बारे में अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता की टिप्पणियों पर कड़ी आपत्ति जताते हैं. बयान में कहा गया है, कूटनीति में, राष्ट्रों से दूसरों की संप्रभुता और आंतरिक मामलों का सम्मान करने की अपेक्षा की जाती है. मित्र लोकतंत्रों के मामले में यह जिम्मेदारी और भी अधिक है.

**पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र : पप्पू यादव को लगा तगड़ा झटका**

## राजद ने बीमा भारती को बनाया उम्मीदवार



**संवाददाता । पटना**

पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र से राजद उम्मीदवार बीमा भारती ने कहा कि वह राजद के टिकट पर पूर्णिया से चुनाव लड़ेंगी. पार्टी ने उन्हें सिंबल दे दिया है. तीन अप्रैल को वह नामांकन करेंगी. बुधवार को पूर्णिया के राजद कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस करके उन्होंने खुले मंच से इस बात की घोषणा कर दी कि वह पूर्णिया से चुनाव लड़ने जा रही हैं.

राजद सुप्रीमो लालू यादव, राबड़ी देवी ने उनके सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया और उन्हें पूर्णिया से महागठबंधन का लोकसभा प्रत्याशी बनाया है. पूर्णिया की जनता भगवान है. बीमा ने लालू से सिंबल लेते हुए तस्वीर भी शेयर की. पप्पू के पूर्णिया से चुनाव लड़ने के सवाल पर भारती ने कहा कि पप्पू यादव का मैं काफी सम्मान करती हूं. वह मेरे अभिभावक हैं. उनसे मैं अपील करती हूं कि मेरा साथ देकर मुझे चुनाव जीताने का काम करें.

**दुनिया छोड़ देंगे, पूर्णिया नहीं छोड़ेंगे : पप्पू यादव**



जन अधिकारी पार्टी का विलय करवा कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व सांसद पप्पू यादव पिछले चार महीने से पूर्णिया में चुनाव लड़ने के लिए मेहनत कर रहे हैं. जब अपनी पार्टी का उन्होंने कांग्रेस में विलय करवाया था तब उनके समर्थक पूर्णिया से चुनाव लड़ने का दावा कर रहे थे. इतना ही नहीं बीमा भारती जब राजद में शामिल हुईं और उनके पूर्णिया से चुनाव लड़ने की चर्चा हो रही थी तब उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखा था. यह पोस्ट उस वक्त खूब वायरल हुआ था. पप्पू यादव ने लिखा कि मर जाएंगे कांग्रेस नहीं छोड़ेंगे. दुनिया छोड़ देंगे, पूर्णिया नहीं छोड़ेंगे.

### महिला को निर्वस्त्र करने के मामले में चार गिरफ्तार

**इंदौर ।** मध्यप्रदेश के इंदौर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में होली के त्योहार पर 30 वर्षीय महिला को मामूली विवाद में दिनदहाड़े निर्वस्त्र करके पीटने और आम रास्ते पर घुमाने के आरोप में चार महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी. पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सुनील मेहता ने बताया कि गौतमपुरा थाना क्षेत्र के बछोड़ा गांव में सोमवार को होली के त्योहार पर चार महिलाओं ने एक महिला को उसके घर से जबरन बाहर निकालकर पीटा और सरेआम निर्वस्त्र करके अपमानित किया. उन्होंने बताया कि चारों आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया गया है. मेहता ने बताया कि उन्होंने बुधवार को गांव का दौरा किया. उन्होंने बताया कि गांव में हालात शांतिपूर्ण हैं, लेकिन अपने साथ अपमानजनक कृत्य से क्षुब्ध होकर पीड़ित महिला अपने मायके चली गई है.




**कॅरियर-काउंसिलिंग**

# बेसिक ट्रेनिंग सर्टिफिकेट कोर्स कर बना सकते हैं अपना कॅरियर

**रजनीश प्रसाद । रांची**

**बेसिक ट्रेनिंग सर्टिफिकेट कोर्स एक टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम है, जो व्यक्तियों को प्राइमरी स्कूल टीचर बनने के लिए तैयार करता है. इसे डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डीईएलईईडी) कोर्स के रूप में भी जाना जाता है. यह प्रोग्राम आम तौर पर उन व्यक्तियों द्वारा किया जाता है, जो प्राइमरी स्कूल लेवल यानी कक्षा एक से आठवीं में पढ़ाने की इच्छा रखते हैं. हीटीसी/डीईएलईईडी कोर्स शैक्षिक सिद्धांतों, टीचिंग पोस्ट्स, चाइल्ड साइकोलॉजी और प्रैक्टिकल लर्निंग अनुभव पर केंद्रित है.**




### बीटीसी कोर्स

- **टीचिंग कॅरियर:** हीटीसी कोर्स विशेष रूप से प्राइमरी स्कूल लेवल कक्षा एक से आठवीं में टीचिंग में करियर के लिए व्यक्तियों को तैयार करने के लिए डिज़ाइन किया गया है. यदि आपको शिक्षा और छोटे बच्चों के साथ काम करने का शौक है, तो यह कोर्स आपको एक प्रभावी शिक्षक बनने के लिए आवश्यक स्किल्स और नॉलेज प्रदान कर सकता है.
- **व्यावसायिक योग्यता:** कई भारतीय राज्यों में, प्राइमरी स्कूल लेवल पर पढ़ाने के इच्छुक लोगों के लिए हीटीसी या प्राथमिक शिक्षा में डिप्लोमा (डी.एल.एड) योग्यता एक अनिवार्य आवश्यकता है। कोर्स पूरा करना सरकारी और प्राइवेट प्राइमरी स्कूल्स में टीचिंग पोस्ट्स प्राप्त करने के लिए आवश्यक योग्यता को पूरा करता है।
- **स्पेसिफ़िक ट्रेनिंग:** हीटीसी कोर्स एजुकेशनल प्रिंसिपल्स, पेडागॉजी, चाइल्ड साइकोलॉजी, करिकुलम डेवलपमेंट और क्लासरूम मैनेजमेंट में स्पेशल ट्रेनिंग प्रदान करता है. यह ट्रेनिंग आपको युवा छात्रों के लिए आकर्षक और प्रभावी शिक्षण अनुभव बनाने के स्किल्स से सुसज्जित करता है.
- **नौकरी के अवसर:** देश की बड़ी आबादी के कारण भारत में योग्य प्राइमरी स्कूल्स के टीचर्स की मांग लगातार बनी हुई है. हीटीसी कोर्स पूरा करने से आपकी रोजगार क्षमता बढ़ती है और स्कूलों में टीचिंग पोस्ट्स हासिल करने की संभावना बढ़ जाती है.
- **व्यक्तिगत पूर्ति:** कई व्यक्ति टीचिंग को एक संतुष्टिदायक और पुरस्कृत प्रोफेशनल मानते हैं. ज्ञान प्रदान करके और युवा दिमागों के बौद्धिक और व्यक्तिगत विकास का पोषण करके, आप समाज में सकारात्मक योगदान दे सकते हैं.
- **प्रैक्टिकल एक्सपीरियंस:** हीटीसी कोर्स में प्रैक्टिकल टीचिंग अनुभव शामिल हैं, जो आपको वास्तविक क्लास सेटिंग्स में प्रिंसिपल कॉन्सेप्ट्स को लागू करने की अनुमति देते हैं. यह प्रैक्टिकल एक्सपीरियंस आपके टीचिंग स्किल्स को बढ़ाता है और आपको उन चुनौतियों का समाधान करने के लिए तैयार करता है जिनका सामना आमतौर पर शिक्षक करते हैं.
- **कॅरियर ग्रोथ :** हीटीसी प्रोग्राम पूरा करना शिक्षा क्षेत्र में करियर में आगे उन्नति के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है. आप शिक्षा, एजुकेशनल लीडरशिप, या टीचिंग के विशेष क्षेत्रों में हायर एजुकेशन की डिग्री हासिल कर सकते हैं.

### हीटीसी कोर्स करने के लिए टॉप भारतीय यूनिवर्सिटीज की लिस्ट

- जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली
- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू), वाराणसी
- जामिया हमदर्द, नई दिल्ली
- महात्मा गांधी विश्वविद्यालय, केरल
- राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय, महाराष्ट्र
- गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू), नई दिल्ली
- अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू), अलीगढ
- कलकत्ता विश्वविद्यालय, कोलकाता
- उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद
- एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय, मुंबई

### भारतीय यूनिवर्सिटी के लिए आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा
- फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं
- अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें
- इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें
- यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें

### हीटीसी कोर्स करने के लिए आवश्यक दस्तावेजों की लिस्ट

- सभी आधिकारिक शैक्षणिक ट्रांसक्रिप्टस और ग्रेड कार्ड
- पासपोर्ट साइज फोटो
- पासपोर्ट फोटोकॉपी
- वीजा
- अपडेट किया गया रिज्यूम
- इंग्लिश प्रोफिशिएंसी टेस्ट स्कोर
- लेटर आफ रिकमेंडेशन या एलओआर
- स्टेटमेंट ऑफ पर्पस एसओपी
- पोर्टफोलियो

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)